# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : बुधवार, 1 जुलाई, 2026 | वर्ष -01 | अंक-135 | पृष्ठ-14 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


## संक्षिप्त खबरें

### भरत तिवारी मामला
### सुप्रीम कोर्ट ने CBI जांच याचिका पर सुनवाई से किया इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में भरत भूषण तिवारी एनकाउंटर मामले से जुड़ी उइक जांच की मांग वाली याचिका पर सुनवाई को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। सर्वोच्च अदालत ने इस याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया है, जिससे मामले में फिलहाल याचिकाकताओं को राहत नहीं मिली है। याचिका में मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) से कराने की मांग की गई थी, जिसमें कथित एनकाउंटर की परिस्थितियों पर सवाल उठाए गए थे। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई से इनकार करते हुए मौजूदा कानूनी प्रक्रिया के तहत ही आगे बढ़ने का संकेत दिया है। इस फैसले के बाद मामले से जुड़े पक्षों में चर्चा तेज हो गई है। फिलहाल यह मामला अब आगे की कानूनी कार्रवाई और मौजूदा जांच प्रक्रिया पर निर्भर करता है।

### लाहौर में ट्यूशन सेंटर की छत गिरने से 14 बच्चों की मौत

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की राजधानी लाहौर में मंगलवार को एक निमार्णाधीन ट्यूशन सेंटर की छत गिरने से कम से कम 14 स्कूली बच्चों की मौत हो गई, जबकि आठ अन्य बच्चे घायल हो गए। सभी घायलों का स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी फैसल कमरान ने बताया कि हादसे के बाद राहत एवं बचाव दल ने तुरंत मौके पर पहुंचकर मलबा हटाने का अभियान शुरू किया। आशंका है कि मलबे के नीचे अब भी कुछ बच्चे फंसे हो सकते हैं। प्रारंभिक जांच के अनुसार, ट्यूशन सेंटर एक पुराने भवन में संचालित किया जा रहा था। भवन की निमार्णाधीन दूसरी मंजिल की छत अचानक ढह गई। अधिकारियों का मानना है कि घटिया निर्माण सामग्री और खराब गुणवत्ता इस हादसे का प्रमुख कारण हो सकती है।


### देशभर में आज से लागू होगा वीबी-जी राम-जी अधिनियम

**नई दिल्ली।** विकसित भारतझगारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम-जी) अधिनियम बुधवार से पूरे देश के ग्रामीण क्षेत्रों में लागू होगा। यह अधिनियम ग्रामीण रोजगार, आजीविका सुरक्षा और गांवों के सतत विकास को नई मजबूती देगा। इसके तहत पात्र ग्रामीण परिवारों के लिए रोजगार की वैधानिक गारंटी 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन कर दी गई है। अधिनियम के देशव्यापी क्रियान्वयन से पहले केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जारी वक्तव्य में कहा कि कोई भी पात्र ग्रामीण श्रमिक एक भी दिन काम से वंचित न रहे, यह सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## पीएम मोदी ने सचिवों के साथ की उच्चस्तरीय बैठक, कहा-
# विभागीय दीवारें तोड़ें, योजनाओं का असर जमीन पर दिखना चाहिए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को सेवा तीर्थ में भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के सचिवों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। इस दौरान उन्होंने सरकारी योजनाओं के लोगों के जीवन पर पड़ने वाले वास्तविक प्रभाव पर ध्यान केंद्रित करने और मंत्रालयों के बीच बेहतर समन्वय के लिए पीएम गतिशक्ति प्लेटफॉर्म के व्यापक उपयोग पर जोर दिया।

बैठक में दो प्रमुख विषयों पर चर्चा हुई। पहला, 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और ईज ऑफ लिविंग के लिए विनियमन में सुधार और अन्य सुधार', जबकि दूसरा विषय 'आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देना' था। बैठक के दौरान विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के सचिवों ने इन दोनों विषयों के अनुरूप उठाए जा रहे प्रमुख कदमों की जानकारी दी। उन्होंने प्रधानमंत्री के विजन को जमीनी स्तर पर लागू करने के प्रयासों, विभिन्न क्षेत्रों की चुनौतियों और शासन एवं सेवा वितरण को बेहतर बनाने की भविष्य की रणनीतियों पर भी चर्चा की।



**बोले-विभागीय सीमाओं से बाहर निकलकर काम करना चाहिए** : पीएम ने कहा- सभी विभागों को 'होल-ऑफ-गवर्नमेंट' दृष्टिकोण अपनाते हुए विभागीय सीमाओं (साइलो) से बाहर निकलकर काम करना चाहिए। मंत्रालयों के बीच बेहतर तालमेल और समन्वित योजना से सरकारी कामकाज अधिक प्रभावी होगा। पीएम ने गतिशक्ति प्लेटफॉर्म के व्यापक उपयोग पर भी बल दिया और कहा कि यह विभिन्न मंत्रालयों के बीच समन्वय बढ़ाने तथा बेहतर और तथ्य आधारित निर्णय लेने का प्रभावी माध्यम बन सकता है। बैठक में प्रधानमंत्री ने इस बात पर भी जोर दिया कि सरकारी योजनाओं की सफलता का आकलन केवल उनके क्रियान्वयन से नहीं, बल्कि आम नागरिकों के जीवन में आए वास्तविक बदलाव से किया जाना चाहिए।

### सरकारी कार्यों, जन-केंद्रित मामलों में ढिलाई न हो : पीएम

पीएम ने भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। बैठक में उन्होंने सचिवों को गवर्नेंस और इंप्लीमेंटेशन पर ध्यान केंद्रित रखने और यह सुनिश्चित करने की सलाह दी कि सरकारी कार्यों, खास तौर पर जन-केंद्रित पहलों में कोई ढिलाई या देरी न हो। पीएम मोदी ने इससे पहले अगले 10 वर्षों के लिए सुधार प्राथमिकताओं की रूपरेखा तैयार की थी। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार की ह्यसुधार एक्सप्रेसह्न व्यवस्थागत बदलाव लेकर आई है और नागरिकों को महत्वपूर्ण रूप से लाभ पहुंचाया है। इस दौरान वरिष्ठ अधिकारियों ने संरचनात्मक सुधारों पर अपडेट दिया। यह समीक्षा इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि केंद्र सरकार ने हाल ही में रेलवे सहित कई मंत्रालयों में '52 सप्ताह में 52 सुधार' जैसी महत्वाकांक्षी पहल शुरू की है, जिसमें इन्हें लागू करने की समय-सीमा स्पष्ट रूप से तय की गई है।

# पांडव गिरोह का सरगना संजय सिंह गिरफ्तार



**बिहार एसटीएफ ने की कार्रवाई, दो दर्जन से अधिक मामले हैं दर्ज**

**पटन (एनएसबी)।** बिहार एसटीएफ मंगलवार को बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। एसटीएफ की विशेष टीम ने पटना जिला के कुख्यात वांछित अपराधी एवं बिहार के टॉप कुख्यात अपराधियों की सूची में शामिल पांडव सेना का सरगना संजय सिंह, पिता- स्व. रमेश सिंह, ग्राम- नीमा, थाना- मसौढ़ी, जिला-पटना को पटना रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त के द्वारा बिहार एवं अन्य राज्यों में दर्जनों हत्या, रंगदारी, नरसंहार, रंगदारी के लिए हत्या, अवैध खनन, भू- माफिया जैसी विभिन्न जघन्य अपराध को अंजाम दिया गया है। साथ ही बिहटा थाना कांड संख्या 672/25 में एके 47 बरामदगी के कांड में वांछित था। वहीं संजय सिंह में खिलाफ बिहार एवं अन्य राज्यों के थानों दो दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि संजय सिंह पटना रेलवे स्टेशन के आसपास मौजूद है। सूचना मिलते ही बिहार एसटीएफ की टीम सक्रिय हुई और संबंधित स्थान पर घेराबंदी कर धर दबोचा। सूत्रों के अनुसार एसटीएफ को संजय सिंह की गतिविधियों की पहले से जानकारी मिल रही थी। इसी क्रम में उसके पटना स्टेशन पर पहुंचने की सूचना मिलने के बाद एसटीएफ ने तत्काल कार्रवाई की योजना बनाई। पुलिस टीम ने स्टेशन और आसपास के इलाके की घेराबंदी की तथा संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी। वहीं बताया जा रहा है कि संजय सिंह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ यात्रा कर रहा था। इसी दौरान पुलिस ने उसे अपने कब्जे में ले लिया। घटनाक्रम के बाद संजय सिंह की पत्नी की ओर से एक वीडियो जारी किए जाने की बात भी सामने आई है। वीडियो में उन्होंने दावा किया है कि उनके पति को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। इस वीडियो के सामने आने के बाद इस बात की चर्चा तेज हो गई। हालांकि बिहार एसटीएफ की ओर से सुबह लगभग 9.15 बजे मीडिया को जानकारी दे दी गई कि पांडव सेना का सरगना संजय सिंह, थाना- मसौढ़ी, जिला-पटना को पटना रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया गया है।

## पटना में रिश्वत लेते प्रिंसिपल गिरफ्तार

**पटना (एनएसबी)।** बड़ी खबर सामने आ रही है। दरअसल पटना में निगरानी की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है. मिली जानकारी के अनुसार पटना के संपतचक इलाके में निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने कन्या उच्च विद्यालय के प्रिंसिपल को घूस लेते गिरफ्तार किया है. बताया जा रहा है कि प्रिंसिपल को 50 हजार घूस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है. जानकारी के अनुसार प्रिंसिपल प्रमाण पत्र के बदले घुस रहे थे. वहीं इस घटना के बाद हड़कंप मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने संपतचक स्थित एक कन्या उच्च विद्यालय के प्रिंसिपल को 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है. बताया जा रहा है कि प्रिंसिपल एक प्रमाण पत्र (सर्टिफिकेट) जारी करने के बदले रिश्वत की मांग कर रहे थे. जैसे ही

**निगरानी ब्यूरो की बड़ी कार्रवाई**



शिकायत की पुष्टि हुई, निगरानी की टीम ने जाल बिछाकर उन्हें रंगे हाथ दबोच लिया.प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, प्रिंसिपल पर आरोप है कि उन्होंने एक प्रमाण पत्र जारी करने के एवज में 50 हजार रुपये की मांग की थी. शिकायत मिलने के बाद निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने पूरे मामले का सत्यापन किया और ट्रैप की कार्रवाई की।

### अयोध्या में बड़ा हादसा
## बच्ची को बचाने में 5 महिलाएं सरयू में डूबीं, तीन की हुई मौत

**अयोध्या (एजेंसी)।** यूपी के अयोध्या से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है. रौनाही थाना क्षेत्र के सनाहा गांव में नदी में नहाने के दौरान बड़ा हादसा हो गया. एक बच्ची को बचाने की कोशिश में पांच महिलाएं नदी में डूब गईं. इनमें से तीन महिलाओं की मौत हो गई है, जबकि दो की तलाश अभी भी जारी है. प्रशासन और राहत-बचाव दल लगातार सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। अयोध्या के रौनाही थाना क्षेत्र के सनाहा गांव में उस वक्त चीख-पुकार मच गई, जब नदी में नहाने के दौरान एक बच्ची गहरे पानी में चली गई. उसे बचाने के लिए महिलाएं एक-एक कर नदी में उतरीं, लेकिन तेज बहाव और गहराई की वजह से पांच महिलाएं डूब गईं.ग्रामीणों ने तत्काल बचाव अभियान चलाया और तीन महिलाओं को नदी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

# सरकार बाढ़ और सूखे से निपटने के लिए पूरी तरह मुस्तैद : उपमुख्यमंत्री

### जनसुनवाई में विजय चौधरी ने सुनीं आमजनों की समस्याएं

**पटना (एनएसबी)।** जदयू प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए आमजन एवं कार्यकताओं की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना।

प्राप्त आवेदनों के समयबद्ध एवं त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान बिहार विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी भी उपस्थित रहे। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की जनता ने जिस भरोसे के साथ




एनडीए को जनादेश दिया था, सरकार उसके अनुरूप काम कर रही है और अपने कार्यों से अपनी विश्वसनीयता को प्रमाणित किया है। विकास कार्यों को गति देने के क्रम में सीएम सम्राट चैधरी ने कल केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर राज्य के लिए कई महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं को स्वीकृति दिलाई है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बीते 20 वर्षों के शासनकाल में बिहार ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं और वर्ष 2025-30 के लिए उनके नेतृत्व में एनडीए को ऐतिहासिक जनादेश मिला है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार बाढ़ और सूखे, दोनों ही विपरीत परिस्थितियों से निपटने के लिए पूरी तरह मुस्तैद है। संभावित खतरों को देखते हुए संवेदनशील तटबंधों को पूरी तरह सुरक्षित कर लिया गया है। साथ ही प्रभावित क्षेत्रों के लिए पर्याप्त मात्रा में आवश्यक राहत सामग्रियों की उपलब्धता भी सुनिश्चित की गई है। वहीं दूसरी ओर सूखे की स्थिति में किसानों के लिए सिंचाई के पानी की व्यवस्था को लेकर भी सरकार गंभीर है।

## जनरल द्विवेदी आर्मी चीफ पद से रिटायर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जनरल उपेंद्र द्विवेदी मंगलवार को आर्मी चीफ के पद से रिटायर हो गए। रिटायरमेंट से पहले उन्होंने नई दिल्ली स्थित नेशनल वॉर मेमोरियल पर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की।द्विवेदी ने कहा- दो सालों में भारतीय सेना ने हर मोर्चे पर अपनी तैयारी, संतुलन और सतर्कता मजबूत बनाए रखी। ऑपरेशन सिंदूर इसका प्रमुख उदाहरण है।उन्होंने कहा कि आज मैं यह जिम्मेदारी जनरल धीरज सेठ को सौंप रहा हूं। वह एक अनुभवी सैनिक और सक्षम नेता हैं।

## सबरीमाला गोल्ड केस : पूर्व TDB चीफ के खिलाफ सबूत मिले

**केरल हाईकोर्ट ने SIT को नया केस दर्ज करने की मंजूरी दी**

**कोच्चि (एजेंसी)।** केरल के सबरीमाला मंदिर के गोल्ड चोरी मामले में एसआईटी ने दावा किया है कि जांच में त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड (TDB) के पूर्व अध्यक्ष पीएस प्रशांत के खिलाफ अहम सबूत मिले हैं। एसआईटी ने कहा कि उसके पास कई अधिकारियों और बोर्ड सदस्यों की भूमिका से जुड़े पर्याप्त सबूत हैं। जांच एजेंसी का कहना है कि इस मामले में आपराधिक धोखेबाजी, जालसाजी और साजिश जैसे गंभीर अपराध बनते हैं। केरल हाईकोर्ट के जस्टिस राजा विजयराघवन वी और जस्टिस केवी जयकुमार की डिवीजन बेंच ने कहा कि एसआईटी इस मामले में नया केस दर्ज कर सकती है। स्क्ळ चाहे तो 2025 की गोल्ड प्लेटिंग को लेकर अलग से नया मामला दर्ज कर सकती है। या फिर अपनी जांच निष्कर्षों को 2019 में सोने के गायब होने से जुड़े पहले से चल रहे मामले में जोड़ सकती है। हाईकोर्ट ने कहा कि कुछ अन्य अधिकारियों और पूर्व बोर्ड सदस्यों की भूमिका की जांच अभी जारी है।

## दस नए एमएलसी आज लेंगे शपथ

**पटना (एनएसबी)।** बिहार विधान परिषद के नवनिर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह आज 1 जुलाई को आयोजित होगा. शाम 4 बजे विधान परिषद के उप सभागार में सभी 10 नए एमएलसी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी। इस समारोह को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस बार शपथ ग्रहण समारोह की सबसे ज्यादा चर्चा दो नए चेहरों को लेकर है। भोजपुरी अभिनेता और गायक पवन सिंह पहली बार विधान परिषद के सदस्य बन रहे हैं।

## खगड़िया में मिड डे मील खाने से 50 स्कूली बच्चे हुए बीमार

**खगड़िया (एनएसबी)।** बिहार के खगड़िया जिले में गोगरी अनुमंडल स्थित प्राथमिक विद्यालय के 50 से अधिक बच्चे बीमार हो गए हैं। सुखदेव सुमन साह लेवा स्कूल में पढ़ने वाले इन बच्चों ने मिड डे मील का खाना खाया था। खाना खाने के बाद उनकी स्थिति बिगड़ने लगी। बताया जा रहा है कि खाने में कीड़ा मिला हुआ था। कुछ ही देर बाद बच्चों ने उल्टी करनी शुरू कर दी। उसके बाद बच्चों को आनन- फानन में अस्पताल ले जाया गया। जानकारी के



मुताबिक मिड डे मील में बना जो खाना खिलाया गया, उसमें कोई कीड़ा गिरा हुआ था। उसके खाने के बाद बच्चों की हालत बिगड़ने लगी। उसके बाद स्कूल में हड़कंप मच गया।

# मथुरा : गिट्टी से भरे ट्रेलर में जा घुसी तेज रफ्तार बस, चार की मौत, 25 लोग घायल

**मथुरा (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मथुरा में यमुना एक्सप्रेस-वे पर आज तड़के करीब साढ़े तीन बजे लखनऊ से दिल्ली जा रही एक तेज रफ्तार वोल्वो बस आगे चल रहे गिट्टी से लदे ट्रेलर में पीछे से जा घुसी। हादसे में चार यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि करीब 20 लोग घायल हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस का अगला हिस्सा ट्रेलर में घुसकर पूरी तरह पिचक गया। हादसा एक्सप्रेस-वे के माइलस्टोन 112 से 113 के बीच राया कट से करीब दो किलोमीटर पहले हुआ। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना



मिलते ही पुलिस, फायर सर्विस, एसडीआरएफ और प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचीं। स्थानीय लोगों की मदद से बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकालकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस अधीक्षक (देहात) सुरेश चंद्र रावत ने बताया कि गिट्टी से लदा ट्रेलर अपनी लेन में जा रहा था, तभी पीछे से आ रही गोला बस सर्विस की वोल्वो बस अनियंत्रित होकर ट्रेलर में जा घुसी। हादसे की सूचना सुबह 3:35 बजे कंट्रोल रूम को मिली, जिसके बाद 8 पीआरबी और 12 एंबुलेंस मौके पर भेजी गईं। घायलों को शीघ्र अस्पताल पहुंचाने के लिए ग्रीन कॉरिडोर भी बनाया गया।

# सभी जिला अस्पताल बनेंगे सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल : निशांत

### स्वास्थ्य मंत्री बोले-15 हजार सरकारी अस्पतालों में लगेगा सीसीटीवी

**पटना (एनएसबी)।** राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक और सुलभ बनाने की दिशा में बड़े स्तर पर काम कर रही है। स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने कहा कि सभी जिला अस्पतालों को चरणबद्ध तरीके से सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल और सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) को स्पेशियलिटी अस्पताल के रूप में विकसित किया जाएगा।उन्होंने यह घोषणा राजधानी के दरियापुर भट्ठी स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के उद्घाटन के दौरान की। कार्यक्रम में नगर विकास एवं आवास मंत्री नीतीश मिश्रा भी मौजूद रहे।

बिहार सरकार ने सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता बढ़ाने और अस्पतालों की कार्यप्रणाली को अधिक



जवाबदेह बनाने के लिए बड़ा फैसला लिया है। स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने घोषणा की है कि राज्य के करीब 15 हजार सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में चरणबद्ध तरीके से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। यह फैसला अस्पतालों में डॉक्टरों और कर्मचारियों की उपस्थिति, मरीजों को मिलने वाली सेवाओं और स्वास्थ्य सुविधाओं की निगरानी को मजबूत बनाने के उद्देश्य से लिया गया है। सरकार इसके लिए विशेष सॉफ्टवेयर भी तैयार करा रही है, जिससे अस्पतालों की गतिविधियों पर केंद्रीय स्तर से नजर रखी जा सकेगी। बिहार सरकार अब सरकारी अस्पतालों की निगरानी केवल हाजिरी रजिस्टर या निरीक्षण रिपोर्ट तक सीमित नहीं रखना चाहती। नई व्यवस्था के तहत अस्पतालों में लगाए जाने वाले सीसीटीवी कैमरों को डिजिटल मॉनिटरिंग सिस्टम से जोड़ा जाएगा। इससे डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की कार्यप्रणाली का वास्तविक रिकॉर्ड उपलब्ध रहेगा। स्वास्थ्य विभाग का मानना है कि इससे अस्पतालों में अनुशासन बढ़ेगा और मरीजों को समय पर चिकित्सा सेवाएं मिल सकेंगी। स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने बताया कि नई प्रणाली केवल डॉक्टर के अस्पताल आने और जाने के समय तक सीमित नहीं रहेगी। सिस्टम यह भी दर्ज करेगा कि ड्यूटी के दौरान डॉक्टर ने कितने मरीजों की जांच की, ओपीडी में कितनी देर सेवाएं दीं, आईपीडी में कितना समय दिया और यदि सर्जरी की गई तो उसका भी रिकॉर्ड उपलब्ध रहेगा। इस व्यवस्था का उद्देश्य अस्पतालों में कामकाज की वास्तविक तस्वीर सामने लाना है।

## खबरें : एक नजर में

### बढ़ी कीमतों से जनता त्राहिमाम कर रही है : तेजस्वी

**पटना / एनएसबी।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बढ़ती हुई कीमतों को लेकर सरकार पर प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि टमाटर, प्याज और आलू की कीमतों में बढ़ोतरी ने आम आदमी का जीना मुहाल कर दिया है। पेट्रोल-डीजल व एलपीजी गैस की कीमतों ने पहले ही बजट बिगाड़ रखा है और अब खाने-पीने की आवश्यक चीजों जैसे दाल, आटा, सब्जी, तेल की बढ़ी कीमतों से जनता त्राहिमाम कर रही है। आम नागरिक एनडीए संपोषित जमाखोरी, कालाबाजारी, महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के दुष्चक्र में फंसे हैं जिससे उनका दैनिक जीवन और बजट बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। वोट चोरी से बनी एनडीए सरकार की अदूरदर्शी सोच, पूंजीपरस्त नीतियों और जनविरोधी निर्णयों से जनता में भारी आक्रोश है। एनडीए नेता सरकारी संसाधनों की लूट, भ्रष्टाचार और चंदा चोरी में व्यस्त और मस्त हैं। बीजेपी सभी समस्याओं की जड़ तथा इनके झूठे, बड़बोले, अनैतिक, भ्रष्ट, जुमलेबाज नेता देशवासियों की सब परेशानियों के मूल कारण हैं।


तेजस्वी यादव।

### शिक्षक के अपहरण में चार धराए, रुपए के लेन-देन का था विवाद

**पटना / एनएसबी ।** शास्त्री नगर थाना क्षेत्र के एजी कालोनी से झारखंड के शिक्षक उपेंद्र सिंह का सोमवार को अपहरण कर लिया गया था, पुलिस ने उनको बरामद कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने संलिप्त चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पत्नी ने शास्त्रीनगर थाना में मामला दर्ज कराया था। बताया गया कि बदमाशों ने उनके पति को कब्जे में रखकर रुपए की मांग कर रहे थे। मामला संज्ञान में आने के बाद जिसके बाद पुलिस सक्रिय हुई। डीएसपी की अगुआई में बनी विशेष टीम ने त्वरित कार्रवाई कर पीडित को बरामद कर लिया। पुलिस को उपेंद्र ने बताया कि आरोपियों ने मिलने के लिए बुलाया था। जब वह घर से बाहर आए तो गाड़ी में बैठाकर उन्हें अगवा कर लिया। बताया गया है कि उपेंद्र ने कर्ज में कुछ रुपए लिए थे। जिसे वह चुका दिए थे। इसके बाद भी उन्हें धमकाया जा रहा था। डीएसपी सचिवालय टू साकेत कुमार पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर रहे हैं। उन्होंने घटना की पूरी जानकारी ली है। पूछताछ के दौरान पूरी जानकारी पुलिस को मिली। मामला लेन देन से जुड़ा है। बताया गया है कि बदमाश पीड़ित को कमजोर और बाहरी समझकर प्रताड़ित कर रहे थे, ऐसी जानकारी अभी तक कि पूछताछ में सामने आई है। डीएसपी सचिवालय 2 साकेत कुमार ने बताया कि 29 जून को शिक्षक उपेंद्र सिंह के अपहरण की शिकायत शास्त्रीनगर थाने में की गई थी। तफ्तीश के दौरान पता चला कि सासाराम कोचस के रहने वाले सोनू कुमार से उपेंद्र सिंह ने किसी काम के लिए 13 से 14 लाख रुपए लिए थे। जिसे वापस नहीं कर रहे थे। आरा से सोनू ने अपने 3 साथियों के साथ मिलकर अपहरण कर लिया। वहां से सासाराम जीटी रोड से ले जा रहे थे।

# भाजपा का बुलडोजर और एनकाउंटर राज माफिया राज से कम नहीं : दीपंकर भट्टाचार्य

**एनकाउंटर मॉडल खतरनाक है, इस पूरी अवधारणा के खिलाफ लड़ना होगा**

**का नंदकिशोर प्रसाद (जमुना जी) की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा, जुटे महागठबंधन के नेता**

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** भाकपा (माले) के वरिष्ठ नेता, पूर्व बिहार राज्य सचिव तथा लंबे समय तक पार्टी के पोलित ब्यूरो सदस्य रहे कामरेड नंदकिशोर प्रसाद (जमुना जी) की स्मृति में मंगलवार को पटना स्थित जगजीवन राम शोध संस्थान में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

सभा में भाकपा (माले) के महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य, वरिष्ठ नेता स्वदेश भट्टाचार्य, पोलित ब्यूरो सदस्य हलधर महतो, प्रभात कुमार, मीना तिवारी, वरिष्ठ नेता का. के. डी. यादव, बिहार राज्य सचिव का. कुणाल, भाकपा (माले) झारखंड राज्य सचिव मनोज भक्त, राजद के प्रधान महासचिव रणविजय साहू, विधान परिषद सदस्य शशि यादव, सांसद सुदामा प्रसाद, माकपा के वरिष्ठ नेता सर्वोदय शर्मा, बिहार महिला समाज की अध्यक्ष निवेदिता झा, फिलहाल की संपादक प्रीति सिन्हा, भाकपा के वरिष्ठ नेता रामलला सिंह तथा भाकपा (माले) के वरिष्ठ नेता बलदेव झा सहित अनेक नेता उपस्थित थे। इसके अलावा बड़ी संख्या में पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी तथा पार्टी कार्यकर्ता भी श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए।


भाकपा (माले) के महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य।

श्रद्धांजलि सभा की शुरुआत भाकपा (माले) के बिहार राज्य सचिव का. कुणाल द्वारा पार्टी की ओर से जारी श्रद्धांजलि प्रस्ताव के पाठ से हुई। उन्होंने कामरेड नंदकिशोर प्रसाद (जमुना जी) के संघर्षपूर्ण जीवन, उनके संगठनात्मक योगदान और जनपक्षधर राजनीति के प्रति उनकी आजीवन प्रतिबद्धता को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए भाकपा (माले) के महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि कमरेड जमुना जी पार्टी के शुरुआती दौर की क्रांतिकारी ऊर्जा को आगे बढ़ाने वाले नेताओं में थे। उन्होंने अत्यंत विपरीत परिस्थितियों में भी पार्टी को संघर्ष के रास्ते पर मजबूती से टिकाए रखा। आज जरूरत है कि नई पीढ़ी उनके साहस, प्रतिबद्धता और संघर्ष की विरासत को आगे बढ़ाए।

उन्होंने कहा कि आज बिहार में एनकाउंटर राज और बुलडोजर राज को बढ़ावा दिया जा रहा है। भाजपा इसे कानून-व्यवस्था का मडल बताने की कोशिश कर रही है, जबकि वास्तव में यह माफिया राज से कम नहीं है। कानून के शासन और संविधान के राज में न तो एनकाउंटर की जगह है और न ही बुलडोजर न्याय की। भरत तिवारी के एनकाउंटर को लेकर आज पूरे बिहार में सवाल उठ रहे हैं, लेकिन भाकपा (माले) हर फर्जी एनकाउंटर और हर तरह के राज्य दमन के खिलाफ लगातार लड़ती रही है और आगे भी लड़ती रहेगी। हमें इस पूरी एनकाउंटर और बुलडोजर राजनीति की अवधारणा के खिलाफ लड़ना होगा।

उन्होंने कहा कि चुनाव के समय प्रधानमंत्री चाय बेचने वालों, झालमुढ़ी बेचने वालों और छोटे-छोटे रोजगार करने वाले गरीब लोगों के साथ तस्वीरें खिंचवाते हैं, लेकिन सत्ता में आने के बाद उन्हीं मेहनतकश लोगों को उजाड़ा जा रहा है।

राजद के प्रधान महासचिव रणविजय साहू ने कामरेड नंदकिशोर प्रसाद (जमुना जी) को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनके संघर्षों और जनपक्षधर राजनीति को आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि बिहार को भाजपा की फासीवादी राजनीति से मुक्त करने के लिए लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष शक्तियों की एकजुटता को मजबूत करना होगा।

### डा. प्रो. जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता राष्ट्रीय वैश्य महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राष्ट्रीय वैश्य महासभा ने संगठन को और अधिक गतिशील एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से डा. प्रो. जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता को अपना राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया है। सोमवार को पटना स्थित केंद्रीय कार्यालय में महासभा के सभी संगठनों एवं घटकों के नेताओं ने सर्वसम्मति से उन्हें मनोनयन पत्र सौंपा। इस अवसर पर महासभा के नेताओं ने कहा कि डा. गुप्ता के चार दशक से अधिक के संगठनात्मक अनुभव और वैश्य समाज के प्रति निष्कलंक समर्पण से महासभा को नई दिशा एवं ऊर्जा मिलेगी। डा. जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता वर्तमान में भाजपा वाणिज्य प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एवं अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष के दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। इसके पूर्व वे जेडीयू व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष तथा बिहार राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य रह चुके हैं। हाल ही में सभी वैश्य संगठनों के एक मंच पर आने के बाद उन्हें सर्वसम्मति से संयुक्त मोर्चे का प्रमुख नेता भी चुना गया था। डा. गुप्ता ने कहा, राष्ट्रीय वैश्य महासभा एकता, संघर्ष, सम्मान' के मंत्र पर कार्य करती है। मेरा प्रयास रहेगा कि 56 उपजातियों में बंटे वैश्य समाज को एक सूत्र में पिरोकर शिक्षा, व्यापार सुरक्षा, युवा स्वरोजगार और राजनीतिक भागीदारी के मुद्दों पर निर्णायक पहल की जाए।


डा. जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता।

## खबरें खास-खास

# विश्व संगीत दिवस समारोह में सारण जिले के 8 कला शिक्षक आर्ट एडूकेटर अवार्ड से हुए सम्मानित

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** विश्व संगीत दिवस उत्सव सह सम्मान समारोह का आयोजन पटना के बुद्ध मार्ग स्थित म्यूजियम के सभागार में किया गया। परफर्मिंग एंड विजुअल आर्ट एडूकेटर्स ऑफ बिहार की ओर से आयोजित इस सम्मान समारोह में बिहार म्यूजियम, पटना की अहम भूमिका रही। इस एक दिवसीय उत्सव में गीत-संगीत, नृत्य, नाटक तथा जादू कला की प्रस्तुतियों के साथ-साथ कला शिक्षा की चुनौतियों पर पैनल डिस्कशन एवं कला शिक्षा पर आधारित डक्युमेंटरी फिल्म का प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बिहार संग्रहालय,पटना के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह तथा विशिष्ट अतिथि एससीईआरटी, पटना के संयुक्त निदेशक डा. सुरेन्द्र कुमार, बिहार संग्रहालय, पटना के अपर निदेशक अशोक कुमार सिन्हा, मगध महिला कॉलेज की प्रो़ नीरा चौधरी, एलएनएमयू, दरभंगा की प्रो़ लावण्या कीर्ति सिंह काव्या एवं डा. अर्चना चौधरी मौजूद थी। इस उत्सव में बिहार सरकार के शिक्षा विभाग में कार्यरत संगीत, नृत्य, ललित कला और रंगमंच विषय के 60 शिक्षकों, व्याख्यताओं और प्रधायपकों को कला शिक्षा में बेहतर योगदान के लिए आर्ट एडूकेटर अवार्ड से सम्मानित किया गया।


कला शिक्षक को सम्मानित किया गया।


कला शिक्षक को सम्मानित किया गया।

इस सम्मान समारोह में सारण जिला के कुल आठ कला शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। जिनमें गोगल सिंह इंटरस्तरीय विद्यालय,नयागांव,सोनपुर के संगीत शिक्षक देवानन्द ठाकुर,आरएन इंटर कॉलेज, परसागढ़, एकमा की संगीत शिक्षिका सरिता कुमारी, उत्क्रमित प्लस 2 विद्यालय, अनवल, जलालपुर के नृत्य शिक्षक अनिरुद्ध कुमार सिंह, उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय,शेरपुर,छपरा सदर की नृत्य शिक्षिका प्रतिभा कुमारी,राजकीय इंटर कलेज (जिला स्कूल),छपरा सदर के संगीत शिक्षक सुधाकर कश्यप,उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय,शेरपुर,छपरा सदर के संगीत शिक्षक राजन कुमार,एसपीजी सीनियर सेकेंडरी स्कूल,दाउदपुर,मांझी के नृत्य शिक्षक अमित कुमार एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,नवादा चौनवा, एकमा की संगीत शिक्षिका सोनम मिश्रा का नाम शामिल है। गौरतलब है कि परफर्मिंग एंड विजुअल आर्ट एडूकेटर्स ऑफ बिहार बिहार सरकार के शिक्षा विभाग के अंतर्गत कार्यरत संगीत, नृत्य एवं ललित कला के शिक्षकों, व्याख्याताओं और प्राध्यापकों का एक अत्यंत सक्रिय और अकादमिक समूह है। वर्तमान में इस समूह से राज्य भर के एक हजार से अधिक कला-शिक्षक एवं शिक्षाविद जुड़े हुए हैं।यह समूह बिहार में कला शिक्षा के उत्थान, लोक कलाओं के संरक्षण और शिक्षाविदों के व्यक्तिगत व व्यावसायिक विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। कार्यक्रम का संयोजन परफर्मिंग एंड विजुअल आर्ट एडूकेटर्स ऑफ बिहार के फाउंडर डा ज़ैनेन्द्र दोस्त, राजीव रंजन, उदय कुमार पंडित तथा डा़ विशाल भूषण यादव ने संयुक्त रूप से किया।

# परिचारी प्रवर के पद पर अलंकृत किए गए पुलिस अधिकारी

**पटना / एनएसबी।** मंगलवार को पटना में आयोजित गरिमामय पिपिंग सेरेमनी के दौरान बिहार पुलिस के प्रारक्ष अवर निरीक्षक (परिचारी) पद पर कार्यरत अधिकारियों को पदोन्नति प्रदान करते हुए प्रारक्ष निरीक्षक (परिचारी प्रवर) के पद पर अलंकृत किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा नवपदोन्नत अधिकारियों के कंधों पर नई रैंक के बैज लगाकर उन्हें पदोन्नति की शुभकामनाएँ दी गईं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। समारोह में पुलिस महानिरीक्षक जितेंद्र सिंह राणा, वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) एवं पुलिस अधीक्षक (यातायात), पुलिस अधीक्षक (प्रशासन), पटना की गरिमामयी उपस्थिति रही। उपस्थित अधिकारियों ने नवपदोन्नत अधिकारियों को बधाई देते हुए उनसे अनुशासन, निष्ठा, समर्पण एवं उत्कृष्ट सेवा भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए आमजन की सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने का आह्वान किया। यह पदोन्नति उनके उत्ष्ट कार्य, कर्तव्यपरायणता एवं समर्पण का सम्मान है तथा बिहार पुलिस के प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मी के लिए प्रेरणास्रोत है। पटना पुलिस परिवार की ओर से सभी नवपदोन्नत प्रारक्ष निरीक्षक (परिचारी प्रवर) को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ।


गौरव का क्षण : पिपिंग सेरेमनी का गरिमामय आयोजन।

### गरीबों, वंचितों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाना निशांत कुमार का लक्ष्य : जद (यू)

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** जद (यू) प्रदेश प्रवक्ता हिमराज राम एवं प्रदेश प्रवक्ता परिमल कुमार ने संयुक्त बयान जारी करते हुए कहा कि स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार द्वारा पटना के दरियापुर भट्ठी में शहर के सबसे बड़े और आधुनिक शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन करना केवल एक नई स्वास्थ्य सुविधा का शुभारंभ नहीं, बल्कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े गरीब, वंचित एवं जरूरतमंद लोगों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की बिहार सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण है। उनकी यह पहल सराहनीय है और इसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। दरियापुर भट्ठी, सब्जीबाग और आसपास का क्षेत्र अत्यधिक सघन आबादी वाला इलाका है, जहां बड़ी संख्या में गरीब, अल्पसंख्यक एवं अति पिछड़ा समुदाय के लोग रहते हैं। लंबे समय से इस क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने इस आवश्यकता को प्राथमिकता देते हुए यहां अत्याधुनिक शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना सुनिश्चित की। इस स्वास्थ्य केंद्र में मात्र दो रुपये के पंजीकरण शुल्क पर मरीज क्यूआर कोड के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण कर डाक्टरी सलाह प्राप्त कर सकेंगे। यहां 42 प्रकार की जांच पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध होगी तथा आवश्यकता के अनुसार लगभग 150 प्रकार की दवाएं भी मुफ्त दी जाएंगी।


हिमराज राम।

# प्रजापति कुम्हार समाज ने राजनीतिक भागीदारी में जनसंख्या के अनुपात में प्रतिनिधित्व की उठाई मांग

**2027 विधानसभा और 2029 लोकसभा चुनाव के लिए नेतृत्व तैयार करने का अभियान शुरू, सभी प्रमुख दलों को भेजा पत्र**

**नई दिल्ली (दैनिक नवसंदेश)।** प्रजापति / कुम्हार समाज के अखिल भारतीय संगठन प्रजापति कम्युनिटी सर्विस फाउंडेशन (पीसीएसएफ) ने देश में समाज की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से सामाजिक एवं राजनीतिक सशक्तिकरण अभियान की शुरुआत की है। संगठन ने वर्ष 2027 के विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए राजनीतिक रूप से इच्छुक युवाओं के लिए नेतृत्व एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें विभिन्न राज्यों से 55 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

फाउंडेशन के अध्यक्ष राजेश प्रजापति ने कहा कि देश में प्रजापति/ कुम्हार समाज की आबादी लगभग 9 करोड़ होने के बावजूद राजनीतिक प्रतिनिधित्व उसकी जनसंख्या के अनुपात में नहीं है। इसे बदलने के लिए संगठन ने युवाओं को लोकतांत्रिक नेतृत्व के लिए तैयार करने का संकल्प लिया है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, दिल्ली सहित कई राज्यों के प्रतिभागियों को राजनीति की विभिन्न प्रक्रियाओं, संगठन निर्माण और जनप्रतिनिधित्व से जुड़े विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। संगठन का लक्ष्य वर्ष 2027 के विधानसभा चुनावों में विभिन्न राजनीतिक दलों से कम-से-कम 20 उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारने तथा वर्ष 2029 के लोकसभा चुनावों के लिए कम-से-कम 5 मजबूत उम्मीदवार तैयार करना है।



प्रजापति / कुम्हार समाज के अखिल भारतीय संगठन प्रजापति कम्युनिटी सर्विस फाउंडेशन (पीसीएसएफ) की बैठक में उपस्थित लोग।

फाउंडेशन ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (कांग्रेस) और समाजवादी पार्टी (सपा) को औपचारिक पत्र भेजकर प्रजापति समाज को उसकी जनसंख्या के अनुपात में टिकट और उचित राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने की मांग की है। इसी क्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ भी समाज के राजनीतिक सशक्तिकरण के मुद्दे पर विस्तृत चर्चा की गई।

फाउंडेशन ने बताया कि वह केवल राजनीतिक नेतृत्व निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में भी लगातार कार्य कर रहा है। संस्था विद्यार्थियों की ट्यूशन फीस सीधे शिक्षण संस्थानों में जमा कर आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को सहायता उपलब्ध कराती है। मेडिकल, पैरामेडिकल, इंजीनियरिंग, विधि, एमबीए, बीएड, स्नातकोत्तर तथा अन्य व्यावसायिक एवं उच्च शिक्षा के विद्यार्थियों को इस योजना का लाभ दिया जा रहा है।

संस्था का दीर्घकालिक लक्ष्य एक हजार विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान कर शिक्षित, आत्मनिर्भर और सशक्त समाज का निर्माण करना है। फाउंडेशन के अनुसार अब तक देश के 10 राज्यों में 50 विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक सहयोग दिया जा चुका है।

फाउंडेशन की स्थापना 18 अप्रैल 2024 को हुई थी। संस्था कंपनी अधिनियम की धारा-8 के अंतर्गत पंजीकृत एक गैर-लाभकारी संगठन है और शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक उत्थान तथा व्यावसायिक नेटवर्किंग के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है।

# चिकित्सक सेवा-भावना से करें कार्य : डा. प्रमोद चंद्रवंशी

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** चिकित्सक धरती के भगवान माने जाते हैं। उनकी सेवाओं से संसार निरामय होता है। इसीलिए चिकित्सक सदा सम्मान के पात्र हैं। प्रत्येक चिकित्सक से सेवा की भावना से उपचार-कार्य करने की अपेक्षा की जाती है । हमें विरासत में मिली हमारी प्राचीन-चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद एवं प्राचीन जीवन-पद्धति को अपनाना चाहिए । अपने विरासत पर हमें गर्व और उसकी शिक्षाओं पर आचरण करना चाहिए, जिसमें योग भी शामिल है । यह बातें, चर्चित स्वयंसेवी संस्था नई दिशा परिवार के तत्वावधान में, मंगलवार को, राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस की पूर्व संध्या पर बिहार इण्डस्ट्रीज एसोसिएसन सभागार में आयोजित संगोष्ठी-सह-सम्मान समारोह का उद्घाटन करते हुए, बिहार के कला-संस्कृति मंत्री डा. प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ने कही।

सुप्रसिद्ध चिकित्सक पद्मश्री डा गोपाल प्रसाद सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित इस समारोह का संचालन संस्था के सचिव राजेश राज ने और अतिथियों का स्वागत संस्था के मुख्य संरक्षक राजेश बल्लभ ने किया ।

समारोह के मुख्य अतिथि और बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कहा कि डा विधान चंद्र राय का जन्म पटना में हुआ था। उनका जन्म और उनकी मृत्यु एक ही दिन जुलाई को हुई थी। उनका जीवन मानव-सेवा और राष्ट्र-सेवा का अनुपम उदाहरण है। वे बंगाल के मुख्यमंत्री रहते आदर्श शासन-व्यवस्था की नीव रखी। आज महँगी हो रही अंग्रेजी चिकित्सा-सेवा पर कई प्रश्न भी उठ रहे हैं। चिकित्सा-सेवा को व्यवसाय बनने से बचाना होगा।

इस अवसर पर चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए हेल्थ एक्सलेंसी अवार्ड से पद्मश्री डा. गोपाल प्रसाद सिन्हा , डा. (प्रो) एस अद्वैत कृष्णा ,डा. दिवाकर तेजस्वी, डा. अवधेश शर्मा, डा. तर्जनी शंकर, डा. ज्योति प्रकाश ,डा. पूजा, डा. सीतेश कुमार कर्ण, डा. कुमार अभिनव ,डा. राजीव कुमार, डा. त्रिलोकी गोलवारा , डा. अनिल कुमार (नवादा), डा. आर पी सिंह (होमियोपैथ चिकित्सक), डा. आर. के. गुप्ता , डा. कौशल कुमार , डा. अभिनव सिंह , डा. सुधीर शर्मा, डा. आनंद शंकर , डा. मयंक अस्मित, डा. विकाश कुमार को हेल्थ एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया । स्वाथ्य जागरुकता में उल्लेखनीय योगदान के लिए हेल्थ अवेयरनेस अवार्ड अभिषेक कुमार , अमित कुमार , अभिषेक श्रीवास्तव , कुमार पंकज सिन्हा, मनोज कुमार, मो़ वासिम अंसारी ,मुकेश कुमार वर्मा , मोहित कुमार, शैल सिंह ,धीरेन्द्र गुप्ता ,प्रेम कुमार को हेल्थ अवेयरनेस अवार्ड प्रदान किया गया।

इस अवसर पर सिक्किम के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद, महापौर सीता साहू, उप महापौर रेशमी चन्द्रवंशी, कमल नयन श्रीवास्तव ने राष्ट्र के - निर्माण में चिकित्सकों की भूमिका विषयक अपने विचार व्यक्त किए और कहा कि चिकित्सक राष्ट्र और समान के सजग प्रहरी हैं। अपने अध्यक्षीय भाषण मे खयातिनाम चिकित्सक पद्मश्री गोपाल प्रसाद सिन्हा ने डा. विधान चंद्र रय को नमन किया और कहा की पूरा राष्ट्र उनकी स्मृति में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाता है ।

समारोह मे सांस्कृतिक कार्यक्रम में उजाला राज और प्रियांशी आर्य ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया । समारोह को सफल करने मे उज्जवल राज, ऋतू राज, परितोष कुमार, नागेन्द्र पंडित, सुरज कुमार, युवराज, कौशल कुमार, सोनी प्रिया, पिंकी शर्मा, संजना आर्य आदि की सक्रिय भूमिका रही । धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ समाज सेवी शिव प्रसाद मोदी ने दिया ।



संगोष्ठी-सह-सम्मान समारोह का उद्घाटन करते हुए बिहार के कला-संस्कृति मंत्री डा. प्रमोद कुमार चंद्रवंशी, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डा अनिल सुलभ व अन्य गणमान्य लोग।

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के विस्तार के लिए सरकार प्रयासरत : शिक्षा मंत्री

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा है कि मेधावी छात्र-छात्राओं की उपलब्धियां समाज और राष्ट्र के लिए प्रेरणास्रोत हैं। विद्यार्थियों की सफलता केवल उनके व्यक्तिगत परिश्रम का परिणाम नहीं होती, बल्कि इसमें माता-पिता, शिक्षकों और विद्यालय का भी महत्वपूर्ण योगदान होता है। ऐसे प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान अन्य छात्रों को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के विस्तार और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयासरत है।

शिक्षा मंत्री मंगलवार को राजधानी के मरचा-मरची रोड स्थित सरस्वती विद्या मंदिर सैनिक स्कूल में आयोजित मेधावी छात्र अभिनंदन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। विद्या भारती, दक्षिण बिहार के तत्वावधान में आयोजित समारोह में सरस्वती शिशु मंदिरों के उन मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने सीबीएसई बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, परिवार और प्रदेश का गौरव बढ़ाया है।

शिक्षा मंत्री ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने का माध्यम नहीं है। यह व्यक्तित्व निर्माण, संस्कार और राष्ट्र निर्माण का आधार भी है। विद्यार्थियों को अपने ज्ञान, कौशल और मूल्यों के बल पर समाज के विकास में योगदान देना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से निरंतर अध्ययन, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

समारोह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र कार्यवाह डा. मोहन सिंह, प्रांत प्रचारक उमेश रंजन, सीबीएसई के क्षेत्रीय अधिकारी गोपाल लाल यादव, विद्या भारती के प्रदेश मंत्री प्रो. नरेन्द्र कुमार सिंह के अलावा विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों, अभिभावकों एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चि प्रदान कर सम्मानित किया गया। इससे पहले भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।


सरस्वती विद्या मंदिर सैनिक स्कूल में मेधावी छात्र अभिनंदन समारोह।

# कला एवं संस्कृति विभाग में नवनियुक्त अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित

**मंत्री डा. प्रमोद कुमार ने नवनियुक्त अधिकारियों को सौंपा नियुक्ति पत्र**

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार सरकार में नवचयनित सहायक संग्रहालयाध्यक्ष, शोध एवं प्रकाशन पदाधिकारी तथा सहायक निदेशक के पद पर चयनित अधिकारियों को मंत्री, कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार सरकार डा. प्रमोद कुमार द्वारा नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर कला एवं संस्कृति विभाग के सचिव प्रणव कुमार, भाप्रसे निदेशक, सांस्कृतिक कार्य निदेशालय श्रीमती रूबी, भाप्रसे निदेशक, संग्रहालय निदेशालय, कृष्ण कुमार, भाप्रसे सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री डा प्रमोद कुमार ने सभी नवनियुक्त अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बिहार की समृद्ध कला, संस्कृति एवं ऐतिहासिक विरासत के संरक्षण, संवर्धन और प्रचार-प्रसार की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी अब उनके कंधों पर है। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं उत्तरदायित्व के साथ कार्य करते हुए विभाग की योजनाओं एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि बिहार की सांस्कृतिक धरोहर केवल राज्य की पहचान नहीं, बल्कि देश की अमूल्य विरासत है। संग्रहालयों, स्मारकों और सांसतिक संस्थानों को नई ऊर्जा एवं नवाचार के साथ आगे बढ़ाने में युवा अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नवनियुक्त अधिकारी अपने कार्यो के माध्यम से विभाग की योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाएंगे तथा बिहार की सांसतिक पहचान को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में योगदान देंगे। विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार निम्नलिखित अधिकारियों को राज्य के विभिन्न संग्रहालयों एवं सांस्कृतिक संस्थानों में पदस्थापित किया गया है - श्री शानु आनंद बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय सह स्मृति स्तूप, वैशाली, श्री सुजीत तिवारी रामचंद्र शाही संग्रहालय, मुजफ्फरपुर । श्री अमित रंजन गया संग्रहालय, गया। श्रीमती सुधा सिंह सीताराम उपाध्याय संग्रहालय , बक्सर. बाबू वीर कुंवर सिह ,स्मृति संग्रहालय, जगदीशपुर, डा. सुमन कुमारी नारद संग्रहालय, नवादा।, श्रीमती दीपा चौहान छपरा संग्रहालय, श्री रवि कान्त कुमार चंद्रधारी संग्रहालय, दरभंगा, श्री दिलीप कुमार लखीसराय संग्रहालय, श्रीमती रीता कुमारी बेगूसराय संग्रहालय, बेगूसराय। मंत्री ने कहा कि विभाग की प्राथमिकता बिहार की समृद्ध सांसतिक विरासत का संरक्षण, संवर्धन एवं व्यापक प्रचार-प्रसार है। उन्होंने नवनियुक्त अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे अपने कार्यो के माध्यम से संग्रहालयों को अधिक जनोन्मुखी, ज्ञानवर्धक एवं आकर्षक बनाने के साथ-साथ नई पीढ़ी को राज्य की गौरवशाली सांसतिक धरोहर से जोड़ने का कार्य करेंगे।


मंत्री, कला एवं संस्कृति विभाग डा. प्रमोद कुमार के साथ चयनित अधिकारी।

## संक्षिप्त खबरें

### शोकाकुल परिवारों से मिले स्थानीय विधायक ईश्वर मंडल

**दरभंगा (एनएसबी)।** ग्रामीण विधायक सह जदयू जिलाध्यक्ष राजेश कुमार उर्फ ईश्वर मंडल ने सदर प्रखंड के मुरिया पंचायत वार्ड संख्या-03 निवासी स्वर्गीय लक्ष्मण सहनी के जीवछ नदी में डूबने से हुए आकस्मिक निधन तथा बलहा ग्राम निवासी गणेश राय एवं कविता देवी के सुपुत्र स्व चंदन कुमार के नदी में डूबने से हुए दुःखद निधन पर उनके-अपने आवास पहुंचकर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की और अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं।विधायक श्री मंडल ने दोनों परिवारों को इस असहनीय दुःख की घड़ी में ढांढस बंधाते हुए कहा कि किसी प्रियजन की असामयिक मृत्यु की भरपाई संभव नहीं है, लेकिन इस कठिन समय में सरकार एवं जनप्रतिनिधि पूरी संवेदनशीलता के साथ पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हैं। उन्होंने अंचलाधिकारी के माध्यम से सरकार द्वारा स्वीकृत 4 लाख की अनुग्रह अनुदान राशि का चेक दोनों पीड़ित परिवारों को उपलब्ध कराया।

### जनकवि बाबा नागार्जुन की जयंती पर उनके विचारों और लेखनी की प्रासंगिकता पर हुई चर्चा



**दरभंगा (एनएसबी)।** अखिल भारतीय मिथिला संघ, दरभंगा के तत्वावधान में समाजसेवी प्रियंका झा की अध्यक्षता में जनकवि वैद्यनाथ मिश्र 'यात्री' बाबा नागार्जुन की जयंती स्थानीय सितायन सभागार में श्रद्धा एवं गरिमा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित अतिथियों एवं सदस्यों द्वारा बाबा नागार्जुन के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित करने के साथ हुआ। अध्यक्षीय संबोधन में समाजसेवी प्रियंका झा ने कहा कि बाबा नागार्जुन केवल एक महान साहित्यकार ही नहीं, बल्कि जन-जन के कवि थे। युवा नेता दीपक झा, संचालन संघ के प्रवक्ता रौशन कुमार झा ने किया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता दिनेश गंगानी, पंकज ठाकुर, उपेन्द्र शर्मा, मोहम्मद जियाउर रहमान, क्रांति सिंह, गिरीश झा, राधवेंद्र झा, ब्रजधर कुँवर, सिंटू, समर झा, बिट्टू झा, गोविंद महतो, विष्णु राम सहित संघ के दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

### ई बद्री पूर्वे के पुत्र राजाराम पूर्वे का के तिलकोत्सव समारोह हुआ भव्य



**दरभंगा (एनएसबी)।** दरभंगा शहर के एन एच 27,बासुदेवपुर,बद्रीनगर निवासी श्री राम चरित्र कंस्ट्रक्शन, श्री लक्ष्मी इंटरप्राइजेज, श्री बद्री ट्रेडिंग कंपनी, श्री लक्ष्मी बैंक्वेट एंड होटल,बद्री एस्टेट्स प्रा लि एवं वीणा वाटिका अपार्टमेंट के प्रोपराइटर, मधुबनी लोकसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी व समाजसेवी ई बद्री कुमार पूर्वे एवं सविता रानी पूर्वे के पुत्र राजाराम पूर्वे का तिलकोत्सव समारोह उनके आवासीय परिसर बद्री नगर में सोमवार की शाम से देर रात्रि तक बहुत ही धूमधाम एवं भव्य रूप से मनाया गया। इस मौके पर सैंकड़ों गणमान्य लोगों के साथ-साथ हजारों लोगों ने उपस्थित होकर वर राजाराम पूर्वे को आशीर्वाद दिया और तिलक समारोह की शोभा बढाई। तिलकोत्सव के अवसर पर पूरे बद्री नगर को बड़े ही भव्य और आकर्षक रूप से सजाया गया था।

### दो गांव के लोगों के बीच विवाद मे भिड़ंत, दर्जनों जख्मी ,28 नामजद , तीन गिरफ्तार

**जाले(एनएसबी)।** कमतौल थानाध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी ने कमतौल थाना कांड संख्या 159/26 दर्ज होते ही कांड के कुल 28 नामजद एवं 60 अज्ञात के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई करते हुए बग्गा गांव निवासी मो0 असगर एवं केवटी निवासी मो फैज वो मो0 रिजवान को गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है ।ज्ञात हो कि मुहर्रम जुलूस के दौरान क्षेत्र के बग्गा एवं त्रिमुहान गांव के एक ही समुदाय के कुछ युवक खेल खेल में एक दूसरे की लाठी से जख्मी हो गए थे ।इस मुद्दे को लेकर रविवार की शाम दोनों गांवों के लोग त्रिमुहान मदरसा में बैठक की इस दौरान आरोप- प्रत्यारोप में विवाद हो गया फिर दोनों गांव के युवकों के बीच हिंसक झड़प हो गई ,जिसमें दोनों गांव से दर्जनों लोग जख्मी हो गए ।घटना की सूचना मिलते ही सदर 2 कमतौल के डीएसपी शुभेंद्र कुमार सुमन के नेतृत्व में कमतौल पुलिस निरीक्षक रामेश्वर साफी ,पुलिस निरीक्षक सह कमतौल थानाध्यक्ष दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर स्थिति को नियंत्रण में किया और स्थानीय चौकीदार के बयान पर बग्गा गांव के चौदह, त्रिमुहान गांव के बारह एवं केवटी थाना क्षेत्र के खिरमा पथरा गांव के दो नामजद और 50-60 अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई प्रारंभ कर दी। जिसमें तीन की गिरफ्तारी हो गई है, पुलिस कार्रवाई के बाद दोनों गांव के नामचीन युवक अपने अपने गांव से फरार हो गए हैं।

### चाकूबाजी के दौरान हत्या मामले के नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

**बेनीपुर (एनएसबी)।** मोतीपुर गांव में हुई चाकूबाजी घटना के नामजद अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार। मंगलवार को बहेड़ा थाना परिसर में घटना के संबंध में प्रेस को जानकारी देते हुए एसडीपीओ बासुकीनाथ झा ने बताया कि विगत 25 जून को बहेड़ा थाना क्षेत्र के मोतीपुर गांव में पानी के बोतल का पैसा मांग ने को लेकर चाचा -भतीजा में विवाद उत्पन्न हुआ जिसमें एक लड़का धर्मवीर कुमार उर्फ गोलू कि चाकु मारकर हत्या कर देने तथा दुसरा व्यक्ति चंदन कुमार को चाकू से गंभीर रूप से घायल कर देने के घटना हुई थी ।घायल चंदन कुमार का ईलाज पीएमसीएच पटना में चल रहा है। घटना के गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बेनीपुर के नेतृत्व में एक एस आई टी का गठन किया गया। टीम ने 29 जून को गुप्त सूचना के आधार पर उक्त कांड के नामजद अभियुक्त प्रमोद साहु को पाली चौक से गिरफ्तार किया गया। मंगलवार को सुबह में नाबालिग प्रभाष कुमार को भी गिरफ्तार किया गया। ज्ञात हो कि उक्त घटना को लेकर मृतक के माँ पवित्री देवी के लिखित आवेदन के आधार पर ललिता देवी,प्रमोद साहु,प्रभाष कुमार एंव संतोष साहु के विरुद्ध बहेड़ा थाना में एफ आई आर दर्ज कर तत्क्षण ललिता देवी को गिरफ्तार किया गया।और उसके स्वीकारोक्ति वयान के आधार पर घटना में प्रयुक्त हथियार को बरामद किया गया है। छापामारी दल में थानाध्यक्ष पंकज कुमार,अपर थानाध्यक्ष नरेन्द्र कुमार,पुअनि अनुराधा कुमारी,प्र पुअनि विक्की कुमार,दीपक कुमार शामिल थे।

### मैट्रिक और इंटर में 400 से अधिक अंक प्राप्त करने वाले परीक्षार्थी सम्मानित



**हायाघाट (एनएसबी)।** मंगलवार को प्लस 2 परियोजना बालिका उच्च विद्यालय,आनंदपुर के प्रांगण में हीरा देवी-बाबू प्रसाद चौधरी मेमोरियल फाउंडेशन के द्वारा मेधावी छात्रा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया` फाउंडेशन के संस्थापक जानकी नंदन चौधरी बाबा भूतनाथ के द्वारा इंटरमीडिएट एवं मैट्रीक परीक्षा में 400 से ज्यादा अंक लाने वाली सभी छात्राओं को पाग और चुनरी से सम्मानित कर 1000 नगद राशी प्रोत्साहन के रूप में दिया गया` पुरस्कृत छात्राओं में निकहत खातून (462 अंक), अनिषा कुमारी (430 अंक), शिवानी कुमारी (412 अंक), लक्ष्मी कुमारी (402 अंक), सानिया कुमारी (416 अंक) शामिल है विधालय के छात्राओं के बीच कॉपी एवं कलम का वितरण भी किया गया` कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पं. अरूण कुमार झा (पूर्व प्राचार्य) ने अपने संबोधन में बाबा भूतनाथ के द्वारा किए जा रहे विभिन्न तरह के समाजिक तथा धार्मिक कार्यों का सराहना किया! रंजीत भगत ने अपने व्यक्तत्व से छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कार्यक्रम का सराहना किया ! इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विधालय प्राचार्या पुष्पा कुमारी ने किया` अंत में सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए राजाराम मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापित किया` मौके पर मनीष सिंह, उदय पासवान, मुरली मनोहर चौधरी, खुर्शीद आलम, पुष्पा कुमारी, मेधानंद झा, सावित्री नंदन चौधरी, अभिभावक गण, विधालय परिवार के शिक्षक-शिक्षिका तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# विश्वविद्यालय पंचांग का हुआ विमोचन, 30 जुलाई से होगा व्यवहृत

**इस बार ज्यादा दिनों तक बजेगी शहनाई, राजा शनि तो मंत्री होंगे मंगल**



पंचांग का विमोचन करते कुलपति प्रो. लक्ष्मीनिवास पांडेय।

**दरभंगा(एनएसबी)।** मंगलवार को उत्सवी माहौल में कुलपति प्रो. लक्ष्मीनिवास पांडेय की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय पंचांग वर्ष 2026-27 का विमोचन कर दिया गया। मौके पर कई विद्वान भी उपस्थित थे। अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित विमोचन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कुलपति ने कहा कि यह पंचांग सिर्फ मुहूर्त व शुभ दिन देखने के लिए नही है बल्कि यह विश्वविद्यालय की स्मिता व पहचान है। यहां के विद्वान विशेषज्ञों द्वारा कठिन मेहनत कर इसे तैयार किया गया है। ये सभी धन्यवाद के पात्र हैं। वहीं शोध व प्रकाशन प्रभारी प्रो0 दिलीप कुमार झा ने कहा कि विश्वविद्यालय पंचांग के जनक महरूम कुलपति प्रो0 रामकरण शर्मा थे। उन्हीं के संरक्षण में पहली बार 1977-78 में इसका प्रकाशन शुरू हुआ था। यह सिलसिला अनवरत जारी है। आज हर्ष का विषय है कि पंचांग का 49वां अंक हमलोगों के हाथों में है।

**30 जुलाई,26 से व्यवहृत होगा पंचांग**

विश्वविद्यालय के पीआरओ डॉ निशिकांत ने बताया कि 30 जून,26 को विमोचित चिर प्रतीक्षित विश्वविद्यालय पंचांग 2026-27 साल 1434 विक्रम सम्वत 2079-80 आगामी 30 जुलाई से 18 जुलाई,27 तक व्यवहृत होगा। पंचांग के बाजार में आने से अब सम्पूर्ण मिथिला समेत अन्य प्रदेशवासी शुभ मुहूर्त व तिथि को मांगलिक कार्यों का बखूबी सम्पादन करेंगे। पर्व-त्योहारों व व्रतों के साथ पूजा-पाठ को सही तिथि व समय पर सम्पादित करेंगे। इस बार शनि राजा तो मंगल मंत्री बने हैं। बताया गया कि विश्वविद्यालय पंचांग पूर्णतः स्कंध ज्योतिष शास्त्र के सिद्धांतों एवं मकरन्द गणित पर आधारित है। इसमें तिथि व मुहूर्त का निर्धारण मूलतः मैथिल धर्मशास्त्रों के सम्मत है। इस बार पिछले वर्ष 45 की तुलना में 18 दिन ज्यादा विवाह की तिथि निर्धारित है।

**इस बार 63 दिन बजेंगी विवाह पर शहनाई**

पीआरओ डॉ निशिकांत के अनुसार वर्ष 2026-27 में विवाह के कुल 63 दिन शुभ बताए गए हैं। 22 नवम्बर 2026 से विवाह के दिन शुरू होंगे जो 09 जुलाई 2027 तक चलेंगे।

**शुभ विवाह की तिथि इस प्रकार हैं**

नवंबर 2026 में 22, 25, 26, 30,
दिसंबर 2026 में 04, 06, 09, 10, 11, 14,
जनवरी 2027 में 18, 24, 28, 29, 31,
फरवरी 2027 में 07, 10, 11, 15, 21, 22, 24, 25, 28,
मार्च 2027 में 01, 03, 04, 10, 11,
अप्रैल 2027 में 10, 21, 23, 25, 28, 29
मई 2027 में 02, 03, 07, 09, 13, 17, 20, 21, 23, 24, 26, 27, 30, 31
जून 2027 में 02, 04, 09, 10, 13, 14, 18, 23, 24,
जुलाई 2027 में 01, 02, 07, 08, 09

**द्विरागमन के 27 दिन**

नवंबर 2026 में 22, 25, 26, 29, दिसंबर में 09, 10, 11, 13, 14, फरवरी 2027 में 15, 17, 18, 19, 22, 24, 25, मार्च में 10, 11, अप्रैल में 18, 19, 21, 23, 25, 26, मई में 9,10,12,

**मुंडन के कुल 22 दिन**

नवंबर 2026 में 26,
दिसंबर 2026 में 14,
जनवरी 2027 में 20, 27,
फरवरी 2027 में 08, 11, 18, 19, 22, 25,
मार्च 2027 में 10, 11,
मई 2027 में 12, 17, 21,
जून 2027 में 07, 14, 21, 23, 24,
जुलाई 2027 में 05, 12

**उपनयन के कुल 14 दिन**

फरवरी 2027 में 09, 11, 16, 17 ,
मार्च 2027 में 17, 18,
अप्रैल 2027 में 11,
मई 2027 में 10,
जून 2027 में 07, 09, 13, 14,
जुलाई 2027 में 06, 08

**गृह प्रवेश के लिए 18 दिन**

अक्टूबर 2026: 24,
नवंबर 2026: 14, 19, 20, 21,
दिसंबर 2026: 14,
जनवरी 2027: 18, 20
फरवरी 2027: 15, 17, 18, 19,
मई 2027: 10, 12, 17,
जून 2027: 14,
जुलाई 2027: 09, 10,

**गृहारंभ के 19 दिन**

अक्टूबर 2026: 24, 26, 30,
नवंबर 2026: 20, 21, 26, 28,
जनवरी 2027: 22,
फरवरी 2027: 19, 22, 25,
अप्रैल 2027: 23,
मई 2027: 17, 20, 22,
जून 2027: 14, 21, 23, 24,

**देवादिप्रतिष्ठा के 18 दिन**

जनवरी 2027 में 20, 22, फरवरी में 08, 11, 18, 19, मार्च में 10, 11, अप्रैल में 18, मई में 09, 12, 17, जून में 06, 07, 13, 14, जुलाई में 05 और 09

**कुछ प्रमुख पर्व एवं त्योहार**

रक्षाबंधन 28 अगस्त 2026, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी 04 सितंबर 2026, विजयादशमी 21 अक्टूबर 2026, दीपावली 08 नवंबर 2026, छठ पूजा 16 नवंबर 2026, मकर संक्रांति 15 जनवरी 2027, वसंत पंचमी / सरस्वती पूजा फरवरी 2027, महाशिवरात्रि 06 मार्च 2027, होली 22 मार्च 2027,रामनवमी 15 अप्रैल 2027

**विशेष धार्मिक आयोजन की तिथि**

पीआरओ डॉ निशिकांत ने बताया कि इस बार सिमरिया कल्पवास 18 अक्टूबर से 17 नवंबर 2026 तक चलेगा। वहीं, प्रयाग कल्पवास 15 जनवरी 2027 से 13 फरवरी 2027 तक रहेगा। मिथिलांचल की सौराठ सभा (गाछी) का आयोजन 01 जुलाई 2027 से 09 जुलाई 2027 तक होगा।

# अकाल से आपातकाल तक बाबा की रचनाएं केवल कविता नहीं, जन आंदोलन थीं: प्रो. विनय कुमार चौधरी

**बेनीपुर में हर्षोल्लास से मनाई गई जनकवि बाबा नागार्जुन की जयंती**



तरौनी में जयंती समारोह मे विधायक प्रो.विनय कुमार चौधरी एवं अन्य।

**बेनीपुर (एनएसबी)।** कला संस्कृति विभाग, बिहार सरकार के तत्वावधान में मंगलवार को जनकवि बाबा नागार्जुन के पैतृक गांव तरौनी में जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह का आरंभ बाबा के स्मारक पर माल्यार्पण और जीवन चरित्र पर परिचर्चा से हुआ। दूसरे सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम, काव्य पाठ और पुरस्कार वितरण हुए।

मुख्य अतिथि बेनीपुर विधायक सह विधानसभा के सत्तारूढ़ गठबंधन के सचेतक प्रो. विनय कुमार चौधरी ने बाबा को नमन करते हुए युवाओं को मैथिली और मिथिला के लिए आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने बाबा की उक्ति "नवतुरिया आगा आबू" का उल्लेख करते हुए कहा कि मिथिला से जो सम्मान नहीं मिला, वह देश विदेश में नागार्जुन के नाम से मिला। उनकी हर रचना कालजयी है और प्रेरणा देती रहेगी। प्रो. चौधरी ने बताया कि 1966 के अकाल से 1975 के आपातकाल तक बाबा की रचनाएं केवल कविता नहीं, जन आंदोलन थीं। उन्होंने कहा कि बैजनाथ मिश्र 'यात्री' के नाम से लिखी बलचनमा, नवतुरिया, विलाप जैसी रचनाएं मैथिली में प्रसिद्ध हुईं। बौद्ध धर्म अपनाने के बाद नागार्जुन नाम से वे विश्व विख्यात हुए। उनके प्रयास से 2022 में नीतीश सरकार ने जयंती को राजकीय समारोह का दर्जा दिया। मौके पर स्कूली बच्चों की काव्य और चित्रांकन प्रतियोगिता हुई। एसडीओ मनीष झा, एसडीपीओ बासुकीनाथ झा समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# तीन वर्ष के अंदर एम्स निर्माण करने का प्रधानमंत्री की घोषणा क्यों नहीं हुई पूरी

**दरभंगा एम्स बनाओ अभियान, नागरिक समाज ने शुरू किया जन सत्याग्रह**



**दरभंगा (एनएसबी)।** दरभंगा एम्स बनाओ अभियान, नागरिक समाज, दरभंगा 29-30 जून 2026 को धरना स्थल, पोलो मैदान, लहेरियासराय में दरभंगा एम्स निर्माण में हो रहे विलम्ब के खिलाफ दो दिवसीय जन - सत्याग्रह का आयोजन किया गया। दरभंगा एम्स निर्माण की घोषणा भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चुनाव से पूर्व जन दबाव के लिए किया और बहादुरपुर अंचल के बलिया मौजा में शिलान्यास करते हुए 13 नवंबर,2024 को घोषणा किया गया कि तीन वर्ष के अन्दर दरभंगा की जनता को इलाज हेतु दरभंगा एम्स में इलाज हेतु एम्स मिलेगा। शिलान्यास के बीस महीने बीत जाने के बाद मात्र गेट एवं चार सौ मीटर चहारदीवारी का निर्माण किया गया है।अब लोग प्रधानमंत्री के जुमलों में एक दरभंगा एम्स भी जुमला समझने लगे हैं। अभी तक भवन निर्माण एवं स्थल विकास का टेंडर तक नहीं किया गया है जो सरकार के एम्स निर्माण की साज़िश को दशार्ता है इसके बिरूद दरभंगा के नागरिक को दरभंगा एम्स पाने के लिए सड़क पर संघर्ष में उतरना पड़ेगा ।जन सत्याग्रह उसी का कड़ी है।जन-सतयागह को नागरिक समाज के संयोजक उमेश राय, भाकपा के जिला सचिव नारायण जी झा, भाकपा माले के जिला सचिव बैद्यनाथ यादव, माकपा के जिला सचिव मंडल सदस्य दिलीप भगत , शिव प्रसाद यादव,सुभाष पासवान, रामबृक्ष यादव,प्रो राहत अली, राजीव चौधरी, बीरेंद्र यादव,गोपाल ठाकुर,प्रेम चन्द्र उर्फ भोलू यादव,प्रो बिनोद साह, सत्य नारायण पासवान, आदि वक्ताओं ने भी दरभंगा एम्स बनाओ अभियान के लिए संघर्ष को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया।

# सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक चंदेश्वर यादव का सम्मानपूर्ण विदाई



**तारडीह (एनएसबी)।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय, खलीलाबाद ककोढ़ा के प्रधानाध्यापक चंदेश्वर यादव के सेवानिवृत्त होने के अवसर पर विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह एवं भावभीनी विदाई का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कैथवार के प्रधानाध्यापक नवीन ठाकुर ने किया, जबकि अध्यक्षता कमरूल होदा ने की।समारोह में मंचासीन अतिथियों में उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बहादुरपुर के सेवानिवृत्त शिक्षक श्‍ रत्नेश्वर सिंह, +2 उच्च माध्यमिक विद्यालय, बहादुरपुर के सेवानिवृत्त शिक्षक ललित यादव, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बहादुरपुर के प्रभारी प्रधानाध्यापक दीपक सिंह, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, राजाखड़वार के प्रभारी प्रधानाध्यापक चंदेश्वर राम, +2 उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजाखड़वार के मनीष कुमार, तारडीह के प्रधानाध्यापक संतोष ठाकुर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, राजाखड़वार के शिक्षक प्रवीण कुमार, शिक्षक श्रवण साहू, +2 उच्च माध्यमिक विद्यालय, बहादुरपुर के शिक्षक तपेश्वर सहित अनेक शिक्षक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।इस अवसर पर चंदेश्वर यादव की धर्मपत्नी अनु प्रिया, जो एमपीटी झंझारपुर में शिक्षिका हैं, उनकी डॉक्टर पुत्री एवं इंजीनियर पुत्र भी समारोह में उपस्थित रहे। विद्यालय के सभी शिक्षक, बड़ी संख्या में ग्रामीण, अभिभावक एवं छात्र-छात्राओं ने अपने प्रिय प्रधानाध्यापक को भावभीनी विदाई दी।

## आज लक्ष्मीसागर उप केंद्र से निकलने वाली सदर फीडर की बिजली रहेगी बाधित

**दरभंगा(एनएसबी)।** दिनांक 01 जुलाई,2026 को आर सी डी डिपार्टमेंट द्वारा लक्ष्मीसागर में 11केवी तार बदलने का कार्य किया जाएगा, जिस कारण 33/11 के वी विद्युत शक्ति उपकेंद्र लक्ष्मीसागर से निकलने वाली 11 केवी सदर फीडर सुबह साढ़े सात बजे से सुबह 10 बजे तक बंद रहेगा। सदर फीडर का ज्ञान भारती स्कूल से जम्फर खोल कर काम किया जाएगा । प्रभावित होने वाले क्षेत्रः- पासवान चौक, सदर थाना, धरमपुर इंडस्ट्रियल एरिया, चक्कर चौक, अंबेडकर चौक, मिथिला कॉलोनी, रेलवे कॉलोनी, मथुरापुर ,पोसनपुरा, जे पी चौक पेप्सी एजेंसी, ज्ञान भारती, कबीरचक, इंजीनियरिंग गैस गोदाम, गांधीनगर, कटरहिया, भेलूचक, सदर ब्लॉक आदि क्षेत्र शामिल हैं।

## तीन दिवसीय 54वां मिथिला विभूति पर्व समारोह 22 नवंबर से



**दरभंगा (एनएसबी)।** तीन दिवसीय 54 वां मिथिला विभूति पर्व समारोह 22 नवंबर से होगा। आयोजन की रूपरेखा तय करने के लिए सोमवार की देर शाम विद्यापति सेवा संस्थान की आम सभा संस्थान के प्रधान कार्यालय परिसर में हुई। संस्थान के अध्यक्ष सह कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो शशिनाथ झा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में हर वर्ष की भांति इस साल भी कवि कोकिल विद्यापति के निर्वाण दिवस कार्तिक धवल त्रयोदशी तिथि तदनुसार 22 नवंबर से तीन दिवसीय समारोह आयोजित करने का निर्णय लेते हुए आयोजन को लेकर विभिन्न समितियों का गठन किया गया। समारोह का मुख्य संरक्षक ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी को बनाया गया। जबकि मिथिला के सामाजिक, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संरक्षण एवं संवर्द्धन को समर्पित इस गौरवशाली आयोजन के संरक्षक मंडल में कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो लक्ष्मी निवास पांडेय, डा दिलीप कुमार झा, एमएलएसएम कालेज के पूर्व प्रधानाचार्य डा विद्यानाथ झा सहित डा अयोध्या नाथ झा को मनोनीत किया गया। आयोजन समिति के विगत साल की समिति को सर्वसम्मति से आंशिक संशोधन के साथ इस साल भी कायम रखते हुए इसकी सलाहकार समिति का अध्यक्ष पं कमला कांत झा, स्वागताध्यक्ष युवा समाजसेवी मन्नू चौधरी, उपाध्यक्ष डा महानंद ठाकुर एवं स्वागत महासचिव प्रो. जीवकांत मिश्र बनाये गये।

# दरभंगा एयरपोर्ट पर बनने वाले फ्लाईओभर इंटरचेंज का सांसद ने किया निरीक्षण

**एनएच तथा एयरपोर्ट के अधिकारी रहे मौजूद**



निरीक्षण करते सांसद डॉक्टर गोपाल जी ठाकुर।

**दरभंगा (एनएसबी)।** एयरपोर्ट के नए सिविल एन्क्लेव को बेहतर सड़क संपर्क देने के लिए एनएच 27 पर सबा पांच सौ करोड़ की लागत से लगभग 4.18 किलोमीटर में बनने वाले फोरलेन सड़क एप्रोच तथा 4500 स्क्वायर फिट में प्रस्तावित फ्लाईओभार ट्रम्पेट इंटरचेंज के स्थल का स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने एनएच के अधिकारयों के साथ निरीक्षण किया तथा इसके शीघ्र निर्माण का निर्देश दिया।मंगलवार को सांसद डा ठाकुर ने एनएच मुजफ्फरपुर के प्रोजेक्ट डायरेक्टर आशुतोष कुमार सहायक अभियंता बिजेंद्र कुमार एयरपोर्ट के डायरेक्टर डा दिलीप कुमार सहित एक दर्जन से अधिक अधिकारयों एवं अभियंताओं के साथ एनएच 27 से एयरपोर्ट के टर्निमल भवन तक बनने वाले फ्लाईओभर ट्रप्टेड इंटरचेंज के संबंध में विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक सुझाव दिए। सांसद डा ठाकुर ने बताया कि 4.18 किलोमीटर के एप्रोच रोड में लिए जमीन अधिग्रहण के लिए अनुमानित राशि 440करोड़ तथा 4500 स्क्वायर फिट के फ्लाईओभार के लिए 76.15 करोड़ के भेजे गए प्रस्ताव को मंत्रालय के द्वारा शीघ्र ही स्वीकृति मिलेगी तथा उससे संबंधित सभी औपचारिकताओं को पूरा कर लिया जायेगा। सांसद डा ठाकुर ने एनएच 27 से एयरपोर्ट तक बनने वाला यह फ्लाईउभर भारी ट्रैफिक के बीच भी चारों ओर से आने जाने वाले वाहनों को सुरक्षित तथा आसानी से आबागमन की सुविधा उपलब्ध कराएगा। सांसद डा ठाकुर ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय मानक के अनुसार बनने वाले इस फ्लाई ओभर में भारी स्तर पर ट्रैफिक होने के मद्देनजर इस पहुंच पथ और फ्लाई ओभर का प्रारूप को तैयार कर मंत्रालय को स्वीकृति के लिए भेजी गई है जिसकि शीघ्र ही सभी औपचारिकताये सम्पन्न कर ली जाएगी। सांसद डा ठाकुर ने बताया कि एनएच 27 के किनारे दरभंगा एयरपोर्ट का नया टर्मिनल भवन बनाया जा रहा है तथा इसे अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के रूप में विकसित किया जा रहा है। ऐसे में यहां अधिक ट्रैफिक होने की संभावना है। इसे देखते हुए केंद्र सरकार ने एनएच 27 पर ट्रम्पेट इंटरचेंज के निर्माण की स्वीकृति दी थी जिसका सकारात्मक परिणाम सामने आ रहा है। एनएच 27 के किए जा रहे नवीनीकरण की धीमी प्रगति नाराजगी जताते हुए निर्माण कार्य मे तेजी लाने का निर्देश दिए। मौके पर एनएच के मुजफ्फरपुर, दरभंगा के अधिकारयों के साथ साथ एयरपोर्ट ऑथराइटी के दर्जनों अधिकारी शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### समस्तीपुर मंडल में समारोह पूर्वक किया गया समापक भुगतान, डीआरएम ने सेवानिवृत रेल कर्मियों को किया सम्मानित

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** समस्तीपुर रेल मंडल के रेल प्रबंधक ज्योति प्रकाश मिश्रा के द्वारा समापक भुगतान समारोह में माह जून 2026 में सेवानिवृत्त हुए रेलकर्मियों को समापक भुगतान प्रदान करते हुए रेलवे परिवार की ओर से सम्मानपूर्वक विदाई दी। इस अवसर पर यूनियन प्रतिनिधियों एवं सभी शाखाधिकारियों एवं सेवानिवृत हुए रेल कर्मियों ने कहा कि डीआरएम ज्योति प्रकाश मिश्रा का



सहयोग एवं प्रेरणा हमेशा से मिलते हुए आया है एवं उनके बेहतरीन कार्यकाल व कुशलता पूर्वक व्यवहार डिवीजन के सभी रेल अधिकारियों एवं रेल कर्मियों के लिए नजीर रहेगी। सेवानिवृत हुए रेल कर्मियों ने इस विदाई क्षण के पल में डीआरएम ज्योति प्रकाश मिश्रा के सादगी और अच्छे व्यवहार की भूरी - भूरी प्रशंसा करते हुए उनके प्रति आभार जताया। इस अवसर पर यूनियन प्रतिनिधियों एवं सभी शाखाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति भी रही।

### सहकारी सप्ताह के अवसर पर प्राथमिक सब्जी उत्पादक सहकारी समिति परिसर में हुआ वृक्षारोपण

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** सहकारी सप्ताह के अवसर पर मंगलवार को विद्यापतिनगर प्रखंड अंतर्गत गढ़सिसई पंचायत स्थित विद्यापतिनगर प्रखंड प्राथमिक सब्जी उत्पादक सहकारी समिति लिमिटेड के कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना तथा हरित वातावरण के निर्माण का संदेश देना था। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष ज्योति कुमारी गुप्ता ने कहा कि वृक्ष पर्यावरण का आधार हैं। जलवायु परिवर्तन और बढ़ते प्रदूषण की चुनौती से निपटने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना और उनका संरक्षण करना



समय की आवश्यकता है। उन्होंने सभी लोगों से पौधारोपण के साथ-साथ लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने की भी अपील की। कार्यक्रम के दौरान समिति के सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर समिति सदस्य अविनाश भारद्वाज, अमरजीत कुमार, प्रबंधक संदीप कुमार, नरेश महतो, नित्यानंद कुमार, विकास कुमार, बिन्देश्वर महतो, रोहित कुमार तथा प्रमिला देवी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### बीएलओ की बैठक में मतदाता सूची पुनरीक्षण एवं पंचायत चुनाव की तैयारियों की हुई समीक्षा

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी महताब अंसारी की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रखंड कार्यालय में प्रखंड क्षेत्र के सभी बीएलओ की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मतदाता सूची से संबंधित प्रपत्र-6, 7 एवं 8 के निष्पादन, बुक-ए-कॉल तथा डीएससी से



जुड़े कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि मतदाता सूची में नया नाम जोड़ने के लिए प्रपत्र-6 भरते समय भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दो आवश्यक प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। सभी बीएलओ को निर्देश दिया गया कि आवेदन प्राप्त होने पर निर्धारित नियमों का पालन करते हुए समयबद्ध तरीके से उनका निष्पादन सुनिश्चित करें। इसके अलावा आगामी पंचायत निर्वाचन-2026 की तैयारियों को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। सभी मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन करते हुए तथा मतदान केंद्रों पर एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटीज (एएमएफ), जैसे पेयजल, शौचालय, रैंप, बिजली एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में बीएलओ को निर्वाचन संबंधी सभी कार्य पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं निर्धारित समय-सीमा के भीतर संपन्न करने पर विशेष बल दिया गया। बैठक में बीएलओ दिनेश कुमार दास, मोहन कुमार राय, किरण कुमारी, पुष्पा कुमारी ,सरिता देवी सरिता कुमारी हिमांशु पटेल, मोहम्मद जफरुद्दीन ,अमित कुमार ,अशोक कुमार, हरेराम साहनी, शकील अहमद, मोहम्मद अशरफ अली, सहित प्रखंड के मतदान केंद्र संख्या 207 से 332 के सभी बीएलओ उपस्थित थे।

### जाम से निजात दिलाएंगे ट्रैफिक वालेंटियर, महापौर ने हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** मंगलवार को रेलवे स्टेशन के निकट स्थित गाँधी मूर्ति आश्रम में नगर निगम समस्तीपुर के द्वारा समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महापौर अनिता राम ने बताया कि शहर में जाम पर नियंत्रण के लिए विशेष अभियान 01 जुलाई 2026 से प्रारम्भ होने जा रहा है। इसके तहत पहले चरण में मुख्य रूप से स्टेशन चौक पर फोकस किया जायेगा। इस अभियान में नगर निगम अपना पूर्ण पोशाक में वालेंटियर को सड़क पर उतारने जा रही है। इस क्रम में उन्होंने कहा कि, नगर पालिका के इतिहास में पहली बार रात्रि सफाई सेवा शहर में लागू किया गया जो सफल रहा है। महापौर श्रीमती राम ने कहा कि, क्षेत्र के विकास के लिए नगर निगम प्रतिबद्धता पूर्वक संकल्पित है। हर तरफ रोड नाला का निर्माण कराया जा रहा है। विद्यालयों में लाईब्रेरी की व्यवस्था की गई है। पहली बार सभी विभागाध्यक्षों के



साथ लगातार बैठक बुलाकर सड़कें आदि निर्माण कार्यों की समीक्षा की जा रही है। जिस कारण नगर निगम क्षेत्र में सभी कार्यों में तेजी आई है। उन्होंने बताया कि, आम नागरिकों के हर कठीनाईयों पर नजर रख कर नगर निगम प्रशासन कार्य कर रही है। इसी क्रम में महापौर श्रीमती राम ने ट्रैफिक वालेंटियर को हरी झंडी दिखाकर शहर में जाम से निजात दिलाने के लिए रवाना किया। उपस्थित गणमान्य लोगों में साक्षी प्रसाद, धीरज कुमार शर्मा पार्षद, गौतम कुमार पार्षद, रवि शंकर प्रसाद, सुरेन्द्र प्रसाद, रण्जीत कुमार दास पार्षद वार्ड-31, मनोज कुमार जयसवाल पूर्व पार्षद, अमित गुंजन, प्रदीप साह पूर्व पार्षद, राहुल कुमार पूर्व पार्षद, शिव शम्भू कुमार, शैलेश कुमार पूर्व पार्षद, नन्हे वार्ड नं0 28, मो० सैयूम, शशि कान्त मिश्रा, विश्वनाथ महतो, अजय कुमार पोद्दार, मृत्युंजय कुमार, कमलेश कुमार कमल वार्ड सं0-35, रंजीत कुमार साह वार्ड सं0-14, विकास कुमार, राकेश कुमार रंजन, धर्मा देवी, राजेश कुमार राज, विजय कुमार आदि लोग शामिल रहे।

# खरीफ कृषि जन कल्याण चौपाल सह खेत बचाओ अभियान कार्यक्रम आयोजित

**दलसिंहसराय (एनएसबी)।** प्रखंड के पगड़ा पंचायत के वार्ड 7 स्थित प्राथमिक विद्यालय परिसर में मंगलवार को कृषि विभाग द्वारा कृषक जागरूकता कार्यक्रम खरीफ कृषि जन कल्याण चौपाल सह खेत बचाओ अभियान कार्यक्रम का आयोजन जनप्रतिनिधि एवं प्रगतिशील कृषकों की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आत्मा अध्यक्ष ने की। कार्यक्रम को आत्मा अध्यक्ष अरविंद कुमार ज्योति, किसान नेता अमरेश कुमार महतो, कृषि कोर्डिनेटर संजय कुमार हिमांशु एवं आलोक कुमार तथा प्रखंड तकनीकी प्रबंधक शांता कुमार चौधरी ने संबोधित किया। कार्यक्रम में मौसम के बदलते परिवेश में खरीफ फसलों विशेष रूप से धान एवं मक्का की वैज्ञानिक खेती,जैविक एवं प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन,फसल सुरक्षा प्रबंधन, फसल




कार्यक्रम में शामिल पदाधिकारी व किसान।

अवशेष प्रबंधन के साथ साथ कृषि विभाग की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से किसानों को जानकारी दी गई। खेत बचाओ अभियान के तहत किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक तरीके से खेती की सलाह दी गई। इसे अपनाने से मिट्टी की सेहत में सुधार के साथ साथ गुणवत्तायुक्त उत्पादन भी प्राप्त होता है। कार्यक्रम में किसानों को अनुदानित खरीफ मक्का एवं धान के प्रभेदों के बारे में बताया गया। साथ ही जमाबंदी वाले किसानों को अतिशीघ्र अपना डिजिटल पहचान फॉर्मर आई डी बनाने की सलाह दी गई। कार्यक्रम में बताया गया कि बिहार कृषि ऐप के द्वारा किसान स्वयं विभागीय योजनाओ का आवेदन कर सकते हैं। इस ऐप के द्वारा कृषि रेडियो प्रसारण के साथ मौसम की जानकारी, अपने क्षेत्र में रासायनिक उर्वरक की उपलब्धता, कृषि इनपुट बाजार, कृषि संस्थानों आदि की जानकारी प्रात कर सकते हैं। चौपाल के दौरान किसानों द्वारा पूछे गए खरीफ फसलों से जुड़ी समस्याओं का समाधान विभागीय पदाधिकारियों के द्वारा किया गया। इस मौके पर विभाग के सहायक तकनीकी प्रबंधक अरविंद कुमार पाण्डेय, किसान सलाहकार संजय कुमार एवं कई प्रगतिशील कृषक आदि उपस्थित थे।

## अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अनुश्रवण समिति की दूसरी तिमाही बैठक सम्पन्न

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** अनुमंडल पदाधिकारी सदर दिलीप कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को अनुमंडल सभा कक्ष में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अनुश्रवण समिति की द्वितीय त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान प्रखंडवार एवं थानावार अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अंतर्गत दर्ज मामलों, प्राप्त आवेदनों तथा उन पर की गई कार्रवाई की बिंदुवार समीक्षा की गई। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने



बैठक में निर्देश देते एसडीओ व अन्य।

लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन, पीड़ितों को नियमानुसार राहत एवं पुनर्वास संबंधी लाभ उपलब्ध कराने तथा सभी मामलों में त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीओ श्री कुमार ने कहा कि, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समुदाय के विरुद्ध अत्याचार के मामलों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को संवेदनशीलता, पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करते हुए पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाने हेतु समन्वित प्रयास करने का निर्देश दिया। इस क्रम में बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं समिति के सदस्यों द्वारा दिए गए सुझावों पर भी विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया गया। सामाजिक समरसता, विधि-व्यवस्था एवं कमजोर वर्गों के अधिकारों की रक्षा के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए बैठक का समापन किया गया। बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अनुमंडल क्षेत्रान्तर्गत सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, राजस्व पदाधिकारी, सभी थाना अध्यक्ष, अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण एवं विकास मित्र उपस्थित थे।

## प्राथमिक मकतब कबई नयाटोल में आरबीएसके टीम ने किया बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** प्रखंड के सोठगामा पंचायत स्थित राजकीय प्राथमिक मकतब कबई नयाटोल में मंगलवार को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आरबीएसके की चिकित्सा टीम ने विद्यालय के बच्चों का समग्र स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सीय परामर्श देने के साथ जरूरतमंद बच्चों के बीच



स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक।

निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया। विद्यालय के प्रधान शिक्षक मो. मेराज ने बताया कि शिविर में डॉ. रजनीश झा, फार्मासिस्ट कुंदन कुमार, एएनएम स्मिता कुमारी एवं मो. शमीम ने बच्चों की विस्तृत स्वास्थ्य जांच की। इस दौरान बच्चों की लंबाई, वजन, आंख, कान, दांत, पोषण स्तर तथा सामान्य स्वास्थ्य की स्क्रीनिंग की गई, ताकि किसी भी बीमारी या शारीरिक समस्या की समय रहते पहचान कर उचित उपचार सुनिश्चित किया जा सके। शिविर के दौरान चिकित्सकों ने बच्चों को व्यक्तिगत स्वच्छता, संतुलित एवं पौष्टिक आहार, नियमित व्यायाम तथा समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने के महत्व की जानकारी दी। डॉ. रजनीश झा ने कहा कि बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता अपेक्षाकृत कम होती है, इसलिए वे मौसमी बीमारियों और संक्रमण की चपेट में जल्दी आ सकते हैं। ऐसे में अभिभावकों और शिक्षकों को बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना चाहिए। स्वास्थ्य परीक्षण के बाद जरूरतमंद बच्चों को आवश्यक दवाइयां निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं तथा आगे के उपचार संबंधी आवश्यक सलाह भी दी गई। इस अवसर पर प्रधान शिक्षक मो. मेराज, नकहत सबा, अरविंद कुमार, सुषमा कुमारी, मृत्युंजय कुमार, मंजूर आलम, सुमैया अहमदी, मो. इकराम हुसैन, विजय कुमार, असगरी खातून, मनोज कुमार सहित विद्यालय के सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## युवक ने की आत्महत्या, आम के बगीचे में लटकता मिला शव

**उजियारपुर (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र में एक 19 साल के युवक ने आम के पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक ने आत्महत्या से पहले फेसबुक पर एक वीडियो भी पोस्ट किया था। उक्त वीडियो के माध्यम से घटना की जानकारी मिलने पर परिजन वहां पहुंचे, देखते देखते ग्रामीणों की भीड़ भी घटनास्थल पर जुट गई। उजियारपुर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक की पहचान उजियारपुर थाना क्षेत्र के पतैली पश्चिमी पंचायत के वार्ड-10 स्थित लखुआ टोला निवासी सुरेंद्र चौरसिया के बेटे जगदीश कुमार के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, जगदीश परिवार में सबसे छोटा था और उसके तीन बड़े भाइयों की शादी हो चुकी है। परिवार पान बेचकर अपना जीवन-यापन करता है, जिसमें जगदीश भी अपने पिता और भाइयों के साथ सहयोग करता था। मृतक के भतीजा राजीव कुमार ने बताया कि जगदीश शनिवार को करीब 75 ढोली पान बेचने के लिए बनारस गया था। सोमवार की शाम गांव लौट आया। इसी दौरान उसने फेसबुक पर एक वीडियो पोस्ट किया और उसके बाद लाखुआ गाछी में गमछे का फंदा बना कर आत्महत्या कर ली। वाले दियो में वह कहता दिख रहा है कि ह्लमैं अपने माताझ्रपिता को खुश नहीं रख पाया। मुझे माफ कर दें।ह्व वीडियो देखने के बाद हम लोग उन्हें ढूंढने निकले मगर पता नहीं लग सका तो निराश हो कर घर लौट आए।

मंगलवार को कुछ ग्रामीण आम के बगीचे की ओर गए, जहां पेड़ के नीचे चप्पल दिखाई दी। ऊपर देखने पर जगदीश का शव पेड़ से लटका मिला। इसके बाद ग्रामीणों ने परिजनों और पुलिस को सूचना दी। उजियारपुर थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि पतैली पश्चिमि के लखुआ गाछी में एक युवक का शव आम के पेड़ से लटका मिला है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रथम दृष्टया में मामला आत्महत्या का लग रहा है। अभी तक मृतक के परिजनों की ओर से कोई लिखित आवेदन नहीं मिला हुआ है। आवेदन मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## चलती ट्रेन पर पत्थरबाजी पड़ सकता है भारी : आरपीएफ ने चलाया विशेष जागरूकता अभियान

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** रेल मंडल में यात्रियों की सुरक्षा और रेल संपत्ति की रक्षा को लेकर रेल सुरक्षा बल की ओर से विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य चलती ट्रेनों पर पत्थरबाजी जैसी खतरनाक घटनाओं को रोकना व लोगों को इसके गंभीर परिणामों और कानूनी प्रावधानों की जानकारी देना था। यह अभियान आरपीएफ इंस्पेक्टर अविनाश कोरसिया के नेतृत्व में चलाया गया। जिसमें पी. के. चौधरी और श्याम सुंदर सिंह सहित रेल सुरक्षा कर्मियों ने



लोगों को जागरूक करते आरपीएफ कर्मी।

भाग लिया। अभियान के दौरान लोगों को बताया गया कि चलती ट्रेन पर पत्थर फेंकना केवल शरारत नहीं, बल्कि एक गंभीर अपराध है। तेज रफ्तार से चल रही ट्रेन पर फेंका गया पत्थर अत्यधिक वेग से टकराता है, जिससे यात्रियों को गंभीर चोट लग सकती है, उनकी आंखों की रोशनी तक जा सकती है और कई मामलों में जान का भी खतरा उत्पन्न हो जाता है। सुरक्षा कर्मियों ने यह भी समझाया कि यदि पत्थर ट्रेन से टकराकर वापस उछलता है, तो पत्थर फेंकने वाला व्यक्ति या उसके आसपास मौजूद लोग भी घायल हो सकते हैं। अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान समय में अधिकांश ट्रेनों और रेलवे स्टेशनों पर अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरे और निगरानी प्रणाली लगी हुई है। ऐसे में पत्थरबाजी करने वाले लोगों की पहचान आसानी से कर ली जाती है। रेलवे अधिनियम, 1989 की संबंधित धाराओं और अन्य लागू कानूनी प्रावधानों के तहत रेल संपत्ति को नुकसान पहुंचाने, यात्रियों की जान जोखिम में डालने और ट्रेन संचालन में बाधा उत्पन्न करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाती है, जिसमें जुमार्ना और कारावास दोनों का प्रावधान है। इसके साथ ही लोगों को चलती ट्रेन के दरवाजे पर बैठकर या खड़े होकर यात्रा नहीं करने, किसी भी अनजान व्यक्ति से खाने-पीने की वस्तु स्वीकार नहीं करने और रेलवे फाटक बंद होने पर उसे पार करने का प्रयास नहीं करने की सलाह दी गई। रेल सुरक्षा बल ने सभी नागरिकों से सुरक्षित रेल यात्रा सुनिश्चित करने के लिए नियमों का पालन करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पद्मऋया रेलवे हेल्पलाइन को देने की अपील की।

## 24 अवतार धाम चकोठी मठ के उत्तराधिकारी चुने गए हरिशंकर दास शास्त्री, भव्य समारोह पूर्वक हुआ स्वागत

**खानपुर (एनएसबी)।** प्रखंड के कानू विशनपुर पंचायत स्थित प्रसिद्ध 24 अवतार धाम चकोठी मठ में हरिशंकर दास शास्त्री जी महाराज को महामंडलेश्वर राम सेवक दास जी महाराज का उत्तराधिकारी मनोनीत गया। इस उपलक्ष्य में क्षेत्र के श्रद्धालुओं एवं गणमान्य लोगों ने उनका भव्य समारोह पूर्वक स्वागत किया। इस अवसर पर




स्वागत समारोह में शामिल लोग।

ग्रामीणों ने उन्हें माला, शॉल आदि से सम्मानित किया। इस क्रम में स्वागत समारोह में उपस्थित महामंडलेश्वर राम सेवक दास जी महाराज, रामावतार सिंह, जिला परिषद सदस्य स्वर्णिमा सिंह, भाजपा नेता अजय कुशवाहा, भाजपा मंडल अध्यक्ष बम भोला सिंह, डॉ. शिव प्रकाश पंडित सहित अन्य गणमान्य लोगों ने हरिशंकर महाराज जी को बधाई एवं शुभकामना देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर समाजसेवी रामावतार महतो ने कहा कि, हरिशंकर महाराज के सेवादार बनने से मठ की धार्मिक परंपराएं और अधिक सुदृढ़ होंगी तथा क्षेत्र में आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी। वहीं बीस सूत्री अध्यक्ष राम नारायण सिंह ने कहा कि महामंडलेश्वर श्री राम सेवक दास जी महाराज ने अपने उत्तराधिकारी के रूप में अपने योग्य शिष्य हरिशंकर दास शास्त्री जी महाराज का चयन कर एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। गुरु-शिष्य परंपरा भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है और यह निर्णय उसी परंपरा को आगे बढ़ाने वाला है। समाजसेवी डॉ. लाल बाबू ने अपने संबोधन में कहा कि श्री शास्त्री जी महाराज धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सामाजिक कार्यों में सदैव सक्रिय रहे हैं। उनके नेतृत्व में मठ का विकास होगा तथा श्रद्धालुओं को धर्म और संस्कृति से जुड़ने की नई प्रेरणा मिलेगी। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष राम नारायण सिंह, रामावतार सिंह, भाजपा नेता अजय कुशवाहा, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष बम भोला सिंह, अरविंद पासवान, जय राम सहनी, श्याम सुंदर जायसवाल, डॉ. लाल बाबू, अशोक पासवान, भरत सिंह, विष्णुदेव प्रसाद सिंह, डॉ. रामचंद्र महतो, राम दयाल सिंह, राकेश टंडन, वीरेंद्र फर्नांडिस, सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## कांग्रेस जनों ने पीएम मोदी का पुतला फूंका

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** देश में नीट परीक्षा में अनियमिता, लगातार हो रहे पेपर लीक, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, तथा युवाओं के भविष्य के साथ किये जा रहे खिलवाड़ के खिलाफ एवं बड़े पैमाने पर राशन लाभार्थियों का राशन कार्ड से नाम काटे जान के खिलाफ बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार मंगलवार को



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन प्रखंड कार्यालय पूसा के समीप किया गया। प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष पूसा शिवराम ठाकुर के नेतृत्व तथा पर्यवेक्षक मुकुंद कुमार की मौजूदगी में आयोजित इस कार्यक्रम को दौरान कार्यकताओं ने जम कर नारेबाजी की। इस अवसर पर वैद्यनाथ शर्मा, अखिलेश कुमार ठाकुर, अजय कुमार, कन्हैया कुमार, रामू राम, विनोद कुमार, मोहम्मद फरमान, सुनील कुमार ठाकुर, अमन कुमार, गणेश कुमार, सोनू कुमार, रोहित कुमार, सुमित कुमार ठाकुर, नीतीश कुमार, राहुल यादव एवं अन्य लोगों ने हिस्सा लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत मृतक के परिजन को 2 लाख रुपये की बीमा राशि का भुगतान

**मधुबनी(एनएसबी)।** प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत मधुबनी जिले में एक और पात्र लाभार्थी परिवार को बीमा दावा राशि का सफलतापूर्वक भुगतान किया गया। लीड बैंक, मधुबनी के अनुसार स्वर्गीय घनश्याम कुमार यादव, निवासी ओलीपुर, वलीपुर, झंझारपुर (मधुबनी) के निधन के उपरांत उनके नामित (नॉमिनी) एवं पुत्र गणेश कुमार को 2,लाख रुपये की बीमा दावा राशि का भुगतान कर दिया गया है। यह दावा इंडियन बैंक, मधुबनी के माध्यम से सफलतापूर्वक निपटाया गया। लीड बैंक प्रबंधक ने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना केंद्र सरकार की एक महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा योजना है, जिसके तहत मात्र कम प्रीमियम पर पात्र खाताधारकों को जीवन बीमा का लाभ उपलब्ध कराया जाता है। किसी बीमाधारक की मृत्यु होने पर उसके नामित व्यक्ति को 2 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।उन्होंने जिले के सभी पात्र बैंक खाताधारकों से अपील की कि वे इस जनकल्याणकारी योजना से जुड़कर स्वयं एवं अपने परिवार की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करें। साथ ही बैंक शाखाओं से समय-समय पर अपने बीमा कवरेज की स्थिति की जानकारी लेते रहें, ताकि आवश्यकता पड़ने पर योजनाओं का लाभ आसानी से प्राप्त हो सके।



### अनुमंडल स्तरीय निगरानी सह अनुश्रवण समिति की बैठक

**बेनीपट्टी (एनएसबी)।** अनुमंडल पदाधिकारी बेनीपट्टी के कार्यालय प्रकोष्ठ में अनुमंडल स्तरीय निगरानी सह अनुश्रवण समिति की बैठक अनुमंडल पदाधिकारी बेनीपट्टी शारंग पाणि पांडे की अध्यक्षता में आहूत की गयी। बैठक में सदस्यों द्वारा गैस आपूर्ति की वर्तमान व्यवस्था पर संतोष प्रकट किया गया परंतु सर्वसम्मति से प्रस्ताव रखा कि ग्रामीण क्षेत्रों में गैस की आपूर्ति अब 25 दिनो पर किया जाए। सदस्य आनंद कुमार झा, बचनू मंडल, जय सुन्दर मिश्र, विजय यादव, सुजीत झा के द्वारा बताया गया कि वर्तमान में कुल लोगों का नाम राशन कार्ड से हटा दिया गया है। इस पर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि अभी तक अपात्र लाभुकों का ही नाम राशन कार्ड से हटाया गया है। उन्होंने बताया कि अगर किसी पात्र व्यक्ति का नाम राशन कार्ड से कटा है तो वे पोर्टल खुलने के बाद उनका नाम विधिवत जोड़ा जायेगा। सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी राज कुमार झा द्वारा पात्र और अपात्र के मानक के संबंध मे विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराया गया। एसडीओ द्वारा सभी सदस्यों से अनुरोध किया गया कि अपात्र लाभुकों का नाम राशन कार्ड से हटे और पात्र को इसका लाभ मिले इसमे अपेक्षित सहयोग किया जाए। सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी राज कुमार झा को कार्यपालक दंडाधिकारी की शक्ति प्राप्त करने हेतु धन्यवाद दिया गया। बैठक एडीएसओ राज कुमार झा, बचनू मंडल, जय सुन्दर मिश्र, आनंद कुमार झा, सुजीत झा, प्रदीप झा वासु, चंचल कुमार, सहित सभी एमओ उपस्थित थे।




### जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनीं, त्वरित समाधान के दिए निदेर्श : विधायक माधव आनंद

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिला अतिथि गृह में मंगलवार की सुबह आयोजित "जनता दर्शन" कार्यक्रम में स्थानीय विधायक माधव आनंद ने बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी




व्यक्तिगत एवं जनहित से जुड़ी समस्याओं, सुझावों और मांगों को विधायक के समक्ष रखा। विधायक माधव आनंद ने सभी की बात गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए कई मामलों के त्वरित समाधान के लिए जिला प्रशासन के सहयोग से आवश्यक पहल की। वहीं शेष मामलों के शीघ्र एवं प्रभावी निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश एवं अनुरोध किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि जनप्रतिनिधित्व केवल एक दायित्व नहीं, बल्कि जनसेवा का आजीवन संकल्प है। उन्होंने कहा कि जनता का स्नेह, विश्वास और आशीर्वाद ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है। समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक न्याय और सुविधाएं पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि मधुबनी विधानसभा क्षेत्र का प्रत्येक नागरिक उनकी प्राथमिकता है तथा क्षेत्र की हर समस्या के समाधान के लिए वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ सदैव जनता के बीच उपस्थित रहेंगे।

### बसोपट्टी प्रखंड में उच्च शिक्षा का नया अध्याय : राजकीय डिग्री महाविद्यालय में नामांकन 1 जुलाई से प्रारंभ

**मधुबनी (एनएसबी)।** प्रखंड के नवस्थापित राजकीय डिग्री महाविद्यालय, बसोपट्टी (मधुबनी) में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026झ30 के लिए जारी प्रथम चयन सूची के आधार पर नामांकन की प्रक्रिया 01 से 06 जुलाई 26 तक महाविद्यालय में संपन्न की जाएगी। यह जानकारी महाविद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. आरती प्रसाद ने दी। प्रधानाचार्या डॉ. आरती प्रसाद ने कहा कि प्रखंड में राजकीय डिग्री महाविद्यालय की स्थापना स्थानीय विद्यार्थियों, विशेषकर छात्राओं, के लिए उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। अब विद्यार्थियों को स्नातक की पढ़ाई के लिए दूर-दराज के महाविद्यालयों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा, जिससे उनके समय एवं ऊर्जा की बचत होगी तथा उच्च शिक्षा को नई गति मिलेगी।उन्होंने प्रथम चयन सूची में चयनित सभी अभ्यर्थियों से निर्धारित तिथि के भीतर आवश्यक प्रमाण-पत्रों एवं नामांकन संबंधी दस्तावेजों के साथ महाविद्यालय पहुँचकर अपना नामांकन सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय प्रशासन नामांकन प्रक्रिया को पारदर्शी, व्यवस्थित एवं छात्र-हितैषी वातावरण में संपन्न कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। प्रधानाचार्या डॉ. आरती प्रसाद ने कहा, "राजकीय डिग्री महाविद्यालय, बसोपट्टी का उद्देश्य क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा उपलब्ध कराना है। यह महाविद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र ही नहीं, बल्कि युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण का सशक्त माध्यम भी बनेगा। मैं प्रथम चयन सूची में चयनित सभी विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएँ देती हूँ तथा उनसे समय पर नामांकन लेकर अपने शैक्षणिक जीवन की नई शुरूआत करने का आग्रह करती हूँ।साथ ही महाविद्यालय परिवार की ओर से अभिभावकों, छात्र-छात्राओं एवं बुद्धिजीवियों का हार्दिक स्वागत है।"प्रखंड में पहली बार राजकीय डिग्री महाविद्यालय में नियमित नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ होने से क्षेत्र के अभिभावकों, छात्र-छात्राओं एवं बुद्धिजीवियों में हर्ष का वातावरण है। महाविद्यालय के संचालन से क्षेत्र में उच्च शिक्षा को नई दिशा मिलेगी तथा स्थानीय विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अपने ही प्रखंड में उपलब्ध हो सकेगी। इससे शिक्षा के क्षेत्र में बसोपट्टी की एक नई पहचान स्थापित होगी।

# पहली बार डिजिटल तकनीक से 1700 से अधिक कर्मियों का पूर्णतः पारदर्शी ऑनलाइन रैंडमाइज़ेशन द्वारा स्थानांतरण

**मधुबनी (एनएसबी)।** मधुबनी जिला प्रशासन पारदर्शी, जवाबदेह एवं तकनीक आधारित प्रशासनिक व्यवस्था स्थापित करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। सुशासन, पारदर्शिता एवं ई-गवर्नेंस को नई दिशा देते हुए जिलाधिकारी आनंद शर्मा की सतत मॉनिटरिंग में मधुबनी जिला प्रशासन ने एक ऐतिहासिक एवं अभिनव पहल की है। जिलाधिकारी आनंद शर्मा के निर्देशन में पहली बार राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एन.आई.सी.) के ई-एप्लीकेशन के माध्यम से कार्यपालक सहायकों, आई.टी सहायकों एवं डाटा एंट्री ऑपरेटरों सहित 1700 से अधिक कर्मियों का ऑनलाइन रैंडमाइजेशन द्वारा स्थानांतरण एवं पदस्थापन पूर्णतः डिजिटल, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से संपन्न कराया गया।यह बिहार का संभवतः पहला जिला है,जहां इतने बड़े पैमाने पर कर्मियों का स्थानांतरण किसी मानवीय हस्तक्षेप के बजाय पूरी तरह डिजिटल ऑनलाइन रैंडमाइजेशन प्रणाली के माध्यम से किया गया। इस पूरी प्रक्रिया का जिला प्रशासन, मधुबनी के आधिकारिक फेसबुक पेज पर लाइव प्रसारण भी किया गया, जिससे संबंधित कर्मियों एवं आम नागरिकों ने पूरी प्रक्रिया को वास्तविक समय में देखा। इससे प्रशासनिक कार्यप्रणाली में पारदर्शिता एवं जनविश्वास को नई मजबूती मिली है ।


जिलाधिकारी आनंद शर्मा।

जिलाधिकारी आनंद शर्मा स्वयं पूरी प्रक्रिया की लगातार मॉनिटरिंग करते रहे तथा प्रत्येक चरण का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक व्यवस्था में आधुनिक तकनीक का अधिकतम उपयोग समय की आवश्यकता है। डिजिटल प्रणाली अपनाने से प्रशासनिक प्रक्रियाएं अधिक पारदर्शी, निष्पक्ष, जवाबदेह एवं प्रभावी बनती हैं तथा मानवीय हस्तक्षेप की संभावनाएं समाप्त होती हैं।जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य प्रत्येक प्रशासनिक प्रक्रिया को तकनीक आधारित, पारदर्शी एवं विश्वसनीय बनाना है। ऑनलाइन रैंडमाइजेशन के माध्यम से सभी कर्मियों के साथ समान एवं निष्पक्ष व्यवहार सुनिश्चित हुआ है। यह पहल सुशासन की भावना को और अधिक सशक्त करेगी तथा भविष्य में भी जिला प्रशासन विभिन्न प्रशासनिक प्रक्रियाओं में ई-गवर्नेंस एवं डिजिटल तकनीक का व्यापक उपयोग करता रहेगा। जिसमे जिला मुख्यालय एवं सभी प्रखंड कार्यालय सहित कुल 20 आईटी सहायक, आरटीपीएस के कुल 92 कार्यपालक सहायक एवं जिला लोक शिकायत निवारण तथा अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण के कुल 24 कार्यपालक सहायक, वीबी-जी राम जी के कुल 18 लेखपाल, वीबी जी राम जी के 20-20 कार्यपालक सहायक, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के 21 कार्यपालक सहायक, 22 आवास पर्यवेक्षक सहित अन्य विभागों यथा-आवास सहायक, जिला आपूर्ति शाखा के कार्यपालक सहायक,कम्प्यूटर ऑपरेटर, जिला सहकारिता कार्यालय के कार्यपालक सहायक,कंप्यूटर ऑपरेटर, जिला पशुपालन कार्यालय के कार्यपालक सहायक/कम्प्यूटर ऑपरेटर, जिला कृषि कार्यालय के कार्यपालक सहायक,कम्प्यूटर ऑपरेटर, जिला कृषि कार्यालय के सहायक तकनीक प्रबंधक, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, जिला पंचायत के प्रखंड,पंचायत कार्यपालक सहायक/कम्प्यूटर ऑपरेटर, आईटी सहायक-सह- लेखपाल,तकनीकी सहायक, पंचायत सचिव, स्वास्थ्य विभाग के बी.एम., प्रखंड लेखपाल, बी.सी.एम., बी.एच.एम./ एच.एम. तथा जिला स्थापना शाखा एवं आई.सी.डी.एस. के लिपिक/ राजस्व कर्मचारी, महिला पर्यवेक्षिका, कार्यपालक सहायक/कंप्यूटर ऑपरेटर सहित अन्य कर्मियों का स्थानांतरण किया गया है।1700 से अधिक कार्यपालक सहायकों, आई.टी. सहायकों , डेटा एंट्री ऑपरेटरों आदि का एक साथ पूर्णतः डिजिटल माध्यम से स्थानांतरण कर मधुबनी जिला प्रशासन ने प्रशासनिक सुधार एवं तकनीकी नवाचार का एक नया मानक स्थापित किया है। यह पहल पारदर्शी एवं जवाबदेह प्रशासन की दिशा में एक अनुकरणीय मॉडल के रूप में देखी जा रही है।स्थानांतरण एवं पदस्थापन संबंधी आदेश जिला प्रशासन, मधुबनी की आधिकारिक वेबसाइट तथा जिला प्रशासन के फेसबुक पेज पर उपलब्ध करा दिया गया है। संबंधित कर्मी एवं आम नागरिक जिला प्रशासन की वेबसाइट से आदेश डाउनलोड कर सकते हैं।

## एक अवैध देशी कट्टा एवं मोटरसाईकिल के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**मधुबनी (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने बताया कि 29 जून को थानाध्यक्ष, घोघरडीहा थाना को चन्द्रविर महतो, सा०-बसुआरी द्वारा एक लिखित आवेदन दिया गया कि धिरेन्द्र कुमार महतों, पे०-सुशील कुमार महतो द्वारा पोखर पर लगी मोटरसाईकिल हटाने की बात को लेकर मेरे साथ हाथापाहीं किया गया तथा धिरेन्द्र कुमार महतों ने फोन किया तो बाहर से तीन अन्य लोग भी मोटरसाईकिल से वहाँ आ गये तथा चन्द्रविर महतो के साथ मारपीट करने लगे एवं उसी लोग में से एक व्यक्ति पंकज यादव, पे०-धिरज यादव, सा०-बसुआरी ने अपने कमर में से एक देशी कट्टा निकालकर चन्द्रविर महतो के उपर तान दिया तो चन्द्रदिप महतो ने चिल्लाने लगे जिससे उनके आवाज को सुनकर आस-पास के अन्य ग्रामीण आ गये एवं उसका बीच-बचाव किया तब तक सभी लोग वहाँ से भागने लगे। ग्रामीणों द्वारा उन सभी लोगो को पकड़ने का प्रयास किया गया। भागने के क्रम में पंकज ने अपना हंथियार अपनें एक अन्य साथी जो मोटरसाईकिल चला रहें थें को देकर भागने लगा तथा उसी क्रम मे ग्रामीणों द्वारा 01 व्यक्ति रमन शैलेन्द्र यादव, पे०-शैलेन्द्र यादव, सा०-बसुआरी को मोटरसाईकिल एवं हंथियार के साथ पकड़ लिया गया।ईस घटना के संदर्भ में ग्रामीणों द्वारा घोघरडीहा थाना को सूचना देने पर त्वरीत कार्रवाई करते हुए थानाध्यक्ष द्वारा घटना स्थल पर पहुँचकर घटना का जायजा लिया गया तथा पकड़ाये हुए 01 व्यक्ति एवं हंथियार को विधिवत जप्त कर थाना पर लाया गया एवं ईस घटना के संदर्भ में घोघरडीहा थाना कांड सं0-151/26 तहत सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर विधि सम्मत आवश्यक कार्रवाई की जा रही है तथा घटना में शामिल अन्य व्यक्ति की गिरफ्तारी हेतु लागातार छापेमारी की जा रही है।



जानकारी देते पुलिस पदाधिकारी ।

## शिवकुमार सिंह को गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस टीम को ग्रामीणों के भारी विरोध

**लदनियां (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के सनपतहा गांव में मंगलवार की सुबह करहरवा निवासी रजनी देवी पति इन्दल मल्लिक के आवेदन पर आरोपित शिवकुमार सिंह को गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस टीम को ग्रामीणों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। आक्रोशित भीड़ के बीच दो घंटे तक फंसी पुलिस को मुक्त कराने पहुंचे डीएसपी सदानंद कुमार को भी विरोध का सामना करना पड़ा। गिरफ्तार शिवकुमार सिंह को मुक्त करने की शर्त पर ग्रामीणों ने पुलिस को मुक्त किया।

मिली जानकारी के अनुसार आवेदक के सूअर की मौत बधार में हो गई। सूअर की मौत का कारण शिवकुमार सिंह को बताते हुए थाने में सोमवार को आवेदन दिया गया। थानाध्यक्ष मुकुल रंजन सिंह ने दोनों पक्ष के लोगों को मंगलवार के दिन दस बजे थाने पर बुलाया था। इससे पूर्व अपराह्न सात बजे ही सनपतहा गांव पहुंचकर थानाध्यक्ष ने पुलिस बल के साथ स्कूली बच्चे से भरे वाहन को स्कूल ले जाते बतौर चालक शिवकुमार सिंह को गिरफ्तार करने की कोशिश की। बच्चों की गाड़ी को रोककर चालक को गिरफ्तार करने की जानकरी पर देखते-ही-देखते लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। भीड़ आक्रोशित होती चली गई। आक्रोशित भीड़ ने पुलिस को दो घंटे तक घेरे रखा। मौके पर पहुंचे डीएसपी ने भीड़ को शांत करने की कोशिश की। पुलिस प्रशासन व ग्रामीणों के बीच हुई वार्ता के बाद दोनों पक्ष के लोग समाधान की दिशा में थाना पहुंचे। समाचार लिखे जाने तक समझौता नहीं हो सका था। थानाध्यक्ष ने बताया कि सूअर की मौत मामले में रजनी देवी पति इन्दल मल्लिक ने आवेदन दिया है। आवेदन में सुअर की मौत का कारण शिवकुमार सिंह को बताया गया है।


घटनास्थल पर पुलिस बल ।

### अकौन्हा में भीषण अग्निकांड, घर जलकर खाक

**जयनगर (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत देवधा दक्षिणी पंचायत के अकौन्हा वार्ड संख्या-14 में मंगलवार को भीषण अग्निकांड की घटना से एक परिवार की खुशियां पलभर में राख हो गईं। आग की चपेट में आने से भोगेन्द्र मुखिया उर्फ गुड्डू मुखिया के घर को भारी क्षति पहुंची। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग अचानक भड़क उठी और देखते ही देखते पूरे घर में फैल गई। स्थानीय लोगों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का भरसक प्रयास किया। ग्रामीणों ने बाल्टी, मोटर पंप और अन्य उपलब्ध संसाधनों की मदद से आग पर काबू पाने की कोशिश की। काफी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया गया, लेकिन तब तक घर में रखा अधिकांश सामान जलकर नष्ट हो चुका था।

## विभिन्न मांगों को लेकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के द्वारा किया गया एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

**बिस्फ (एनएसबी)।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय के परिसर में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के द्वारा मंगलवार को विभिन्न जन समस्याओं को लेकर विशाल धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व अंचल मंत्री लाल बाबू अकेला ने किया. कार्यक्रम का संचालन अंचल मंत्री महेश यादव ने की .कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्टी राज्य मंत्री सह पूर्व विधायक रामनरेश पांडेय ने कहा की बिहार में गरीबों का राज समाप्त हो चुका है. कल्याणकारी योजनाओं को गांव में रहने वाले बेघर बेरोजगार एवं बेबस तक पहुंचाने में बिहार सरकार विफल है. सभी कार्यालयों में भ्रष्टाचार चरम पर है.राज्य सचिव ने कहा बिहार के गांव में अपराधियों। का तांडव बदस्तूर बढ़ रहा है.अपराधिक घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है.15 जुलाई 2026 को बिहार विधान सभा का मार्च किया जाएगा.वही आगामी 01 सितंबर 2026 को रामलीला मैदान दिल्ली चलो के नारा के साथ आज से ही तैयारी आरंभ है. संपूर्ण बिहार में 6 से 15 अगस्त तक सीपीआई कार्यकर्ता प्रत्येक गांव में पदयात्रा करेंगें.जिला मंत्री मिथिलेश झा ने कहा दाखिल खारिज एवं परिमार्जन के नाम बिचौलियागिरी हावी है. बिस्फी प्रखंड के लगभग सभी पंचायतों में नल जल योजना ढप है.जिला प्रशासन प्रचार प्रसार में लगी है लेकिन पी एच ई डी विभाग द्वारा किसी भी शिकायत पर कार्रवाई नहीं की जा रही है. बिहार महिला समाज के महासचिव सह पार्टी राष्ट्रीय परिषद सदस्य राजश्री किरण ने कहा बिहार में महिलाओं का शोषण एवं अत्याचार हो रहा है. छोटी छोटी बच्चियों के साथ अमानवीय व्यवहार किया जा रहा है.प्रशासन के सामने अपराधी अपराधिक घटनाएं को अंजाम दे रहा है. सरकार महिला आरक्षण नहीं देना चाहती है. इस अवसर पर राज्य परिषद सदस्य सूर्यनारायण महतो,अंचल मंत्री महेश यादव, रामेश्वर प्रसाद महतो ,देवेंद्र यादव, गणेश झा,शत्रुघन साहनी ,जंग बहादुर यादव, पवन ठाकुर , बिन्देश्वर सहनी , रामबाबू यादव , चलितर राम सहित सैकड़ों कार्यकर्ता अपनी मांगों को लेकर उपस्थित थे.


कार्यक्रम में उपस्थित नेता।

## घटिया खाद्यान्न मिलने से लाभुकों में असंतोष बढ़ रहा

**जयनगर (एनएसबी)।** अनुमंडल अनुश्रवण समिति, जयनगर की बैठक मंगलवार को अनुमंडल पदाधिकारी दीपक कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में आयोजित हुई। बैठक में पूर्व बैठक की कार्यवाही की पुष्टि के साथ नए राशन कार्ड निर्गत करने, खाद्यान्न आपूर्ति व्यवस्था तथा जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं समिति सदस्यों ने क्षेत्र की समस्याओं को उठाते हुए उनके शीघ्र समाधान की मांग की। बैठक में अनुमंडल अनुश्रवण समिति के सदस्य एवं भाकपा-माले जयनगर प्रखंड सचिव भूषण सिंह ने कई जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने घोघरडीहा स्थित सीएमआर गोदाम से जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) के माध्यम से वितरित किए जा रहे खराब एवं निम्न गुणवत्ता वाले सीएमआर चावल की आपूर्ति पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। उन्होंने कहा कि घटिया खाद्यान्न मिलने से लाभुकों में असंतोष बढ़ रहा है और इसकी गुणवत्ता की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जानी चाहिए। भूषण सिंह ने बिहार राज्य खाद्य निगम (एसएफसी) के लदनियां गोदाम से खाद्यान्न उठाव में आ रही कठिनाइयों का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने जयनगर में स्थायी खाद्यान्न गोदाम निर्माण की मांग करते हुए कहा कि स्थानीय स्तर पर गोदाम बनने से खाद्यान्न के भंडारण और वितरण व्यवस्था में सुधार होगा तथा परिवहन संबंधी समस्याओं से भी राहत मिलेगी। बैठक में ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति पर भी चर्चा हुई। भूषण सिंह ने वर्षों से बंद पड़े 18 हेल्थ सब सेंटर सह हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों को अविलंब चालू कराने की मांग की। उनका कहना था कि इन स्वास्थ्य केंद्रों के बंद रहने से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को इलाज के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों को काफी परेशानी होती है। कमला नदी बराज पर लगातार हो रही डूबने की घटनाओं और जनहानि पर भी बैठक में गंभीर चिंता व्यक्त की गई। इस संबंध में भूषण सिंह ने अनुमंडल पदाधिकारी को लिखित आवेदन सौंपते हुए बराज पर स्थायी रूप से एनडीआरएफ/एसडीआरएफ की टीम तैनात करने की मांग की। उन्होंने कहा कि स्नान, पूजा-अर्चना और मूर्ति विसर्जन के दौरान बड़ी संख्या में लोग बराज पहुंचते हैं, ऐसे में बचाव दल की स्थायी तैनाती से दुर्घटनाओं में कमी आएगी और आपात स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्य संभव हो सकेगा। बैठक में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी विपिन अंशु, लदनियां के अमितेश कुमार, मुख्य पार्षद कैलाश पासवान, कांग्रेस अध्यक्ष सुरेन्द्र महतो, एमएलसी प्रतिनिधि सूर्यनाथ यादव, अनुरंजन सिंह, भाजपा के उद्धव कुंवर, माकपा के कुमार राणा प्रताप सिंह, राजद के विसुनदेव भंडारी, जदयू के राजकुमार सिंह, बसपा के साबिर, लोजपा के दीपक चौधरी, गैस एजेंसी प्रबंधक श्यामल ठाकुर, राकेश रंजन, जन वितरण प्रणाली के प्रतिनिधियों सहित अनुमंडल कार्यालय के कर्मी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


बैठक करते एसडीओ।

# मुजफ्फरपुर में वेटरन ट्रेड यूनियन नेता कॉमरेड इदरीश को दी गयी श्रद्धांजलि

**मोतीझील स्थित जिला कार्यालय सभागार में हुई श्रद्धांजलि सभा**

**लोगों ने उनके अधूरे संघर्षों को आगे बढ़ाने का लिया संकल्प**

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** ऑल इंडिया यूनाइटेड ट्रेड यूनियन सेंटर के ऑल इंडिया काउंसिल सदस्य और वेटरन मजदूर नेता एवं एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के वरिष्ठ नेता कॉमरेड मो इदरीश की स्मृति में मंगलवार को एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के स्थानीय मोतीझील स्थित जिला कार्यालय सभागार में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) मुजफ्फरपुर नगर जिला सचिव कॉमरेड अमन कुमार झा ने की। कार्यक्रम की शुरूआत दिवंगत कॉमरेड मोहम्मद इदरीश के चित्र पर माल्यार्पण से की गई।

उपस्थित सभी नेताओं, कार्यकताओं एवं विभिन्न जनसंगठनों के प्रतिनिधियों ने उन्हें लाल सलाम अर्पित करते हुए उनके संघर्षमय जीवन को नमन किया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के केंद्रीय कमेटी सदस्य, बिहार राज्य सचिव तथा एआईयूटीयूसी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने कहा कि कॉमरेड मोहम्मद इदरीश केवल एक ट्रेड यूनियन नेता नहीं थे, बल्कि जनसंघर्षों के एक समर्पित योद्धा थे। छात्र जीवन से ही उन्होंने अन्याय, शोषण, सांप्रदायिकता, जातिवाद और क्षेत्रवाद के विरुद्ध निर्भीक संघर्ष का रास्ता चुना। एल.एस. कॉलेज के मेधावी छात्र रहते हुए उन्होंने शिक्षा, संस्कृति और मानवता पर हो रहे हर प्रकार के हमलों के खिलाफ लगातार आवाज बुलंद किया। उन्होंने कहा कि शिवदास घोष की क्रांतिकारी विचारधारा से प्रेरित होकर कॉमरेड इदरीश ने व्यक्तिगत जीवन और निजी स्वार्थों का त्याग कर अपना संपूर्ण जीवन मेहनतकश जनता, मजदूर वर्ग, किसानों तथा समाज के वंचित तबकों के अधिकारों की लड़ाई के लिए समर्पित कर दिया। वे सिद्धांतों के प्रति अडिग, संगठन के प्रति पूर्णतः समर्पित तथा जनसंघर्षों के विश्वसनीय नेता थे। अरुण कुमार सिंह ने कहा कि कॉमरेड इदरीश विख्यात कम्युनिस्ट नेता दिवंगत कामरेड शिवशंकर के माध्यम से एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के संपर्क में आए और फिर जीवनभर उसी विचारधारा के प्रति निष्ठावान रहे। उन्होंने कभी पद, प्रतिष्ठा या व्यक्तिगत सुविधा की चिंता नहीं की। उनके व्यक्तित्व में न अहंकार था, न श्रेष्ठता का भाव। वे सभी विचारधाराओं के लोगों से आत्मीय संबंध रखते थे और वैचारिक बहस को लोकतांत्रिक संस्कृति का आवश्यक हिस्सा मानते थे। कॉमरेड अरुण कुमार सिंह ने कहा कि आज पूंजीवादी व्यवस्था गहरे संकट में है। समाज में बढ़ती गैर-बराबरी, सांप्रदायिक उन्माद, जातीय विभाजन, बेरोजगारी और कॉरपोरेट लूट इसी व्यवस्था की देन है।



श्रद्धांजलि सभा में उमड़ी लोगों की भीड़।




सभा को संबोधित करते एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के केंद्रीय कमेटी सदस्य, बिहार राज्य सचिव तथा एआईयूटीयूसी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह।

इन चुनौतियों का मुकाबला केवल चुनावी राजनीति से नहीं, बल्कि संगठित जनआंदोलनों, वैचारिक स्पष्टता और चरित्रवान कार्यकताओं के बल पर ही किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कॉमरेड मोहम्मद इदरीश का जीवन इसी संघर्ष का जीवंत उदाहरण है। मोहम्मद इदरीश के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सभी वक्ताओं ने कहा कि कॉमरेड मोहम्मद इदरीश ने अपने पूरे जीवन में कभी निजी हितों को महत्व नहीं दिया। उनके लिए पार्टी, समाज और मेहनतकश जनता का हित सर्वोपरि था। वे सादगी, ईमानदारी और वैचारिक दृढ़ता के प्रतीक थे। आज आवश्यकता है कि नई पीढ़ी उनके संघर्षपूर्ण जीवन से प्रेरणा लेकर जनआंदोलनों को आगे बढ़ाए।

सभा में एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के राज्य कमेटी सदस्य लालबाबू महतो, अर्जुन कुमार, एआईयूटीयूसी के राज्य सचिव सूर्यकर जितेंद्र, वरिष्ठ अधिवक्ता बालेश्वर रसूलपुरी, सीपीआई (एमएल) लिबरेशन के ललितेश्वर मिश्र, सीपीआई एमएल के उदय चौधरी, पूर्व विधान परिषद सदस्य गणेश भारती, कर्मचारी नेता शंभू शरण ठाकुर, मोहम्मद सबीबुल हक, उदय शाही उर्फ ललन बाबू, गांधी शांति प्रतिष्ठान के अरविंद वरुण, आरडीएस कॉलेज के पूर्व प्राध्यापक प्रो डॉ अरुण कुमार सिंह, प्रो. डॉ मनोज कुमार, प्रो विश्वानंद, फॉरवर्ड ब्लॉक के हबीब अंसारी, जनवादी सांस्कृतिक मोर्चा 'विकल्प' के बैजू कुमार, विद्यालय रसोइया यूनियन के परशुराम पाठक, फुटपाथ दुकानदार यूनियन के मोहम्मद यूनुस, प्रदीप कुमार पांडेय, अमरनाथ आजाद, सीपीआई के अजय कुमार सिंह, चंदेश्वर प्रसाद चौधरी, पत्रकार प्रमोद कुमार, कुन्दन कुमार,जेपी सेनानी मनोहर जी, पत्रकार नेहा परवीन सहित विभिन्न राजनीतिक दलों, ट्रेड यूनियनों, किसान, छात्र, युवा, शिक्षक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने मो इदरीश को श्रद्धासुमन अर्पित किया।

## संक्षिप्त खबरें

### शौच के लिए गए किशोर की पोखर में डूबने से मौत, अकुराहा खरगी में मातम

**काँटी(एनएसबी)।** कांटी थाना क्षेत्र स्थित नगर परिषद के वार्ड संख्या एक अकुराहा खरगी गांव में मंगलवार को हुए एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को गमगीन कर दिया। घर से शौच के लिए निकला 16 वर्षीय किशोर रहस्यमय परिस्थितियों में पोखर में डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में शोक छा गया है। मृतक की पहचान स्थानीय निवासी विनोद सिंह के 16 वर्षीय पुत्र सुजीत कुमार के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार मंगलवार की सुबह सुजीत घर से निकला था, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटा। उसकी तलाश शुरू की गई लेकिन कुछ पता नहीं चला। इसी बीच ग्रामीणों ने गांव के पोखर में शव तैरता हुआ देखा। पोखर में शव की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन सहित बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंचे और शव को बाहर निकाला, जिसकी पहचान सुजीत के रूप में हुई। शव की पहचान होते ही मृतक के घर में कोहराम मच गया। वही घटना की जानकारी मिलते ही कांटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि पैर फिसलने या संतुलन बिगड़ने के कारण किशोर गहरे पानी में चला गया और डूबने से उसकी मौत हो गई। हालांकि, पुलिस सभी पहलुओं की जांच में जुटी है। हादसे के बाद पूरे गांव में मातम छा गया है। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और ग्रामीण भी इस घटना से स्तब्ध हैं। इधर, क्षेत्रीय विधायक अजीत कुमार ने घटना पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि अंचलाधिकारी को इसकी सूचना दे दी गई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकारी आपदा राहत कोष से मिलने वाली सहायता राशि मृतक के परिजनों को जल्द उपलब्ध कराई जाएगी।



घटनास्थल पर जुटे ग्रामीण।

### जमानत के बाद भी नहीं मिली राहत, पूर्व प्रभारी डीएओ हिमांशु कुमार का निलंबन बढ़ा

**रिश्वतकांड में विभाग ने अनुशासनात्मक कार्रवाई की भी शुरू की प्रक्रिया**

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** रिश्वत लेने के मामले में गिरफ्तार हुए जिले के पूर्व प्रभारी जिला कृषि पदाधिकारी (डीएओ) सह अनुमंडल कृषि पदाधिकारी (पूर्वी) हिमांशु कुमार को जमानत मिलने के बाद भी विभाग से राहत नहीं मिली है। कृषि विभाग ने उनकी निलंबन अवधि बढ़ाते हुए उनके खिलाफ विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने का फैसला किया है। कृषि विभाग के अवर सचिव सतीश कुमार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार हिमांशु कुमार का निलंबन उनकी योगदान तिथि 16 मई 2026 से प्रभावी रहेगा। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय संयुक्त निदेशक (शस्य), पटना प्रमंडल कार्यालय निर्धारित किया गया है। बताया गया कि पटना हाईकोर्ट से 14 मई 2026 को जमानत मिलने के बाद हिमांशु कुमार जेल से बाहर आए थे। अगले दिन उन्होंने कृषि विभाग के मुख्यालय पटना में योगदान दिया। इसके बाद विभाग ने उनके निलंबन की अवधि बढ़ाने और विभागीय कार्रवाई शुरू करने का आदेश जारी किया। ज्ञात हो कि विशेष निगरानी इकाई (एसवीयू) ने 18 फरवरी 2026 को हिमांशु कुमार को रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया था। इसके बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। अब जमानत पर रिहा होने के बावजूद विभाग ने उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की प्रक्रिया जारी रखने का निर्णय लिया है।

### रामदयालु सिंह महाविद्यालय में विदाई सह सम्मान समारोह

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** रामदयालु सिंह महाविद्यालय में कार्यरत तृतीय वर्गीय कर्मचारी विजय कुमार की सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में मंगलवार को कॉलेज में विदाई सह-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कॉलेज के शिक्षकों एवं कर्मचारियों में विजय कुमार को माल्यार्पण कर एवं अंगवस्त्रम देकर गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ शशि भूषण कुमार ने उनके कार्यकाल के शानदार सफर और उनके अमूल्य योगदान की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि यह दिन हमारे संस्थान के लिए भावुक पल है। विजय कुमार ने कार्यालय के दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन किया है। विजय जी का कार्य हमेशा प्रेरणादायक रहा है।इनकी ईमानदारी, अनुशासन और कार्य के प्रति समर्पण हम सबों के लिए एक आदर्श उदाहरण है। कोई भी संस्था प्राचार्य या शिक्षकों से नहीं, विजय जी जैसे समर्पित कर्मचारियों की इच्छा शक्ति से चलता है। कार्यालय में आने वाले विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अन्य लोगों के साथ विजय जी का मृदु और सहयोगी व्यवहार हमेशा याद रखा जाएगा। मौके पर कॉलेज के सभी शिक्षक एवं कर्मियों ने विजय कुमार का कार्य के प्रति समर्पण, अनुशासन और अनुभव का जिक्र किया। इसके साथ ही उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु और एक आनंदमय सेवानिवृत्ति जीवन की कामना की गई। वही विजय कुमार ने उपस्थित सभी सहकर्मियों का आभार व्यक्त किया और कॉलेज के सभी सदस्यों से मिले सहयोग के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। मौके पर डॉ नीलिमा झा, डॉ रमेश प्रसाद गुप्ता, डॉ एम एन रजवी, डॉ राजीव कुमार, डॉ जयदीप घोष, डॉ मनोज कुमार सिंह, डॉ नीरज मिश्रा, डॉ भैरवी, डॉ रवि शंकर कुमार, निर्मल कुमार शर्मा, आशीष रंजन, कार्तिक पुरनेंदु, सोनी वर्मा, राहुल कुमार, धीरज कुमार, अशोक कुमार, चंदन कुमार, मनीष कुमार, रूपेश झा, राजेश कुमार, दिगंबर कुमार, डेजी कुमारी, कुमारी निधि, सविता कुमारी समेत सभी सदस्यों ने विजय कुमार के उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु और आनंदमय जीवन की कामना की।



## जिला विकास एवं समन्वय समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने की सभी प्रमुख विभागों की समीक्षा

# जवाबदेही व निष्ठा से काम करें अधिकारी : गौरव

**नवसंदेश ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** जिले में संचालित विकास योजनाओं की प्रगति, आधारभूत संरचना परियोजनाओं की स्थिति तथा संभावित बाढ़ आपदा से निपटने की तैयारियों को लेकर मंगलवार को जिलाधिकारी कुमार गौरव की अध्यक्षता मे उच्चस्तरीय बैठक की गई। बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, भवन निर्माण, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण, ऊर्जा, कृषि, श्रम संसाधन, पशु संसाधन समेत विभिन्न विभागों की योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सरकार की सभी योजनाओं का क्रियान्वयन पूरी जवाबदेही, पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ करने तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने का स्पष्ट निर्देश दिया।

साथ हीं उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता स्वीकार नहीं की जाएगी। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जो योजनाएं बंद हैं, उन्हें शीघ्र चालू कराया जाए ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को पेयजल की समस्या का सामना नहीं करना पड़े। ऊर्जा विभाग कि समीक्षा के दौरान संबंधित अधिकारियो को जिलाधिकारी ने शेष कार्य भी शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया।

शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नियमित उपस्थिति तथा आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने पर विशेष जोर दिया। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच, गैर संचारी रोग (एनसीडी), संस्थागत प्रसव, हाइपरटेंशन एवं डायबिटीज स्क्रीनिंग की विशेष रूप से समीक्षा की गई। इस क्रम में जिलाधिकारी ने गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों को सरकारी अस्पतालों में सभी स्वास्थ्य सेवाएं समय पर और निशुल्क उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने टीबी मुक्त भारत अभियान की समीक्षा करते हुए सर्वेक्षण, संभावित मरीजों की पहचान, समय पर जांच, दवा उपलब्धता और नियमित उपचार सुनिश्चित करने को कहा, ताकि जिले में क्षय रोग उन्मूलन अभियान को और गति मिल सके। श्रम संसाधन विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने शेष पात्र श्रमिकों का भी शीघ्र निबंधन कराने का निर्देश दिया। वहीं संभावित बाढ़ को देखते हुए आपदा प्रबंधन की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई।




विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी कुमार गौरव।

इस दौरान जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग, बिजली विभाग, पथ निर्माण विभाग और ग्रामीण कार्य विभाग सहित सभी संबंधित विभागों को बाढ़ के दौरान त्वरित कार्रवाई करते हुए जनजीवन सामान्य बनाए रखने का निर्देश दिया गया। समीक्षा बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिया कि विकास कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता बनाए रखें, जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करें तथा संभावित बाढ़ जैसी किसी भी आपदा से निपटने के लिए पूरी तैयारी के साथ अलर्ट मोड में रहें।

# शादी समारोह में हर्ष फायरिंग, तीन लोगों को लगी गोली, एक की हालत गंभीर



मामले की जांच के लिए घटनास्थल पर पहुंची पुलिस टीम।

**नशे में धुत एक युवक ने हथियार निकालकर कई राउंड हर्ष फायरिंग कर दी**

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** साहेबगंज थाना क्षेत्र के परसौनी जहाँगीर गांव के वार्ड-21 में सोमवार की रात एक शादी समारोह के दौरान खुशियां उस समय मातम और अफरा-तफरी में बदल गईं, जब कथित हर्ष फायरिंग में तीन लोग गोली लगने से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार बारात लगने के दौरान अचानक हुई फायरिंग से पूरे समारोह में भगदड़ मच गई। जानकारी के अनुसार केसरिया थाना क्षेत्र के जगीराहा गांव से बारात परसौनी जहाँगीर पहुंची थी।

बारात के स्वागत और वैवाहिक रस्मों के दौरान कथित तौर पर नशे में धुत एक युवक ने हथियार निकालकर कई राउंड हर्ष फायरिंग कर दी। इसी दौरान चली गोलियों की चपेट में टेंट संचालक समेत तीन लोग आ गए। इस घटना में टेंट संचालक अनिल पासवान गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए एसकेएमसीएच में भर्ती कराया गया है। वहीं दो अन्य घायलों को बेहतर इलाज के लिए अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि एक घायल व्यक्ति का इलाज मोतिहारी के अस्पताल में कराया जा रहा है। वही तीसरे घायल व्यक्ति को इलाज के लिए मुजफ्फरपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालांकि उन दोनों घायलों की पहचान और स्वास्थ्य की विस्तृत जानकारी अभी नहीं मिल सकी है। घटना की सूचना मिलते ही साहेबगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन मौके से कोई खोखा बरामद नहीं हो सकी है। इस मामले में पुलिस ने बताया कि साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से घटनास्थल से खोखा गायब कर दिया गया है। पुलिस अधिकारियों ने इस संबंध में बताया कि एक घायल का इलाज एसकेएमसीएच में चल रहा है, जबकि अन्य दो के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ की जा रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि फायरिंग किसने और किन परिस्थितियों में की। पुलिस का कहना है कि घटना से संबंधित प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## नीट पेपर लीक के विरोध में शिक्षा मंत्री का पुतला फूंक किया प्रदर्शन

**औराई (एनएसबी)।** नीट पेपर लीक एवं परीक्षा में कथित धांधली के विरोध में मंगलवार को प्रखंड कांग्रेस कमेटी के कार्यकताओं ने औराई के लोहिया चौक पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन कर विरोध-प्रदर्शन किया। कार्यकताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

औराई प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष लक्ष्मण ठाकुर ने मौके पर कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार सामने आ रही अनियमितताओं से लाखों छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। सरकार को दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई कर युवाओं का भरोसा बहाल करना चाहिए। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद कुमार मुकुल ने कहा कि परीक्षा व्यवस्था की निष्पक्षता बनाए रखना सरकार की जिम्मेदारी है। यदि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ जारी रहा तो कांग्रेस आंदोलन को और तेज करेगी। प्रदर्शन में वीरेंद्र सिंह, नागेंद्र सिंह, दिलीप ठाकुर, चंद्रदेव राय, अशफाक अहमद, मनोज साहनी, आमोद मंडल, राम आशीष राम, अरुण ठाकुर, पवन झा, नवल किशोर ठाकुर समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल थे।




प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक के विरोध में केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला जलाकर प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

## कांटी नगर परिषद क्षेत्र में सवा करोड़ की लागत से बनने वाली 3 योजनाओं का विधायक ने किया शिलान्यास

# दो नाला एवं एक बहुप्रतीक्षित मार्ग का जल्द शुरू होगा निर्माण कार्य

**काँटी (एनएसबी)।** कांटी नगर परिषद क्षेत्र में दो नाला और एक बहुप्रतीक्षित कांटी- बहादुरपुर मार्ग के निर्माण कार्य का शिलान्यास मंगलवार को समारोह पूर्वक किया गया। क्षेत्रीय विधायक ई अजीत कुमार ने बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति के बीच इस कार्य योजना की विधिवत आधारशिला रखी। मौके पर उन्होंने बताया कि कांटी कोठिया वार्ड 13 कन्या मध्य विद्यालय के समीप से लोहार टोला तक 25 लाख की लागत से तथा वार्ड 22 कुशी हरपुर में लगभग 9 लाख रुपए की लागत से उपेंद्र ठाकुर के घर से संजीव ठाकुर के घर तक दो नाला का निर्माण कराया जाएगा। वही कांटी हाई स्कूल से बहादुरपुर मार्ग, जिसके निर्माण की प्रतीक्षा क्षेत्र के लोग लंबे समय से करते आ रहे है, उस मार्ग का भी कायाकल्प इस कार्य योजना के तहत कराया जाएगा। इस दौरान मौके पर उपस्थित लोगों ने विधायक अजीत कुमार का फूल माला से भव्य स्वागत किया।

विधायक ने कहा कि काँटी नगर परिषद क्षेत्र के छुटे हुए सभी विकास कार्य भी जल्द संपन्न हो जाएगा। श्री कुमार ने संवेदक को सड़क निर्माण कार्य मानक के अनुरूप कराने का सख्त निर्देश दिया। साथ ही स्थानीय जनता से अपील किया कि वे सड़क निर्माण कार्य की सतत निगरानी करें और किसी भी तरह की गड़बड़ी पर इसकी सूचना उन्हें दें। उन्होंने इस दौरान कांटी नगर परिषद क्षेत्र में जल्द हीं वृद्धआश्रम व कांटी ब्लॉक परिसर में पार्क का निर्माण कराने की घोषणा की और कहा कि इस दोनों कार्य योजना को धरातल पर उतारने के लिए वे प्रयासरत है। श्री कुमार ने कहा कि कांटी हाई स्कूल से बहादुरपुर मार्ग में उनके ही कार्यकाल में ईट की सोलिंग हुई थी और काम वहीं तक होकर रह गया था। पिछ्ले दिनों चुनाव जीतने के बाद गोसाई टोला स्तिथ विषहर स्थान के समीप सम्मान समारोह में उन्होंने घोषणा किया था कि इस सड़क का जल्द निर्माण करवाएंगे, वह वादा आज पूरा करने का अवसर मिला है।

नगर परिषद के सभापति दिलीप कुमार एवं उप सभापति अजय कुमार गुप्ता ने कहा कि विधायक अजीत कुमार के सहयोग से ही नगर परिषद में विकास कार्य तेज गति से हो रहा है। मौके पर नगर पार्षद इनरदेव राम उर्फ पप्पू राम, विजय राम, संजय साह, रुकमणी देवी, राम मोहन पासवान, राम कुमार मोनू, शंभू राम, संतोष पासवान, नाथू पासवान, पार्षद प्रतिनिधि रामनाथ गुप्ता, शंकर प्रसाद, पूर्व पार्षद श्रीराम पांडे, पूर्व मुखिया राजेश पांडे, जय सिंह, मिथुन पासवान, शिवेंद्र ठाकुर, प्रिंस ठाकुर, सोनू कुमार, बैजनाथ ठाकुर, साधु ठाकुर, रघुनाथ ठाकुर, गुड्डू साह ,अतुल कुमार, संतोष सिंह, श्री राम साह, राजेंद्र भगत, मदन प्रसाद कुशवाहा, विनय कुमार, उमेश भगत, मनोज कुमार गुप्ता, संजय साह, अनिल भगत संवेदक विकास कुमार समेत बड़ी संख्या में स्थानीय नगर परिषद क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।




नाला और एक सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास करते विधायक अजीत कुमार।

सीतामढ़ी के मेजरगंज प्रखंड मुबारकपुर स्थित आचार्य सुदर्शन विद्यापीठ में भाजपा जिला कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

# संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त बनाने का लिया संकल्प

नवसंदेश ब्यूरो

**सीतामढ़ी।** जिले के मेजरगंज प्रखंड स्थित आचार्य सुदर्शन विद्यापीठ, मुबारकपुर में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यकर्ता सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने भाग लिया तथा संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

मुख्य अतिथि बिहार सरकार के डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के मंत्री नंद किशोर राम ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसके समर्पित

**कार्यकताओं की सक्रियता और जनता से निरंतर संवाद ही संगठन की सफलता की कुंजी : मंत्री नंदकिशोर राम**

कार्यकर्ता हैं। उन्होंने केंद्र एवं बिहार सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं की सक्रियता और जनता से निरंतर संवाद ही संगठन की सफलता की कुंजी है।

सम्मेलन को सीतामढ़ी विधायक सुनील कुमार पिंटू, बथनाहा विधायक



संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते मंत्री, विधायक, पूर्व विधायक व अन्य।

अनिल राम, परिहार विधायक गायत्री देवी, रीगा विधायक बैद्यनाथ प्रसाद, पूर्व विधायक नगीना देवी तथा पूर्व विधायक रामनरेश यादव ने भी संबोधित किया। सभी वक्ताओं ने संगठन की मजबूती, कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी तथा आगामी राजनीतिक एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों की सफलता पर जोर दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष मनीष कुमार ने की। उन्होंने कार्यकताओं से संगठन के प्रत्येक कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान करते हुए कहा कि कार्यकताओं की मेहनत, समर्पण और अनुशासन ही भाजपा की निरंतर सफलता का आधार है। कार्यक्रम का संचालन सम्मेलन के संयोजक व जिला महामंत्री चुनचुन सिंह ने तथा धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री संदीप राय ने किया।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सुभाष केसरी, नवेंदु कुशवाहा, जिला कोषाध्यक्ष दीपक मस्करा, जिला मंत्री प्रिंस तिवारी, ज्ञानेंद्र कुमार, अवनीश कुमार, विशाल कुमार, राजीव कुमार राजा, मधु पटेल, मिनी राय, गौरव कुमार, अजय सिंह भोला, गगनदेव यादव, प्रदीप कुमार, अरुण सिंह, सुनील गुप्ता, मुना सिंह यादव, रामाधार महतो, अरुण गोप, मानवेंद्र कुशवाहा, श्याम चंद्र सिंह, प्रो. उमेश चंद्र झा, जिया लाल ठाकुर, उमेश गिरी, दर्शन कुमार, प्रभास चंद्र ठाकुर, रुद्रेश कुमार सिंह, नंदेश्वर यादव सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सीतामढ़ी में कार्यरत सरकारी कर्मियों का बड़े पैमाने पर स्थानांतरण

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले में कार्यरत सरकारी कर्मियों का कार्यहित एवं प्रशासनिक दृष्टिकोण से बड़े पैमाने पर स्थानांतरण किया गया है। जून माह के अंतिम दिन अलग अलग विभाग की जारी सूची के अनुसार सैकड़ो कर्मियों का स्थानांतरण किया गया है। सूची में सहायक प्रशासी अधिकारी, प्रधान लिपिक, उच्च वर्गीय लिपिक, निम्न वर्गीय लिपिक एवं संविदा लिपिक तथा सूचना एवं प्रौद्योगिकी सहायक एवं कार्यपालक सहायक शामिल हैं। इसके अतिरिक्त अमीन एवं राजस्व कर्मचारियों, ग्रामीण विकास अभिकरण के अंतर्गत आवास सहायक एवं कार्यपालक सहायकों तथा पंचायत सचिव का स्थानांतरण किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### 32 वर्षों की उत्कृष्ट सेवा के बाद प्रधान शिक्षक सुभाष कुमार रिटायर, विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** प्राथमिक विद्यालय, नया टोला, वार्ड संख्या-1 में विद्यालय परिवार की ओर से प्रधान शिक्षक सुभाष कुमार के सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में शिक्षकों एवं गणमान्य लोगों ने उन्हें शॉल, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके स्वस्थ एवं सुखद जीवन की कामना की।



समारोह में अतिथि, सेवानिवृत्त शिक्षक व अन्य।

श्री सुभाष कुमार ने वर्ष 1994 में बीपीएससी के माध्यम से नियुक्ति प्राप्त की थी। उन्होंने शिक्षा विभाग में 32 वर्षों तक कुशल, कर्तव्यनिष्ठ एवं अनुकरणीय शिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं दीं। उनके सेवाकाल की सभी वक्ताओं ने मुक्तकंठ से सराहना करते हुए कहा कि वे समय के पाबंद, कर्मठ, ऊर्जावान एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव समर्पित रहने वाले शिक्षक रहे हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष सत्येंद्र नारायण मिश्रा, प्रधान सचिव डीएन सिंह राठौड़ तथा संयुक्त प्रधान सचिव रामेश्वर सिंह कुशवाहा उपस्थित रहे। प्रधान सचिव डीएन सिंह राठौड़ ने अपने संबोधन में कहा कि एक कुशल शिक्षक कभी वास्तव में सेवानिवृत्त नहीं होता। शिक्षण कार्य अनुभव आधारित होता है और जितना अधिक अनुभव होगा, उतनी ही सरल एवं प्रभावी शिक्षण शैली विकसित होती है। उन्होंने शिक्षकों की सेवानिवृत्ति की आयु 65 वर्ष किए जाने की मांग करते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों को अनुभवी शिक्षकों के ज्ञान और मार्गदर्शन का अधिक लाभ मिलेगा। जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष सत्येंद्र नारायण मिश्रा ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में अनुभवी शिक्षकों की लगातार कमी होती जा रही है। ऐसे शिक्षकों का अनुभव नई पीढ़ी के लिए अमूल्य धरोहर है। समारोह में जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष सत्येंद्र नारायण मिश्रा, प्रधान सचिव डीएन सिंह राठौड़, संयुक्त प्रधान सचिव रामेश्वर सिंह कुशवाहा, गोप गुट के सचिव विपिन प्रसाद, राज्य उपाध्यक्ष कमलेश कुमार, उदय सिंह, चंद्रशेखर मिश्रा, राहुल कुमार, अरुण कुमार, वार्ड पार्षद शत्रुघ्न प्रसाद, काशी प्रसाद, गौतम कुमार, ज्योति कुमारी, मोहन बैठा, गीता कुमारी, संजू कुमारी सहित विद्यालय परिवार के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### कमला गर्ल्स हाई स्कूल में छात्राओं के बीच महिला सुरक्षा एवं जनजागरूकता पर कार्यक्रम

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार महिला थानाध्यक्ष के नेतृत्व में कमला गर्ल्स हाई स्कूल में महिला सुरक्षा एवं जनजागरूकता अभियान आयोजित किया गया। अभियान का उद्देश्य छात्राओं एवं महिलाओं को उनकी सुरक्षा, कानूनी अधिकारों तथा साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान महिला सुरक्षा, महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित कानूनों, घरेलू हिंसा से संरक्षण, डायल-112 आपातकालीन सेवा, महिला हेल्पलाइन, साइबर हेल्पलाइन तथा अन्य सुरक्षा संबंधी सेवाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर पुलिस पदाधिकारियों द्वारा साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों के मद्देनजर छात्राओं को सतर्क एवं जागरूक रहने की सलाह दी गई। उन्हें ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, ओटीपी साझा करने के जोखिम, बैंकिंग फ्रॉड तथा सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले अपराधों से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। साथ ही अपील की गई कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी अथवा संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल स्थानीय थाना अथवा साइबर हेल्पलाइन 1930 पर दें। मौके पर अन्य पुलिस पदाधिकारीगण एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।



छात्राओं को सम्बोधित करतीं महिला थानाध्यक्ष।

### सीतामढ़ी जिले के दर्जनों नवसृजित प्राथमिक विद्यालयों का किया गया संविलियन मुक्त

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले के 96 प्राथमिक विद्यालय को भूमि एवं भवन के अभाव में निकटवर्ती विद्यालयों में विगत दो वर्ष पहले संविलियन कर दिया गया था। इस बाबत तिरहुत स्नातक एमएलसी बंशीधर ब्रजवासी ने विधान परिषद के निवेदन समिति एवं प्राथमिक शिक्षा निदेशक को पत्र देकर भूमि एवं भवन युक्त नवसृजित प्राथमिक विद्यालय के संविलियन को मुक्त करने का आग्रह किया था। पत्र में विधान पार्षद बंशीधर ब्रजवासी ने आरोप लगाया की रुन्नीसैदपुर प्रखंड के 19 नवसृजित प्राथमिक विद्यालय जिनके पास भूमि एवं भवन मौजूद है उनको भी निकटवर्ती विद्यालय में संविलियन कर दिया गया, जिसके कारण वहां पढ़ रहे अभिवंचित वर्ग के छात्रों को परेशानी उठानी पड़ रही है। विधान पार्षद के इस पहल पर जिला शिक्षा पदाधिकारी सीतामढ़ी ने जिले के रुन्नीसैदपुर प्रखंड के भूमि एवं भवन युक्त नवसृजित प्राथमिक विद्यालय क्रमशः मुस्लिम टोल दशई , प्रा वि बिंद टोल , प्रा वि कल्याणी टोल, प्रा वि अनुसूचित जाति टोल तिलक ताजपुर , प्रा वि बलिगढ़ वार्ड नंबर 2, प्रा वि बगाही टोल, प्रा वि गंगवाड़ा हरिजन टोल, प्रा वि हरनाकर टोल, प्रा वि थममा पूर्वी टोल , प्रा वि नोनिया टोला बरहेटा , प्रा वि सुहईगढ़ वार्ड नंबर 1 , प्रा वि नयावास तिलक ताजपुर विद्यालय का विभिन्न विद्यालयों में संविलियन से मुक्त करने का आदेश दिया है। उक्त विद्यालयों को निकटवर्ती विद्यालयों से संविलियन से मुक्त करने के आदेश पर वहां के ग्रामीण एवं शिक्षकों में हर्ष व्याप्त है। ग्रामीणों, शिक्षकों एवं शिक्षक संघों ने हर्ष व्यक्त करते हुए व्यक्त करते हुए एमएलसी बंशीधर ब्रजवासी एवं शिक्षा विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया।

**रंग लायी विधान पार्षद बंशीधर ब्रजवासी की पहल**

आईसीडीएस के कार्यो की समीक्षा बैठक में लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि के लिए डीएम ने दिए निर्देश

# तय मानकों पर करें पूरक पोषाहार का वितरण

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी रिची पांडेय की अध्यक्षता में मंगलवार को परिचर्चा भवन में आईसीडीएस के कार्यों की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना एवं मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना में लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि हेतु कड़े निर्देश दिए गए।

बैठक में पोषक क्षेत्र में आने वाले इच्छुक सभी लाभुकों को नियमानुसार लाभ देने हेतु सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में सभी सीडीपीओ को निर्देशित किया गया कि आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए शीघ्र भूमि चिन्हित करने की दिशा में अग्रेत्तर कार्रवाई करें।

समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों का नियमित एवं समयबद्ध संचालन सुनिश्चित किया जाए तथा केंद्रों पर बच्चों एवं गर्भवती एवं धात्री महिलाओं की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु विशेष प्रयास किए जाएं।

उन्होंने निर्देश दिया कि पूरक पोषाहार का वितरण निर्धारित मानकों एवं समय-सीमा के अनुरूप किया जाए तथा इसकी नियमित निगरानी की जाए। बच्चों के वजन एवं लंबाई का मापन समय पर कर कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों की पहचान करते हुए उन्हें आवश्यक पोषण एवं स्वास्थ्य सेवाओं से आच्छादित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, एनीमिया नियंत्रण एवं संतुलित पोषण के संबंध में नियमित रूप से जागरूक किया जाए।



आईसीडीएस के कार्यो की समीक्षात्मक बैठक करते जिलाधिकारी रिची पांडेय।

उन्होंने निर्देश दिया कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर प्री-स्कूल शिक्षा गतिविधियों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जाए तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल एवं शिक्षण सामग्री का समुचित उपयोग किया जाए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आंगनबाड़ी केंद्रों के नियमित निरीक्षण एवं अनुश्रवण की व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा निरीक्षण के दौरान पाई जाने वाली कमियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर दूर कराया जाए। कार्यों में लापरवाही अथवा अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण एवं प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल से संबंधित कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में डीपीओ आईसीडीएस, सभी सीडीपीओ, एलएस उपस्थिति थी।

## बीपीएससी उतीर्ण कर पदाधिकारी बनने वाले बैरगनिया के अभ्यर्थियों का किया गया सम्मान



सम्मान समारोह में बीपीएससी उतीर्ण कर पदाधिकारी बनने वाले अभ्यर्थी व अन्य।

**बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** प्रखंड के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से बीपीएससी उतीर्ण कर एसडीएम सहित अन्य पदाधिकारी बनने वाले युवक, युवतियां व महिलाओं को अलग-अलग स्थानों पर कार्यक्रमों के बीच उनका अभिनन्दन कर सम्मानित किया गया है।कड़ी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के बल पर बच्चों को ट्यूशन पढ़ाते हुए 70 वीं बीपीएससी परीक्षा में उतीर्ण शहर के पटेल टोला निवासी स्व. रामबाबू पटेल की पुत्री सुषमा पटेल ग्रामीण विकास पदाधिकारी अपने लक्ष्य को हासिल कर लिया।

इस उपलब्धि पर मंगलवार को बैरगनिया पहुंचें सुषमा को नगरवासियों ने भव्य स्वागत किया तो पटेल टोला में कार्यक्रम का आयोजन कर अभिनंदन एवं स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के पूर्व मंत्री मोतीलाल प्रसाद सहित बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। लोगों ने सुषमा को फूल-माला पहनाकर एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया तथा उनकी सफलता पर बधाई दी। इसके पूर्व ग्रामीण क्षेत्र के जमुआ में बीपीएससी उतीर्ण कर एसडीएम बनी राजकुमार प्रसाद (अमीन) की पुत्रबधू निभा कुमारी को एक कार्यक्रम के तहत अभिनन्दन, स्वागत किया गया।पूर्व मंत्री श्री प्रसाद ने निभा का अभिनन्दन, स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इधर नगर परिषद के सभापति सिंधु गुप्ता, समाजिक कार्यकर्ता ब्रजमोहन कुमार के पुत्र राहुलेन्द्र कुमार के एसडीएम एवं पुत्री सुष्मिता गुप्ता को एससीएसटी के बेलफेयर पदाधिकारी बनने पर काली मंदिर में माता की पूजा-अर्चना के बाद दोनों उतीर्ण भाई-बहन को मंदिर के अध्यक्ष नीरज जायसवाल, जितेंद्र शर्मा, समाजिक कार्यकर्ता राजेश कुमार सहित कई गणमान्य लोगों ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया है।

## सात निश्चय-3 के तहत उन्नत शिक्षा-उज्ज्वल भविष्य संकल्प को ले जिले के 9 प्रखंडों में डिग्री कॉलेज के संचालन की तैयारी

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी रिची पांडेय की अध्यक्षता में डिग्री कॉलेज संचालन की तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में नामित प्राचार्यों और संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश दिए गए। जिले के बाजपट्टी, बोखरा, चूरौत, मेजरगंज, नानपुर, परसौनी, रुन्नीसैदपुर, सोनबरसा और सुप्पी प्रखंडों में फिलहाल चिह्नित सरकारी भवनों में डिग्री कॉलेजों का संचालन शुरू किया जाएगा। जिलाधिकारी ने भवन प्रमंडल को निर्देश दिया कि शीघ्र अपना कार्य पूर्ण करें। साथ ही सभी चिन्हित स्थलों पर सुरक्षा के दृष्टिकोण से चौकीदार की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि कॉलेजों के शुरू होने से ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों के युवाओं को स्थानीय स्तर पर उच्च शिक्षा उपलब्ध होगी। इससे उच्च शिक्षा में नामांकन दर बढ़ेगी तथा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के विद्यार्थियों को भी बड़ा लाभ मिलेगा। बैठक में शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों के साथ सभी तकनीकी विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।



कॉलेज के संचालन तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी व उपस्थित अन्य।

## यूजी पंचम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को विभिन्न क्षेत्रों में कराया जाएगा इंटर्नशिप

नवसंदेश ब्यूरो

**सीतामढ़ी।** नगर स्थित एसएलके कालेज में प्राचार्य प्रो. डा. वीरेन्द्र चौधरी की अध्यक्षता में इंटर्नशिप सेल की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में यूजी पंचम सेमेस्टर सत्र 2023-27 के छात्र-छात्राओं को विभिन्न क्षेत्रों में सुगमता एवं बिना किसी असुविधा के इंटर्नशिप उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक तैयारियों एवं कार्ययोजना पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि विद्यार्थियों को उनकी रुचि एवं विषय के अनुरूप प्रतिष्ठित संस्थानों, उद्योगों, शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी एवं गैर-सरकारी संगठनों सहित विभिन्न क्षेत्रों में इंटर्नशिप का अवसर उपलब्ध कराया जाए। साथ ही इंटर्नशिप प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी एवं छात्रहित में बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने पर भी चर्चा हुई, ताकि किसी भी छात्र-छात्रा को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

मौके से इंटर्नशिप सेल के नोडल सह विभागाध्यक्ष भौतिकी विभाग प्रो. सुजय कुमार, नोडल सह विभागाध्यक्ष, संस्कृत विभाग डा. चंद्रभूषण, सदस्य एवं विभागाध्यक्ष, मनोविज्ञान विभाग डा. कुमार ओम प्रकाश, सदस्य एवं विभागाध्यक्ष, दर्शन शास्त्र विभाग डा. समन बानो तथा सदस्य एवं प्रधान सहायक ई. अभिषेक रंजन मौजूद थे। बैठक में सभी सदस्यों ने इंटर्नशिप व्यवस्था को अधिक प्रभावी एवं छात्र-हितैषी बनाने के संबंध में अपने-अपने सुझाव एवं विचार साझा किए।

अंत में निर्णय लिया गया कि इंटर्नशिप से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश एवं आवश्यक सूचना शीघ्र ही महाविद्यालय द्वारा छात्र-छात्राओं के लिए जारी की जाएगी।



एसएलके कालेज में इंटर्नशिप सेल की बैठक करते प्राचार्य व उपस्थित विभागाध्यक्ष व अन्य।

# कुरआन शरीफ हिफ्ज कर सोहराब बने हाफिज को किया गया सम्मानित

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** ऑल इंडिया मिल्ली कॉउन्सिल सीतामढ़ी के अध्यक्ष एवं इमारत ए शरिया कमेटी जिला के ज्वॉइंट सेक्रेटरी मौलाना इश्तेयाक आलम के पुत्र मो. सोहराब इश्तेयाक ने मुकम्मल तौर पर पवित्र कुरआन शरीफ हिफ्ज कर हाफिज-ए-कुरआन बनने का गौरव हासिल किया। इस खुशी के मौके पर उनके सम्मान में एक पुपरी प्रखंड स्थित मदरसा जामिअतुल हबीब मौलानागर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में मदरसा के छात्रों, उलेमा, बुद्धिजीवी, रिश्तेदार और स्थानीय लोग शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरूआत तिलावत-ए-कुरआन से हुई। इसके बाद उलेमा-ए-किराम ने हाफिज-ए-कुरआन बनने की फजीलत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कुरआन को अपने सीने में महफूज करना बहुत बड़ा सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि बच्चों को दीनी तालीम के साथ-साथ आधुनिक शिक्षा भी दिलाना समय की अहम जरूरत है।



दस्तारबंदी समारोह में सम्मानित हाफिज मो. सोहराब इश्तेयाक व अन्य।

इस अवसर पर मौलाना अमानत अली मजाहरी ने कहा कि कुरआन इंसानियत को सीधी राह दिखाने वाली किताब है। हाफिज बने सोहराब के पिता इश्तेयाक आलम ने कहा कि, यह हमारे पूरे परिवार के लिए अल्लाह की बहुत बड़ी नेमत और खुशी का दिन है। हम अपने बेटे की इस कामयाबी पर अल्लाह का शुक्र अदा करते हैं।

समारोह के दौरान उलेमा-ए-किराम ने हाफिज सोहराब इश्तेयाक की दस्तारबंदी कर उन्हें दुआओं से नवाजा। उपस्थित लोगों ने भी उन्हें मुबारकबाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य लोग, उलेमा, रिश्तेदार एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित थे। जिनमें मौलाना मुमताज अहमद कासमी, मौलाना अजहरुद्दीन दिलकश, मौलाना मोहम्मद अली, पत्रकार मो. अरमान अली, मो. कमर अख्तर,क़लीम अख़्तर शफीक , कारी समीरुद्दीन, मो. शादाब इश्तेयाक, मो. महताब इश्तेयाक, शाकिर अफरीदी खान, कासिद हसन, मो. अख्तर, मो. अनस, मदरसा के नाजिम मौलाना महफूज आलम कासमी, मौलाना व कारी शरफे आलम कासमी, कारी शहाबुद्दीन, मौलाना मुद्दस्सिर कासमी, कारी परवेज, कारी इकराम शामिल हैं।

## सम्पादकीय

### जमीन के कागजात में हेराफेरी रोकने में कारगर होगा पेपरलेस भूमि निबन्धन

बिहार में जमीन से जुड़े मामलों और उनकी जटिलताओं का एक लंबा इतिहास रहा है। राज्य में अदालतों और थानों में दर्ज होने वाले अधिकांश मामले प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से भूमि विवाद से ही जुड़े होते हैं। इसी ऐतिहासिक समस्या को जड़ से खत्म करने और आम नागरिकों को सहूलियत देने के उद्देश्य से बिहार सरकार ने ई-गवर्नेंस की दिशा में एक युगांतरकारी कदम उठाया है। जुलाई महीने से (विशेषकर 15 जुलाई से) बिहार में जमीन और संपत्ति की रजिस्ट्री प्रक्रिया पूरी तरह से पेपरलेस और डिजिटल होने जा रही है। नई व्यवस्था के तहत अब निबंधन कार्यालयों में किसी भी प्रकार का अफलाइन दस्तावेज स्वीकार नहीं किया जाएगा। आवेदन से लेकर दस्तावेजों की जांच, सत्यापन और अंततः डीड (केवाला) प्राप्त करने तक की संपूर्ण प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से पूरी की जाएगी। सबसे बड़ी और क्रांतिकारी बात यह है कि रजिस्ट्री पूरी होने के बाद पंजीकृत डीड का पीडीएफ लिंक सीधे खरीदार और विक्रेता के मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से आ जाएगा, जिसे वे कभी भी डाउनलोड कर सकते हैं।

इस पूरी तरह से डिजिटल हो चुकी प्रणाली के फायदे अत्यंत व्यापक और दूरगामी हैं। सबसे पहला और सबसे बड़ा फायदा समय और धन की बचत का है। पहले एक आम आदमी को जमीन की रजिस्ट्री कराने के लिए कई दिनों तक निबंधन कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ते थे। लंबी कतारें, बाबू संस्कृति और फाइलों के अंबार के बीच एक छोटा सा काम भी पहाड़ जैसा लगता था। अब चूंकि दस्तावेजों को ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करना होगा और उनका सत्यापन भी डिजिटल माध्यम से होगा, इसलिए प्रक्रिया में अभूतपूर्व गति आएगी। डीड की हार्ड कॉपी प्राप्त करने के लिए अब लोगों को हफ्तों तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा और न ही कार्यालय के बाबुओं की मिन्नतें करनी पड़ेंगी। मोबाइल पर डीड आ जाने से दस्तावेजों के खोने, फटने या दीमक लगने का डर भी हमेशा के लिए समाप्त हो जाएगा। डिजिटल रिकॉर्ड होने के कारण भविष्य में कभी भी, कहीं से भी अपने दस्तावेजों को एक्सेस करना संभव होगा, जो इसे एक अत्यधिक सुरक्षित प्रणाली बनाता है।

इस नई प्रणाली का दूसरा सबसे बड़ा लाभ पारदर्शिता और भ्रष्टाचार पर लगाम के रूप में सामने आएगा। पुरानी व्यवस्था में बिचौलियों का एक बड़ा नेटवर्क सक्रिय रहता था जो आम लोगों से जल्दी काम कराने के नाम पर मोटी रकम वसूलता था। ऑनलाइन प्रक्रिया होने से मानवीय हस्तक्षेप न्यूनतम हो जाएगा, जिससे भ्रष्टाचार की गुंजाइश स्वतः ही खत्म हो जाएगी। इसके अतिरिक्त, नई व्यवस्था में जीआईएस मैपिंग जैसी तकनीकों का समावेश किया जा रहा है। इसका अर्थ यह है कि जमीन की भौगोलिक स्थिति और उसकी पहचान पूरी तरह से स्पष्ट होगी। इससे एक ही जमीन को कई लोगों को बेचने (डुप्लीकेट बिक्री) और फर्जीवाड़े के मामलों पर लगभग पूरी तरह से अंकुश लग जाएगा। जमीन का असली मालिक कौन है, इसकी जानकारी सरकारी पोर्टल पर पूरी तरह से पारदर्शी होगी, जिससे जमीन खरीदने वाले को किसी भी प्रकार के धोखे का शिकार नहीं होना पड़ेगा।

जब हम इस नई व्यवस्था की बात करते हैं, तो एक बहुत ही महत्वपूर्ण सवाल कातिबों या दस्तावेज नवीसों (डीड राइटर्स) के भविष्य को लेकर उठता है। बिहार के निबंधन कार्यालयों के बाहर बरगद या पीपल के पेड़ के नीचे टाइपराइटर या कलम-दवात लेकर बैठे कातिब दशकों से जमीन रजिस्ट्री का एक अभिन्न अंग रहे हैं। ऐतिहासिक रूप से देखें तो कातिबों का काम सिर्फ लिखना नहीं था, बल्कि वे कानूनी दांव-पेंच और उस विशिष्ट भाषा के जानकार माने जाते थे जिसमें जमीन के दस्तावेज (केवाला) तैयार किए जाते थे। इन दस्तावेजों में उर्दू, फारसी और जटिल हिंदी के ऐसे शब्दों का प्रयोग होता था जिसे समझना एक आम पढ़े-लिखे इंसान के बस की बात भी नहीं थी। इसी भाषाई जटिलता और कानूनी अज्ञानता ने कातिबों के एकाधिकार को जन्म दिया। कोई भी व्यक्ति बिना कातिब की मदद के अपनी जमीन की रजिस्ट्री का दस्तावेज तैयार करने की सोच भी नहीं सकता था और इसके एवज में कातिबों द्वारा मनमाना शुल्क वसूला जाता था।

यह कहा जा सकता है कि जुलाई से लागू होने वाली यह मोबाइल डीड और ऑनलाइन रजिस्ट्री व्यवस्था बिहार के प्रशासनिक सुधारों के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होगी। यह न केवल आम आदमी को सरकारी दफ्तरों की लालफीताशाही और भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाएगी, बल्कि राज्य में भूमि विवादों के कारण होने वाले सामाजिक तनाव और अपराधों में भी भारी कमी लाएगी।

# यूरोप में झुलसती जिंदगियां, गम्भीर चेतावनी


पार्थ सारथी विश्वकर्मा

यूरोपीय महाद्वीप, जिसे ऐतिहासिक रूप से उसकी सुहावनी, ठंडी और समशीतोष्ण जलवायु के लिए जाना जाता रहा है, आज एक अभूतपूर्व और भयावह मौसमी संकट के दौर से गुजर रहा है। पिछले कुछ वर्षों में और विशेषकर हाल के समय में, यूरोप के कई देशों ने ऐसी भीषण गर्मी का सामना किया है, जिसकी कल्पना वहां के निवासियों ने कभी नहीं की थी।

स्पेन, इटली, फ्रांस, ग्रीस और यहां तक कि ब्रिटेन जैसे देश, जहां गर्मियां आमतौर पर हल्की और आनंददायक हुआ करती थीं, अब हीटवेव यानी लू के थपेड़ों और झुलसा देने वाले तापमान का केंद्र बन गए हैं।

यह स्थिति केवल एक मौसम का बदलता मिजाज नहीं है, बल्कि यह एक गहरी पर्यावरणीय और जलवायु संबंधी चेतावनी है, जो इस बात का स्पष्ट संकेत दे रही है कि हमारी पृथ्वी का संतुलन किस खतरनाक स्तर तक बिगड़ चुका है। यूरोप में पड़ रही यह भीषण गर्मी कोई सामान्य घटना नहीं है, यह एक ऐसा जलवायु आपातकाल है जिसने जनजीवन, अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और बुनियादी ढांचे को झकझोर कर रख दिया है।

इस भीषण गर्मी का सबसे पहला और सबसे सीधा प्रभाव मानव स्वास्थ्य पर पड़ा है, जो बेहद चिंताजनक और कई मायनों में दुखद रहा है। यूरोपीय देशों की वास्तुकला और जीवनशैली कभी भी अत्यधिक उच्च तापमान को ध्यान में रखकर नहीं बनाई गई थी। वहां के अधिकांश घरों, कार्यालयों और सार्वजनिक परिवहन प्रणालियों में एयर कंडीशनिंग (वातानुकूलन) की सुविधा नहीं है, क्योंकि ऐतिहासिक रूप से इसकी कभी आवश्यकता ही महसूस नहीं की गई। जब तापमान अचानक 40 डिग्री सेल्सियस के आंकड़े को पार कर जाता है, तो ये ईंट और पत्थर से बने घर ओवन यानी भट्ठी में तब्दील हो जाते हैं। इस असहनीय गर्मी के कारण हीटस्ट्रोक (लू लगना), निर्जलीकरण (डिहाइड्रेशन) और हृदय व श्वसन संबंधी बीमारियों में अचानक वृद्धि देखने को मिली है। सबसे अधिक खतरा बुजुर्गों, बच्चों और पहले से ही किसी बीमारी से ग्रस्त लोगों को होता है।

आंकड़े बताते हैं कि यूरोप में हर साल हीटवेव के कारण हजारों अतिरिक्तमौतें दर्ज की जा रही हैं, जो सीधे तौर पर तापमान में हुई इस असामान्य वृद्धि का परिणाम हैं। अस्पताल और स्वास्थ्य सेवाएं, जो आमतौर पर सर्दियों में फ्लू जैसी बीमारियों के लिए तैयार रहती हैं, अब गर्मियों के मौसम में हीटवेव से पीड़ित मरीजों की भारी आमद से जूझ रही हैं, जिससे स्वास्थ्य प्रणालियों पर भारी दबाव पड़ रहा है।

मानव स्वास्थ्य के साथ-साथ, यूरोप का प्राकृतिक पर्यावरण भी इस भयंकर गर्मी के कारण त्राहि-त्राहि कर रहा है। उच्च तापमान और लंबे समय तक बारिश न होने के कारण पूरे महाद्वीप में भयंकर सूखे की स्थिति उत्पन्न हो गई है। जंगलों में लगने वाली आग (वाइल्ड फायर) की घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि हुई है।

स्पेन, पुर्तगाल, इटली और ग्रीस जैसे भूमध्यसागरीय देशों में हर साल लाखों हेक्टेयर हरे-भरे जंगल आग की भेंट चढ़ रहे हैं। ये आग न केवल अमूल्य जैव विविधता को नष्ट कर रही हैं, बल्कि आसपास के रिहायशी इलाकों को भी खाक में मिला रही हैं, जिससे हजारों लोगों को अपना घर बार छोड़कर विस्थापित होना पड़ रहा है। आग बुझाने वाले दल अपनी पूरी क्षमता के साथ काम करने के बावजूद प्रकृति के इस रौद्र रूप के सामने अक्सर बेबस नजर आते हैं। इसके अलावा, जंगलों की आग से निकलने वाला भारी धुंआ हवा की गुणवत्ता को इस हद तक खराब कर देता है कि सैकड़ों किलोमीटर दूर रहने वाले लोगों के लिए भी सांस लेना मुश्किल हो जाता है, जिससे सार्वजनिक स्वास्थ्य का एक नया संकट पैदा होता है।

इस गर्मी और सूखे का एक और विनाशकारी प्रभाव यूरोप की प्रमुख नदियों और जल स्रोतों पर पड़ा है। राइन, पो, डेन्यूब और टेम्स जैसी ऐतिहासिक नदियां, जो यूरोप की जीवनरेखा मानी जाती हैं, अपने इतिहास के सबसे निचले जल स्तर पर पहुंच गई हैं। नदियों के सूखने का प्रभाव बहुआयामी है। सबसे पहले, इसने माल ढुलाई और नौवहन (नेविगेशन) को बुरी तरह प्रभावित किया है। यूरोप का एक बड़ा हिस्सा व्यापार और रसद के लिए इन अंतर्देशीय जलमार्गों पर निर्भर करता है। जल स्तर कम होने के कारण मालवाहक जहाज अपनी पूरी क्षमता से नहीं चल पा रहे हैं, जिससे आपूर्ति श्रृंखलाएं (सप्लाई चेन) बाधित हुई हैं और परिवहन लागत में भारी उछाल आया है।

इसके साथ ही, नदियों का पानी कम होने से बिजली उत्पादन पर भी गंभीर असर पड़ा है। फ्रांस जैसे देश, जो अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए बड़े पैमाने पर परमाणु ऊर्जा पर निर्भर हैं, उन्हें अपने रिएक्टरों को ठंडा करने के लिए नदियों के पानी की आवश्यकता होती है। जब नदियों का पानी पहले से ही बहुत गर्म होता है या उसका स्तर बहुत कम हो जाता है, तो रिएक्टरों को मजबूरन बंद करना पड़ता है या

> **यूरोपीय देशों में पड़ रही यह भीषण गर्मी कोई अस्थायी मौसम का उतार-चढ़ाव नहीं है, बल्कि यह हमारे द्वारा प्रकृति के साथ की गई छेड़छाड़ का एक डरावना परिणाम है। यह इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि जलवायु परिवर्तन कोई भविष्य का खतरा नहीं है, बल्कि वह हमारे दरवाजे पर दस्तक दे चुका है और हमारे वर्तमान को नष्ट कर रहा है। झुलसते जंगल, सूखती नदियां, पिघलती सड़कें और गर्मी से दम तोड़ते लोग इस बात की गवाही दे रहे हैं कि यदि हमने अब भी ठोस कदम नहीं उठाए, तो स्थिति और भी भयावह हो जाएगी।**

उनकी उत्पादन क्षमता घटानी पड़ती है। इसी तरह, पनबिजली (हाइड्रोइलेक्ट्रिक) उत्पादन भी जल स्तर कम होने के कारण औंधे मुंह गिर गया है, जिससे यूरोप में ऊर्जा संकट और गहरा गया है।

कृषि क्षेत्र, जो किसी भी अर्थव्यवस्था की रीढ़ होता है, गर्मी के इस कहर से अछूता नहीं है। असामान्य गर्मी और वर्षा की कमी ने यूरोप में कृषि चक्र को पूरी तरह से बाधित कर दिया है। मिट्टी की नमी खत्म हो गई है, जिससे फसलों का विकास रुक गया है। गेहूं, मक्का, सूरजमुखी और सोयाबीन जैसी प्रमुख फसलों की पैदावार में भारी गिरावट दर्ज की गई है। इसके अलावा, इटली और स्पेन जैसे देशों में, जो अपने जैतून के तेल (आलिव आयल) और अंगूर के बागों (वाइन उत्पादन) के लिए विश्व प्रसिद्ध हैं, वहां की फसलें गर्मी से झुलस गई हैं। कृषि उत्पादन में इस भारी कमी का सीधा असर खाद्य सुरक्षा पर पड़ रहा है। बाजारों में ताजे फलों, सब्जियों और अनाज की कमी के कारण खाद्य पदार्थों की कीमतें आसमान छूने लगी हैं, जिससे आम जनता पर महंगाई का बोझ और बढ़ गया है। यह स्थिति न केवल किसानों की आजीविका को संकट में डाल रही है, बल्कि वैश्विक खाद्य आपूर्ति श्रृंखला पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल रही है, क्योंकि यूरोप कई कृषि उत्पादों का एक प्रमुख निर्यातक भी है।

बुनियादी ढांचे की बात करें तो, यूरोप की सड़कें, रेलवे ट्रैक और इमारतें इस नई चरम जलवायु को सहने के लिए नहीं बनाई गई थीं। भीषण गर्मी के कारण सड़कों का डामर पिघलने लगा है, जिससे यातायात बाधित होता है और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। रेलवे लाइनों के अत्यधिक गर्मी के कारण मुड़ने या फैलने का खतरा रहता है, जिसके परिणामस्वरूप ट्रेनों की गति को कम करना पड़ता है या कई बार सेवाएं पूरी तरह से रद्द करनी पड़ती हैं। यह सब मिलकर दैनिक जीवन और व्यावसायिक गतिविधियों को बुरी तरह प्रभावित करता है। यहां तक कि कई इमारतों की छतों और दीवारों में भी गर्मी के कारण दरारें आने की खबरें सामने आई हैं। इन बुनियादी ढांचों की मरम्मत और उन्हें जलवायु परिवर्तन के अनुकूल बनाने के लिए अब यूरोपीय सरकारों को अरबों यूरो का अतिरिक्तनिवेश करना पड़ रहा है, जो अर्थव्यवस्था पर एक अप्रत्याशित और भारी बोझ है।

अब इस महत्वपूर्ण सवाल पर आते हैं कि आखिर वह कौन सी वजहें हैं जिन्होंने यूरोप को भट्ठी में तब्दील कर दिया है वैज्ञानिक शोध और जलवायु विशेषज्ञों का स्पष्ट रूप से मानना है कि इसका सबसे बड़ा और प्राथमिक कारण मानव जनित जलवायु परिवर्तन (क्लाइमेट चेंज) और ग्लोबल वार्मिंग है। औद्योगिक क्रांति के बाद से ही मनुष्य लगातार जीवाश्म ईंधन (कोयला, तेल और गैस) को जला रहा है, जिससे वायुमंडल में कार्बन डाइअक्साइड और मीथेन जैसी ग्रीनहाउस गैसों की मात्रा में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। ये गैसें पृथ्वी के वायुमंडल में एक कंबल की तरह काम करती हैं, जो सूर्य की गर्मी को वापस अंतरिक्ष में जाने से रोकती हैं। इस ग्रीनहाउस प्रभाव के कारण पृथ्वी का औसत वैश्विक तापमान लगातार बढ़ रहा है। वर्ल्ड वेदर एट्रिब्यूशन जैसे वैज्ञानिक समूहों के अध्ययनों ने यह साबित किया है कि जलवायु परिवर्तन के बिना यूरोप में इस तरह की भीषण और लगातार हीटवेव का आना लगभग असंभव था। ग्लोबल वार्मिंग ने न केवल गर्मी की लहरों की आवृत्ति (फ्रीक्वेंसी) बढ़ा दी है, बल्कि उनकी तीवता और अवधि को भी कई गुना ज्यादा खतरनाक बना दिया है।

जलवायु परिवर्तन के इस बड़े परिदृश्य के भीतर, कई विशिष्ट वायुमंडलीय घटनाएं भी हैं जो यूरोप की वर्तमान स्थिति के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार हैं। इनमें से एक प्रमुख कारक जेट स्ट्रीम के व्यवहार में आ रहा बदलाव है। जेट स्ट्रीम वायुमंडल में ऊंचाई पर बहने वाली तेज हवाओं की एक पट्टी है, जो मौसम प्रणालियों को पश्चिम से पूर्व की ओर ले जाती है। आमतौर पर यह मौसम को गतिशील रखती है। लेकिन, आर्कटिक (उत्तरी ध्रुव) के तेजी से गर्म होने के कारणजो दुनिया के बाकी हिस्सों की तुलना में बहुत तेजी से गर्म हो रहा है भूमध्य रेखा और आर्कटिक के बीच तापमान का अंतर कम हो गया है। इस कम हुए अंतर के कारण जेट स्ट्रीम धीमी पड़ गई है और इसका आकार लहरदार हो गया है। जब जेट स्ट्रीम धीमी होती है, तो मौसम प्रणालियां एक ही जगह पर लंबे समय तक रुक जाती हैं। इस स्थिति में, उच्च दबाव वाले क्षेत्र, जिन्हें हीट डोम कहा जाता है, यूरोप के ऊपर स्थापित हो जाते हैं।

हीट डोम एक प्रकार का वायुमंडलीय ढक्कन है जो गर्म हवा को एक बड़े क्षेत्र के ऊपर फंसा लेता है। यह उच्च दबाव वाला क्षेत्र बादलों को बनने से रोकता है, जिससे सूरज की किरणें सीधे धरती पर पड़ती हैं और तापमान को लगातार बढ़ाती रहती हैं। जब गर्म हवा ऊपर उठने की कोशिश करती है, तो उच्च दबाव उसे वापस नीचे धकेल देता है, जिससे हवा और अधिक गर्म हो जाती है। यह चक्र तब तक चलता रहता है जब तक कि वायुमंडलीय पैटर्न में कोई बड़ा बदलाव न आ जाए। यही कारण है कि यूरोप में हीटवेव अब कुछ दिनों तक सीमित न रहकर हफ्तों तक खिंच जाती हैं। इसके अलावा, जेट स्ट्रीम के लहरदार होने के कारण, कई बार उत्तरी अफ्रीका और सहारा रेगिस्तान से आने वाली अत्यंत गर्म और शुष्क हवाएं (जिन्हें सिराको हवाएं भी कहा जाता है) भूमध्य सागर को पार करके सीधे दक्षिणी और मध्य यूरोप में प्रवेश कर जाती हैं।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व स्तम्भकार हैं।)*

## सीखने की कोई उम्र नहीं : अशिक्षित वार्ड सदस्य बनी समुदाय परिवर्तन की उत्प्रेरक

**ग्रामीण** बिहार में एक अशिक्षित महिला ने साबित कर दिया है कि सही मार्गदर्शन और इच्छाशक्ति से कोई भी सामुदायिक नेता बन सकता है।

सही प्रशिक्षण और निरंतर समर्थन के साथ दरभंगा जिले के बिरौल ब्लक अंतर्गत लदहो पंचायत की वार्ड नंबर 03 की 59 वर्षीय वार्ड सदस्य फूल कुमारी देवी आज अपने समुदाय की सशक्त परिवर्तनकर्ता बन गई हैं। स्वास्थ्य, स्वच्छता, महिला सुरक्षा, आपदा प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में उन्होंने सकारात्मक बदलाव की कहानी बुनी है।

कभी स्कूल ना जा पाने वाली फूल कुमारी देवी जब वार्ड सदस्य चुनी गईं तो सरकारी योजनाओं और अपने पद की जिम्मेदारियों के बारे में उन्हें बहुत कम जानकारी थी। शुरुआती दिनों में वे अधिकांश कामों के लिए परिवार के सदस्यों पर निर्भर रहती थी, लेकिन पंचायती राज विभाग और निजी संस्था सेंटर फॉर कैटलाइजिंग चेंज (सी थ्री) की ओर से संचालित क्षमता निर्माण कार्यक्रमों ने उनकी जिंदगी बदल दी।

नियमित प्रशिक्षण, देखभाल और व्यावहारिक अनुभव के जरिए उन्होंने महिला अधिकारों, स्थानीय शासन व्यवस्था और आपदा प्रबंधन की बारीकियां सीखीं। धीरे-धीरे वे संकोची महिला से आत्मविश्वासी और सक्रिय जनप्रतिनिधि बन गईं।

**महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता :** फूल कुमारी देवी ने सबसे पहले अपने वार्ड में महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित किया। सामुदायिक सुरक्षा ऑडिट के बाद उन्होंने एक सुनसान रास्ते को चिन्हित कर स्थानीय पुलिस स्टेशन से संपर्क किया। अब उस रास्ते पर नियमित पुलिस गश्त होती है, जिससे महिलाओं और किशोरियों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है।

**स्वास्थ्य और पोषण पर जोर :** मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से गोदभराई, अन्नप्राशन, पोषण माह और पोषण पखवाड़ा जैसे कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की। परिवारों को जागरूक कर आंगनबाड़ी सेवाओं का उपयोग बढ़ाया।

**बाढ़ आपदा से पूर्व तैयारियां :** दरभंगा में हर साल आने वाली बाढ़ को देखते हुए फूल कुमारी देवी ने अपने वार्ड में जोखिम वाले परिवारों की सूची तैयार की और उन्हें बाढ़ पूर्व तैयारी, जोखिम न्यूनीकरण और आपातकालीन प्रतिक्रिया की जानकारी दी। इससे समुदाय की आपदा सहनशक्ति बढ़ी है।

**स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण :** उन्होंने पेड़ लगाने, प्लास्टिक कम करने और जल संरक्षण पर जोर देते हुए ग्रामीणों को पर्यावरण अनुकूल प्रथाओं के लिए प्रेरित किया। मुखिया और अन्य प्रतिनिधियों के साथ मिलकर करीब 50 पौधे भी लगाए। एक गैर-कार्यशील सामुदायिक शौचालय को दोबारा चालू करवाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

फूल कुमारी देवी नियमित रूप से पंचायत स्थित स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण करती हैं। दवाओं की कमी, बैठने की अपर्याप्त व्यवस्था, खराब रोशनी और अन्य कमियों को उन्होंने मुखिया और संबंधित अधिकारियों के समक्ष उठाया, जिससे केंद्र की स्थिति में सुधार हुआ है।

## मधुबनी और दरभंगा में शुरू होगा क्लस्टर आधारित बागवानी खेती

**मिथिला** के किसानों को केंद्र सरकार ने बड़ा तोहफा दिया है। बिहार सरकार का कृषि विभाग करीब 100 करोड़ की लागत से मधुबनी और दरभंगा जिले में क्लस्टर डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत काम शुरु करने जा रहा है।

भारत सरकार के राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड यानी एनएचबी ने मिथिला मल्टी-कमोडिटी उद्यान क्लस्टर के क्लस्टर गैप असेसमेंट रिपोर्ट, सीजीएआर, को स्वीकार कर लिया है। अब कृषि विभाग का उद्यान निदेशालय जल्द ही क्लस्टर डेवलपमेंट प्रोग्राम, सीडीपी, 2021 के अंतर्गत इम्प्लीमेंटिंग एजेंसी का चयन कर कार्य शुरू करने जा रहा है।

मिथिला मल्टी-कमोडिटी उद्यान क्लस्टर मेगा श्रेणी का एकीकृत बागवानी क्लस्टर है, जिसकी कुल प्रस्तावित परियोजना लागत 98.80 करोड़ रुपए है। क्लस्टर का क्षेत्र लगभग 15,100 हेक्टेयर है तथा इससे 19,200 किसानों को लाभान्वित करने का प्रस्ताव है।

इस क्लस्टर में प्रमुख फसलें केला एवं आम हैं। साथ ही लीची और मखाना अतिरिक्त क्लस्टर फसलें हैं। यह परियोजना एनएचबी, भारत सरकार द्वारा क्रियान्वित केंद्रीय क्षेत्र कार्यक्रम सीडीपी के अंतर्गत है।

इस कार्यक्रम के तहत पूर्व-उत्पादन एवं उत्पादन के लिए 38.4 करोड़ रुपये, कटाई उपरांत प्रबंधन एवं मूल्य संवर्धन के लिए 42.5 करोड़ रुपये और लजिस्टिक्स, विपणन एवं ब्रांडिंग के लिए 17.9 करोड़ रुपये का प्रावधान है। इससे हाई-टेक नर्सरी, टिश्यू-कल्चर एवं वायरस-इंडेक्सिंग सुदृढ़ीकरण, प्लांट हेल्थ क्लिनिक, ड्रिप इरिगेशन आधारित क्षेत्र विस्तार, हाई-डेंसिटी प्लांटिंग, पुराने आम बागों का जीर्णोद्धार किया जाएगा। इसके साथ ही सइल / लीफ/ एमआरएल टेस्टिंग, 26 इंटीग्रेटेड पैक-हाउस, 4,500 मीट्रिक टन क्षमता का मल्टी-टेम्परेचर कोल्ड स्टोरेज, 21 राइपनिंग चौंबर्स, 15 रीफर वाहन, दरभंगा एयरपोर्ट पर पेरिशेबल कार्गो सुविधा और नर्थ बिहार फ्रूट बास्केट नाम से क्लस्टर ब्रांडिंग जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

सीडीपी 2021 के अंतर्गत मिथिला बहु-फसलीय बागवानी क्लस्टर की स्वीकृति बिहार के लिए रोजगार-उन्मुखी है। इससे आधुनिक मूल्य शृंखला विकसित होगी और यह महिलाओं और युवाओं के अनुकूल रोजगार के अवसर प्रशस्त करेगा।

यह परियोजना 15,100 हेक्टेयर क्षेत्र में शुरू होने जा रही है। इससे 19,200 किसानों को लाभ होगा। परियोजना 98.80 करोड़ रुपये के प्रस्तावित निवेश तथा आधुनिक पौधशाला, सूक्ष्म-सिंचाई आधारित विस्तार, पौध स्वास्थ्य प्रवर्धन, शीत-चेन शृंखला, पैकहाउस, शीतक-परिवहन, डिजिटल मार्केटिंग और निर्यात-मानकों जैसे प्रमाणित तथ्यों एवं वैज्ञानिक वैल्यू-चेन प्लान पर आधारित है।

## डाबर ग्लूकोप्लस-सी ने सौरव गांगुली के साथ एआई-संचालित 'दादाज पावर कोचिंग कैंप' अभियान लान्च किया

**डाबर** इंडिया लिमिटेड ने अपने लोकप्रिय ब्रांड डाबर ग्लूकोप्लस-सी के लिए इस गर्मी एक नया अभियान लान्च किया है, जिसमें भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली को शामिल किया गया है। 'दादाज पावर कोचिंग कैंप' नामक यह अभियान जेनरेटिव एआई की मदद से एक अनूठा और व्यक्तिगत कोचिंग अनुभव प्रदान करता है। यह अभियान पारंपरिक सेलिब्रिटी विज्ञापनों से एक कदम आगे बढ़ते हुए सौरव गांगुली को केवल ब्रांड एंबेसडर के बजाय देशभर के युवा खिलाड़ियों के व्यक्तिगत मार्गदर्शक (मेंटर) के रूप में प्रस्तुत करता है।

कई दशकों से सेलिब्रिटी-आधारित विज्ञापन एकतरफा संवाद के मॉडल पर आधारित रहे हैं, जहां एक प्रसिद्ध चेहरा लाखों लोगों तक एक ही संदेश पहुंचाता है। डाबर ग्लूकोप्लस-सी का यह नया अभियान इस परंपरा को तोड़ते हुए प्रत्येक बच्चे की खेल यात्रा के अनुरूप व्यक्तिगत और सार्थक संवाद स्थापित करता है।

यह अभियान एक महत्वपूर्ण उपभोक्ता अंतर्दृष्टि पर आधारित है कि हर युवा खिलाड़ी के पीछे एक ऐसी मां होती है, जो उसके हर प्रदर्शन, चुनौती, हार-जीत और आत्मविश्वास के क्षणों से जुड़ी होती है। इसी सोच के तहत माताओं को मेटा प्लेटफार्म्स के माध्यम से अपने बच्चे का नाम, उसका खेल और उसकी सबसे बड़ी खेल-संबंधी चुनौती साझा करने के लिए आमंत्रित किया गया। इसके बाद उन्हें व्हाट्सएप पर एक व्यक्तिगत वीडियो प्राप्त होता है, जिसमें सौरव गांगुली बच्चे को उसके नाम से संबोधित करते हुए उसके खेल और चुनौती के अनुसार विशेष कोचिंग सुझाव और प्रेरणादायक संदेश देते हैं।

> **नए अभियान के तहत युवा खिलाड़ियों के लिए 13 लाख से अधिक व्यक्तिगत कोचिंग अनुभव तैयार किए गए, जिससे देशभर के युवा खिलाड़ियों को सशक्त बनाने के साथ ही 11 करोड़ से अधिक माताओं तक पहुंच बनाई गई**

जेनरेटिव एआई द्वारा संचालित इस अभियान में 250 से अधिक विशिष्ट कंटेंट संयोजन (कंटेंट कम्बिनेशन) तैयार किए गए, जिसके माध्यम से 13 लाख से अधिक व्यक्तिगत कोचिंग अनुभव प्रदान किए गए और देशभर की 11 करोड़ से अधिक माताओं तक पहुंच बनाई गई।

यह अभियान बच्चों की सक्रिय दिनचर्या के महत्वपूर्ण क्षणों में डाबर ग्लूकोप्लस-सी की भूमिका को भी प्रभावी ढंग से रेखांकित करता है। विशेष रूप से सक्रिय बच्चों के लिए तैयार किए गए ग्लूकोप्लस-सी में अतिरिक्त ऊर्जा के लिए 20 प्रतिशत अधिक ग्लूकोज के साथ-साथ छह आवश्यक विटामिन और मिनरल्स शामिल हैं, जो प्रदर्शन, रोग प्रतिरोधक क्षमता और खेलकूद के बाद रिकवरी में सहयोग प्रदान करते हैं। अभियान में उत्पाद को केवल प्रदर्शित करने के बजाय उसे उन महत्वपूर्ण क्षणों से जोड़ा गया है, जब बच्चों को सबसे अधिक ऊर्जा की आवश्यकता होती है।

इस अभियान पर टिप्पणी करते हुए डाबर इंडिया लिमिटेड के हेडमार्केटिंग (हेल्थ सप्लीमेंट्स) अमित गर्ग ने कहा, बड़े स्तर पर सेलिब्रिटी सहभागिता अब तक मुख्य रूप से प्रसारण या कुछ रील्स तक सीमित रही है, जहां सभी के लिए एक ही संदेश होता है। लेकिन जब कोई मां अपने बच्चे को खेल के मैदान से थका हुआ लौटते हुए देखती है, तो उसका ध्यान किसी श्रेणी या उत्पाद पर नहीं बल्कि अपने बच्चे पर होता है। प्रसारण आधारित संचार से व्यक्तिगत संवाद की ओर यही बदलाव इस अभियान की मूल भावना है। हमने जेनरेटिव एआई का उपयोग कर दादा को देश की हर मां और हर युवा खिलाड़ी के लिए व्यक्तिगत रूप से सुलभ बनाया है। ग्लूकोप्लस-सी केवल ऊर्जा ही नहीं दे रहा, बल्कि जेनरेटिव एआई के सार्थक और प्रभावी उपयोग के माध्यम से महत्वपूर्ण क्षणों को भी सशक्त बना रहा है।

अभियान के बारे में अपने विचार साझा करते हुए सौरव गांगुली ने कहा, खेल केवल प्रतिभा का ही नहीं, बल्कि दृढ़ता और निरंतर प्रयास का भी नाम है। हर बच्चे की अपनी अलग ताकत होती है और उसे अलग-अलग चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में सही समय पर मिले कुछ प्रेरणादायक शब्द उसके लिए बड़ा बदलाव ला सकते हैं। इस अभियान की सबसे खास बात यह है कि इसके माध्यम से बच्चों तक अधिक व्यक्तिगत और सार्थक तरीके से पहुंचा जा सकता है। यदि मेरे कुछ प्रेरक शब्द किसी बच्चे को आगे बढ़ने और खेल का आनंद लेने के लिए प्रेरित कर सकें, तो यह तकनीक का अत्यंत सकारात्मक उपयोग होगा। अब तकनीक की मदद से हम प्रत्येक बच्चे को उसकी व्यक्तिगत यात्रा के अनुरूप प्रेरणा और मार्गदर्शन दे सकते हैं, साथ ही यह भी याद दिला सकते हैं कि सफलता की राह में ऊर्जा, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प एक-दूसरे के पूरक होते हैं।

अभिषेक मेहता, डिजिटल मार्केटिंग लीड, डाबर इंडिया ने कहा, आज के उपभोक्ता ऐसे अनुभव चाहते हैं जो उनकी जरूरतों और रुचियों के अनुसार हों। यह अभियान दिखाता है कि एआई की मदद से हम बड़ी संख्या में लोगों तक पहुंचने के साथ-साथ हर व्यक्ति से व्यक्तिगत स्तर पर जुड़ सकते हैं। सौरव गांगुली जैसे लोकप्रिय खेल व्यक्तित्व और पर्सनलाइजेशन की शक्ति को जोड़कर हमने युवा खिलाड़ियों और उनके परिवारों के लिए एक ज्यादा रोचक और प्रभावशाली अनुभव तैयार किया है।

यह अभियान मुख्य रूप से उत्तर और पूर्वी भारत में संचालित किया जा रहा है। इसके क्रियान्वयन में स्टारकम इंडिया (पब्लिसिस ग्रुप) ने मीडिया पार्टनर, ट्रूफैन ने टेक्नोलॉजी पार्टनर तथा ब्रांडशीप ने क्रिएटिव पार्टनर के रूप में सहयोग किया है।

## प्रवचन

## सनानत धर्म के समान कोई धर्म नहीं : जीयर स्वामी

> सत्य, अहिंसा, त्याग और परोपकार सनातन धर्म के मूल मंत्र
>
> यज्ञ से जीवों का कल्याण, व्यवसाय व रोजगार को बढ़ावा
>
> यज्ञ की महिमा जानें, नहीं करें कुतर्क

जगत में सनातन धर्म के सदृश्य कोई दूसरा धर्म नहीं है। यह धर्म सृष्टि के आदिकाल से है। सनातन धर्म के सूत्र से ही अनेक धर्म स्थापित हुए, जिनका इतिहास काफी बाद का है। सत्य, अहिंसा, त्याग और परोपकार सनातन धर्म के मूल मंत्र हैं। उपरोक्त बातें श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी ने चंदवा चातुर्मास्य ज्ञान-यज्ञ में प्रवचन करते हुए कहीं।

श्री जीयर स्वामी ने कहा कि सनातन धर्म में आदि काल से ही सृष्टि के कल्याणार्थ यज्ञ का प्रचलन और परम्परा है। यज्ञ से पर्यावरण शुद्धि के साथ ही मानव मन के विकार दूर होते हैं। यह आध्यात्मिक और व्यावहारिक उत्थान का उत्तम साधन है। उन्होंने कहा कि यज्ञ पर कुछ वैसे लोग ही कटाक्ष करते हैं, जो अपना साधन और श्रम यज्ञ में नहीं लगाते। ऐसे लोग अपने को अति बौद्धिक और सामाजिक साबित करने के लिए यज्ञ पर होने वाले खर्च पर चिंता जताते हैं। लेकिन वे यज्ञ के पूर्व और पश्चात् समाज के विकास के प्रति तटस्थ रहते हैं। ऐसे लोग अपने आस-पास जनहित की राशि से होने वाले विकास कार्य पर कई कारणों से चुप्पी साध लेते हैं, लेकिन अपने ही धर्म की सनातन परम्परा और उससे जुड़े श्रेष्ठ जनों पर आरोप लगाने से नहीं चुकते। अन्य धर्मो की खामियों पर चुप्पी साध धर्म-निरपेक्ष बन जाते हैं। सम्प्रति सनातन धर्म की की आलोचना ही धर्मनिरपेक्षता की पहचान हो गयी है। सनातन धर्म की सभी धार्मिक क्रियाएँ वैज्ञानिक हैं। विज्ञान की प्रगति के साथ सनातन धर्म की बाहरी पूजा-पाठ एवं अनुष्ठान का औचित्य सामने आ रहा है।

यज्ञ से सनातन परम्परा की संबृद्धि के साथ रोजगार, व्यवसाय और अंततः पूरी अर्थव्यवस्था का चक्रीय क्रिया भी पूरी होती है। यज्ञ में मजदूरों को रोजगार मिलता है। अनेक प्रकार की वस्तुओं की खरीद से उद्यम एवं उत्पादन को बढ़ावा मिलता है। बड़ी तादाद में लोग साविक भोजन करते हैं। जरूरत मंद गरीबों के बीच अन्न-वस्त्र का वितरण होता है। उन्होंने कहा कि सरकारी


श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी।

पाठशाला में मनुष्य डॉक्टर, इंजीनियर और आइएएस-आईपीएस तो बन सकते हैं, लेकिन त्रिताप (दैहिक, दैविक और भौतिक) और अवसाद से बचाने एवं मानवता के विकास के लिये अध्यात्म का ही सहारा लेना पड़ता है। जब शिक्षक और विद्यार्थी अध्ययन के बाद भी दिग्भ्रमित होते हैं, तो उनके लिए सरकार के पास कोई पाठशाला नहीं है। उस स्थिति में वैदिक-सनातन शास्त्र, सत्संग और यज्ञ ही सहारा होते हैं। किसी विषय-वस्तु की पूर्ण जानकारी के बगैर अनावश्यक कुतर्क नहीं देना चाहिए। स्वामी जी ने कहा कि आदिकाल में एकमात्र परमात्मा ही रहते हैं। जिस तरह सोना से आभूषण का निर्माण में सोना होता है और आभूषण का अस्तित्व समाप्त होने के बाद भी सोना ही रहता है।

*'सान्निध्य का संस्मरण' पुस्तक से साभार*

दैनिक नवसंदेश
वायस 4 बिहार डॉटकाम के यूनिट दैनिक नवसंदेश ( डिजिटल डेली न्यूज पेपर) स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक यू सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ , पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

# मादक पदार्थों के अवैध व्यापार, भंडारण, परिवहन एवं इसके सेवन के विरुद्ध नियमित छापेमारी करें : डीएम

**मोतिहारी(एनएसबी)।** जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव एवं पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात की संयुक्त अध्यक्षता में (छब्व्त्र) नार्को-कोअर्डिनेशन की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन पूर्वी चंपारण समाहरणालय स्थित ड राधाष्णन सभागार में किया गया जिसमें जिलाधिकारी ने कहा कि मादक पदार्थो के अवैध व्यापार, इसके भंडारण एवं परिवहन तथा मादक पदार्थो के सेवन के विरुद्ध प्रभावी नियंत्रण हेतु आपसी समन्वय स्थापित कर नियमित कार्रवाई की जाए एवं पकड़े गए लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करें। जिला के सीमावर्ती अनुमंडल खासकर रक्सौल तथा ढाका के क्षेत्र में पुलिस एवं सीमा सुरक्षा बल (इ) के पदाधिकारियो के द्वारा विशेष सतर्कता बरतते हुए संयुक्त छापामारी अभियान नियमित संचालित किया जाए।



बैठक करते अधिकारी।

बैठक में सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्री निशांत सिहारा, जिला परिवहन पदाधिकारी श्रीमती निवेदिता कुमारी,जिला भू अर्जन पदाधिकारी श्री अरुण कुमार,समादेष्टा 71वीं बटालियन, 20वीं बटालियन एवं 47वीं बटालियन, सभी अनुमंडल पदाधिकारी औषधि नियंत्रक,जिला षि पदाधिकारी, वन प्रमंडल पदाधिकारी, अधीक्षक मद्दय निषेध,डीपीओ आईसीडीएस, शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी तथा प्रतिनिधि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो मोतिहारी उपस्थित थे।बैठक में उपस्थित कमांडेंट 47वीं बटालियन सशस्त्र सीमा बल रक्सौल के द्वारा बताया गया कि पुलिस के साथ सशस्त्र सीमा बल की ज्वाइंट अपरेशन में पिछले एक माह में गांजा, स्मैक चरस पकड़ा गया है।

इस बीच दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। तस्करी में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई चल रही है। सीमावर्ती क्षेत्र में सतर्कता बढ़ाने एवं अंतर जिला समन्वय को और सुढ़ करने पर बोल दिया गया है। कमांडेंट 71वीं बटालियन सशस्त्र सीमा बल पिपरा कोठी के द्वारा बताया गया कि स्थानीय पुलिस के सहयोग से नार्कोटिक्स के 06 केश दर्ज कराए गए हैं और सात व्यक्तियों की गिरफ्तारी की गई है।उन्होंने बताया कि ड्रग्स दुकानों पर भी छापेमारी की गई है। जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि उर्वरक के अवैध व्यापार के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है।

पिछले 01 अप्रैल 2036 से अभी तक जिला में 439 छापेमारी की गई है इस दौरान 20 मामलों में अनियमितता पाई गई जिसमें 8 के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज कराई गई है। पिछले एक माह में पांच दुकानों की अनुज्ञप्ति रद्द की गई है तथा पांच दुकानों की अनुज्ञप्ति को निलंबित किया गया है। इस बीच 08 उर्वरक विक्रेताओं से स्पष्टीकरण मांगा गया है।बैठक में उपस्थित अनुमंडल पदाधिकारी रक्सौल, अनुमंडल पदाधिकारी ढाका एवं पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय के द्वारा भी की इस माह की गई कार्रवाई की विस्तृत जानकारी दी गई। जिलाधिकारी के द्वारा निर्देश दिया गया कि सीमा सुरक्षा बल स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर तस्करी विरुद्ध अभियान चलाए। जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि बर्डर एरिया में खाद के दुकानों के स्टक वेरिफिकेशन नियमित रूप से किया जाए। जिला षि पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में नया लाइसेंस नहीं दिया जा रहा है और जांच कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि चार-पांच लोगों को चिन्हित किया गया है जो बार-बार गड़बड़ी कर रहे हैं।

उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई के लिए पुलिस प्रशासन के साथ अभियान चला कर जेल भेजने की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि निरोधात्मक कार्य में लगे हुए पदाधिकारी स्थानीय थाना को सूचना निश्चित रूप से दें और एक दूसरे के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थो का चलन युवा वर्ग में तेजी से बढ़ रहा है जिसका उनके स्वास्थ्य,उनके परिवार और समाज पर इसका बुरा प्रभाव देखने को मिल रहा है। इसके विरुद्ध जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई अपेक्षित है।

## संक्षिप्त खबरें

### नदी में डूबे दो मासूमों के परिजनों से मिले विधायक

**पहाड़पुर(एसएनबी)।** नदी में डूबने से दो मासूम बच्चों की हुई मौत के बाद गोविंज विधायक राजू तिवारी ने मंगलवार को शोकाकुल परिवारों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी।विधायक सबसे पहले पहाड़पुर प्रखंड की पूर्वी सिसवा पंचायत के वार्ड संख्या-10 स्थित सिसवा कोड़र गांव पहुंचे। यहां उन्होंने अर्जुन पासवान के सात वर्षीय पुत्र बजरंगी कुमार के नदी में डूबने से हुई असामयिक मौत पर गहरा दुख जताया। उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया तथा हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया।इसके बाद विधायक उत्तरी नोनेया पंचायत के वार्ड संख्या-5 स्थित डांगी टोला पहुंचे। यहां उन्होंने मुन्ना बैठा के 11 वर्षीय पुत्र विगल कुमार के नदी में डूबने से हुई मौत पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में वे परिवार के साथ खड़े हैं।विधायक ने दोनों दिवंगत बच्चों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा शोकाकुल परिवारों को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण भी मौजूद रहे।

### गालीमपुर धाम में 208 देवी-देवताओं की प्रतिमाओं की होगी स्थापना

**तेतरिया(एनएसबी))।** प्रखंड के गालीमपुर धाम स्थित ओंकारेश्वर नाथ मंदिर परिसर में 208 देवी-देवताओं की प्रतिमाओं की स्थापना की तैयारी अंतिम चरण में है। मंदिर परिसर को धार्मिक एवं सांस्तिक ष्टि से एक प्रमुख तीर्थस्थल के रूप में विकसित करने की दिशा में यह महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।मंदिर प्रबंधन के अनुसार प्रस्तावित प्रतिमा स्थापना में त्रिदेव, त्रिदेवी, दशावतार, द्वादश ज्योतिर्लिंग, नवदुर्गा, दशमहाविद्या, अष्टलक्ष्मी, अष्टभैरव, नवग्रह, सप्तऋषि सहित गणेश, कार्तिकेय, हनुमान, धन्वंतरि, गरुड़, नंदी, शेषनाग, वासुकि एवं अन्य प्रमुख देवी-देवताओं के प्रतिनिधि स्वरूप शामिल किए जाएंगे।मंदिर ट्रस्ट ने स्पष्ट किया है कि सभी 208 देवी-देवताओं की अधित नामावली फिलहाल सार्वजनिक नहीं की गई है। विस्तृत सूची मंदिर ट्रस्ट एवं आयोजन से जुड़े परम तपस्वी अरविंद कुमार झा के पास उपलब्ध है। प्रतिमा स्थापना के उपरांत मंदिर परिसर में सभी 208 देवी-देवताओं के नामों की शिलापट्टिका भी स्थापित की जाएगी।मंदिर प्रबंधन का कहना है कि इस भव्य धार्मिक परियोजना के पूरा होने के बाद गालीमपुर धाम श्रद्धालुओं के लिए आस्था, दर्शन और भारतीय सांस्तिक विरासत का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। प्रतिमा स्थापना समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

### संवेदक से मारपीट और लूट का आरोप, तीन के खिलाफ मामला दर्ज

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़ थाना क्षेत्र में एक संवेदक को दिनदहाड़े बंधक बनाकर मारपीट करने तथा सोने की चेन और नकदी छीन लेने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर बाढ़ थाने में तीन लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।दर्ज प्राथमिकी के अनुसार संवेदक को कथित रूप से रोककर बंधक बनाया गया और उसके साथ मारपीट की गई। आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने उसकी सोने की चेन और नगद राशि भी छीन ली। घटना के बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई।पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शिकायत में लगाए गए आरोपों की जांच की जा रही है तथा साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। स्थानीय लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और जांच के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# आशुतोष महादेव के श्रृंगार पूजन में उमड़े हजारों श्रद्धालु

## 'गालीम पुर धाम में 208 देवी-देवताओं की प्रतिमाएं होंगी स्थापित

**तेतरिया(एनएसबी)।** राजेपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भूडकुडवा पंचायत स्थित गालीमपुर धाम में बाबा आशुतोष नाथ महादेव के शृंगार पूजन के अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भव्य शृंगार पूजन संपन्न हुआ।परम तपस्वी अरविंद कुमार झा के सानिध्य में हुए इस आयोजन के बाद उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर में जल्द ही 208 देवी-देवताओं की भव्य प्रतिमाएं भी स्थापित की जाएंगी। गगनचुंबी विराट मंदिर निर्माण क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।शंखमरममर और कीमती पत्थरों से बना भव्य मंदिर' शंख मरममर व कीमती पत्थरों से निर्मित यह मंदिर क्षेत्र में लोक आस्था का प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है। गालीम पुर धाम धीरे-धीरे सबसे बड़े धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो रहा है। यहां देश-विदेश सहित अन्य राज्यों से भी श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। मान्यता है कि बाबा आशुतोष के दरबार में सच्चे मन से पूजा-अर्चना करने पर भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। मुराद पूरी होने पर श्रद्धालु फिर से बाबा के दरबार में मत्था टेकने आते हैं। श्रृंगार पूजन में समस्त ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।


श्रृंगार पूजा।

# प्रांजल गोस्वामी ने एवरेस्ट फतह कर जिला का नाम रौशन किया

**केसरिया(एनएसबी)।** हिमालय के 14100फीट उच्चा एवरेस्ट का शिखर के उपर महज 22 वर्ष का उर्म में तिरंगा लहराकर जिला का नाम रौशन करने वाले प्रांजल गोस्वामी मंगलवार को यात्रा का पुर्णविराम किया। सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता प्रांजल 26जून को पर्वतारोही टीम के साथ एवरेस्ट के सबसे उंचे चोटी पर चढ़ने का शुभारंभ किया 28जून को सफलता पूर्वक चोटी फतह कर 30 जून मंगलवार को यात्रा का पुर्णविराम जिला का नाम रौशन किया।प्रांजल गोस्वामी के पिता उद्धव गोस्वामी अखिल भारतीय गोस्वामी समाज के प्रदेश अध्यक्ष एवं आदर्श जन सेवा संस्थान (सामुहिक विवाह) केसरिया के अध्यक्ष हैं वे मोतिहारी जिले के कल्याण पुर प्रखंड के मननपुर बजार गांव में जन्मे प्रांजल गोस्वामी सुप्रीम कोर्ट में अधिवक्ता रहते हुए आगे कि पढ़ाई एवं पर्वतारोहन में लगातार संघर्ष कर रहे हैं।उनको इतनी बड़ी सफलता पर समाज के अनेको लोगों ने बधाई दी है बधाई देने वालो में कल्याण पुर विधायक सचिंद्र प्रसाद सिंह, केसरिया विधायक शालनी मिश्रा, आदर्श जन सेवा संस्थान (सामुहिक विवाह) केसरिया के सचिव राम कुमार गिरि, उपाध्यक्ष राकेश कुमार रत्न,लव कुमार यादव,सरपंच बिनोद कुमार,रवि जयसवाल,शौकत अली, अखिल भारतीय गोस्वामी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोरंजन गिरि,डादिवाकर गिरि,रंजीत गिरि, मुखिया बच्चा गिरि, समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।


प्रांजल गोस्वामी व अन्य।

# अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण समिति की बैठक

## एसडीओ ने लंबित चार्जशीट जल्द निपटाने का दिया आदेश

**रक्सौल(एनएसबी)।** मंगलवार को अनुमंडल सभागार में अनुसूचित जातिध्जनजाति अत्याचार निवारण अनुश्रवण सह सतर्कता समिति और मैनुअल स्कैवेंजर रोजगार निषेध एवं पुनर्वास अधिनियम 2013 से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार ने की। बैठक में एसडीओ ने समिति के सदस्यों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अत्याचार के मामलों और जनसमस्याओं का निपटारा त्वरित गति से किया जाए। एसडीओ ने कहा कि एससी-एसटी वर्ग के लोगों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव या अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में पुलिस और प्रशासन पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करेस अनुमंडल पदाधिकारी ने बैठक में उपस्थित अनुमंडल के सभी थाना प्रभारियों को कड़ी हिदायत दी कि अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज मामलों की लंबित चार्जशीट को जल्द से जल्द निष्पादित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पीड़ितों को न्याय मिलने में देरी न हो, इसके लिए समयसीमा तय कर काम पूरा करें। एसडीओ ने सिर्फ अत्याचार के मामलों तक खुद को सीमित नहीं रखा। बैठक में वासभूमि, आवास, राशन और अन्य जनमानस की समस्याओं को भी सुना। उन्होंने सभी समस्याओं के निष्पादन के लिए अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए और कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना प्रशासन की पहली प्राथमिकता हैस बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्री मनीष आनंद, रामगढ़वा, रक्सौल, आदापुर और छौड़ादानो के बीडीओ एवं सीओ, हरैया, रक्सौल, रामगढ़वा, दरपा, आदापुर, पलनवा थानाध्यक्ष, प्रभारी अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी, नगर विभाग के पदाधिकारी और समाजसेवी रंजीत कुमार सहित समिति के सदस्य मौजूद थे।


बैठक करते अधिकारी।

# बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़

**पहाड़पुर(एनएसबी)।** थाना क्षेत्र में वाहन जांच अभियान के दौरान पहाड़पुर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने तीन चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। वहीं, दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है।थानाध्यक्ष अजय कुमार के निर्देश पर पुलिस द्वारा नियमित रूप से वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान संदिग्ध गतिविधि के आधार पर पुलिस ने दो युवकों को रोककर पूछताछ की। जांच में उनके पास मौजूद मोटरसाइकिलों के चोरी की होने की पुष्टि हुई। इसके बाद पुलिस ने उनकी निशानदेही पर एक अन्य चोरी की बाइक भी बरामद कर ली।गिरफ्तार दोनों आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस का मानना है कि पूछताछ के दौरान बाइक चोरी के बड़े नेटवर्क का खुलासा हो सकता है। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। साथ ही गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।


बरामद तीन मोटरसाइकिल।

# महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय मे 2026-27 से हिन्दू अध्ययन में एमए पाठ्यक्रम शुरू, सभी संकायों के छात्र ले सकेंगे प्रवेश

**मोतिहारी(एनएसबी)।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के संस्त विभाग में शैक्षणिक सत्र 2026-27 से हिन्दू अध्ययन (एमए) का ातकोत्तर पाठ्यक्रम शुरू किया जाएगा। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की स्वीति के बाद राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत भारतीय ज्ञान परंपरा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह पाठ्यक्रम आरंभ किया जा रहा है।कुलपति प्रो़ संजय श्रीवास्तव ने बताया कि दो वर्षीय इस पाठ्यक्रम में कुल 33 सीटें निर्धारित की गई हैं।

उन्होंने कहा कि यूजीसी के दिशा-निर्देशों के अनुरूप तैयार किए गए इस कार्यक्रम में वेद, उपनिषद, पुराण, दर्शन, मंदिर स्थापत्य, संस्त साहित्य तथा आधुनिक संदर्भो में हिन्दू परंपरा का अध्ययन कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि यूजीसी ने इसे रोजगारपरक पाठ्यक्रम के रूप में भी मान्यता दी है।संस्त विभागाध्यक्ष प्रो़ प्रसून दत्त सिंह ने बताया कि यह पाठ्यक्रम भारतीय चिंतन परंपरा की गहन समझ विकसित करने के साथ-साथ तुलनात्मक धर्म अध्ययन और शोध की दिशा में विद्यार्थियों को तैयार करेगा। उन्होंने कहा कि हिन्दू अध्ययन केवल धार्मिक शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि दर्शन, विज्ञान, कला, पर्यावरण, अर्थशास्त्र और समाजशास्त्र सहित विभिन्न विषयों को समग्र ष्टि से समझने का अवसर प्रदान करता है।

उन्होंने बताया कि पाठ्यक्रम को अंतःविषय स्वरूप दिया गया है, जिसके तहत सामाजिक विज्ञान, विज्ञान, वाणिज्य, प्रबंधन सहित किसी भी संकाय के ातक छात्र प्रवेश ले सकेंगे। विज्ञान के विद्यार्थी प्राचीन भारतीय खगोल एवं गणित परंपरा, वाणिज्य के विद्यार्थी कौटिल्य के अर्थशास्त्र तथा प्रबंधन के विद्यार्थी गीता के नेतृत्व सिद्धांतों पर अध्ययन और शोध कर सकेंगे।पाठ्यक्रम में वेद, उपनिषद, गीता, रामायण, महाभारत, पुराण, षड्दर्शन, धर्मशास्त्र, आगम, मंदिर परंपरा, भारतीय कला एवं संस्ति, आधुनिक विमर्श तथा तुलनात्मक धर्म अध्ययन जैसे विषय शामिल किए गए हैं। इसके अलावा पांडुलिपि विज्ञान, पुरालेख अध्ययन, तीर्थ एवं मंदिरों का क्षेत्रीय सर्वेक्षण तथा संस्त भाषा का आधारभूत अध्ययन भी पाठ्यक्रम का हिस्सा होगा।विश्वविद्यालय के अनुसार इस पाठ्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों के लिए अध्यापन, शोध, सिविल सेवा, संस्ति मंत्रालय, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई), संग्रहालय, मीडिया एवं प्रकाशन तथा सांस्तिक पर्यटन जैसे क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

पीएचडी तथा विभिन्न राष्ट्रीय शोध संस्थानों की फेलोशिप के लिए भी यह पाठ्यक्रम उपयोगी होगास प्रवेश प्रक्रिया के तहत अभ्यर्थियों का चयन सीयूईटी-पीजी स्कोर एवं विश्वविद्यालय स्तरीय काउंसिलिंग के आधार पर किया जाएगा। किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में न्यूनतम 45 प्रतिशत अंकों के साथ ातक उत्तीर्ण अभ्यर्थी प्रवेश के पात्र होंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### कोंदी स्टैंड गोलीकांड में पुलिस की दबिश जारी, कई ठिकानों पर छापेमारी

#### चंडी, पटना समेत कई ठिकानों पर दबिश, पुलिस सभी पहलुओं की कर रही जांच

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** कोंदी स्टैंड फायरिंग कांड में पुलिस की लगातार छापेमारी के बावजूद अब तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। मामले को लेकर पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है और चंडी, पटना सहित कई संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई है। पुलिस का दावा है कि आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए सघन अभियान चलाया जा रहा है। गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व बासोबागी निवासी एवं पूर्वी बेढ़ना पंचायत के वर्तमान मुखिया राज कुमार यादव और राकेश कुमार पक्ष के बीच कोंदी स्टैंड के समीप गोलीबारी की घटना हुई थी। इस घटना में मुखिया पुत्र साहिल कुमार तथा उनके भाई पुरुषोत्तम कुमार घायल हो गए थे। दोनों घायलों का इलाज कराया गया और घटना के बाद दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे के विरुद्ध थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए आवेदन दिया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार नामजद आरोपियों और संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश में लगातार छापेमारी की जा रही है। कई संभावित ठिकानों पर पुलिस ने दबिश दी है, लेकिन अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है। स्थानीय स्तर पर घटना को लेकर कई तरह की चर्चाएं हैं। कुछ लोग इसे आपसी वर्चस्व की लड़ाई से जोड़कर देख रहे हैं। हालांकि पुलिस ने इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है और जांच पूरी होने तक किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से बच रही है। बताया जाता है कि राकेश कुमार और वर्तमान मुखिया राज कुमार यादव आपस में चचेरे भाई हैं। पारिवारिक संबंधों के बावजूद हुई इस घटना ने इलाके में व्यापक चर्चा को जन्म दिया है। घटना के बाद क्षेत्र में पुलिस की गश्ती बढ़ा दी गई है और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। थाना पुलिस का कहना है कि साक्ष्यों और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए आगे की रणनीति भी तैयार की जा रही है तथा किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। इधर, क्षेत्र के लोगों ने पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच और त्वरित कार्रवाई की मांग की है, ताकि घटना की सच्चाई सामने आ सके और इलाके में शांति एवं कानून-व्यवस्था कायम रह सके।

### समय पर होंगे पंचायत चुनाव, आरक्षण रोस्टर में होगा बदलाव : मंत्री दीपक प्रकाश

#### समय पर पंचायत चुनाव कराने की तैयारी, सरकार ने दिए स्पष्ट संकेत


**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** राज्य में पंचायत चुनाव को लेकर चल रही अटकलों के बीच मंत्री दीपक प्रकाश ने स्पष्ट किया है कि पंचायतों के आरक्षण रोस्टर में बदलाव किया जाएगा, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में परिसीमन कराना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार समय पर पंचायत चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है और निर्धारित समय के भीतर चुनाव संपन्न कराने की दिशा में आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। मंत्री ने कहा कि पंचायत चुनाव लोकतांत्रिक व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी है और सरकार इसे समय पर कराने के पक्ष में है। उन्होंने बताया कि आरक्षण रोस्टर में आवश्यक संशोधन की प्रक्रिया पर विचार किया जा रहा है, ताकि संवैधानिक एवं कानूनी प्रावधानों के अनुरूप चुनाव कराया जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि फिलहाल पंचायत क्षेत्रों के परिसीमन की प्रक्रिया शुरू करने की कोई संभावना नहीं है। परिसीमन एक व्यापक और समय लेने वाली प्रक्रिया है, जिसके लिए विस्तृत प्रशासनिक तैयारी और पर्याप्त समय की आवश्यकता होती है। मंत्री के इस बयान के बाद पंचायत प्रतिनिधियों, संभावित उम्मीदवारों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में चुनाव को लेकर चल रही चर्चाओं को नया दिशा मिली है। पंचायत चुनाव की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक स्तर पर भी गतिविधियां तेज होने की संभावना जताई जा रही है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि आरक्षण रोस्टर में बदलाव और समय पर चुनाव कराने के संकेत से पंचायत स्तर की राजनीति में सक्रियता बढ़ेगी। वहीं संभावित उम्मीदवारों ने भी चुनावी तैयारियों को लेकर अपनी गतिविधियां तेज करनी शुरू कर दी हैं। सरकार की ओर से मिले इन संकेतों के बाद यह लगभग स्पष्ट माना जा रहा है कि पंचायत चुनाव निर्धारित समय पर कराने की दिशा में राज्य सरकार गंभीर है और आवश्यक प्रक्रियाओं को जल्द पूरा किया जाएगा।

### हर तीन माह पर होती है समिति की बैठक, मरीजों की सुविधाओं को लेकर दिए गए कई निर्देश

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। अथमलगोला स्थित अनुमंडल अस्पताल में रोगी कल्याण समिति की सक्रियता लगातार बनी हुई है। समिति के सदस्य पंकज सिंह ने बताया कि रोगी कल्याण समिति की बैठक प्रत्येक तीन महीने पर नियमित रूप से आयोजित की जाती है। अप्रैल माह तक समिति की बैठक संपन्न हो चुकी है, जिसमें मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर कई महत्वपूर्णदिशा-निर्देश दिए गए थे।उन्होंने बताया कि समिति का मुख्य उद्देश्य अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर उपचार, स्वच्छ वातावरण और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना है। बैठक में अस्पताल की व्यवस्थाओं की समीक्षा के साथ-साथ रोगियों की समस्याओं के समाधान पर भी चर्चा की जाती है।इसी क्रम में रोगी कल्याण समिति की सदस्य प्रीति रानी ने बुधवार को अनुमंडल अस्पताल पहुंचकर अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने विभिन्न वार्डो, ओपीडी तथा मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अस्पताल कर्मियों से भी बातचीत की और मरीजों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, दवा उपलब्धता, पेयजल, बैठने की व्यवस्था तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं की स्थिति की जानकारी ली गई। समिति की सदस्य ने अस्पताल प्रबंधन से मरीजों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया।पंकज सिंह ने बताया कि रोगी कल्याण समिति समय-समय पर अस्पताल की व्यवस्थाओं की समीक्षा करती है और आवश्यक सुझाव भी देती है, ताकि आम लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।अस्पताल प्रबंधन ने भी समिति के सदस्यों को आश्वस्त किया कि मरीजों की सुविधा और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए आवश्यक कदम लगातार उठाए जा रहे हैं।

### डिप्रेशन को समझने की जरूरत, संवेदनशील समाज ही बन सकता है सहारा : ज्ञानप्रकाश कुमार सिंह

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** निजी अस्पताल बाढ़ से जुड़े चिकित्सक सहायक ज्ञानप्रकाश कुमार सिंह ने कहा कि"डिप्रेशन कोई कुदरती बीमारी नहीं है, यह जीवन में मौजूद नकारात्मक लोगों का दिया हुआ तोहफा है" जैसे कथन इन दिनों सोशल मीडिया और जनचर्चाओं में तेजी से प्रसारित हो रहे हैं। हालांकि उन्होंने कहा कि अवसाद (डिप्रेशन) एक जटिल मानसिक स्वास्थ्य स्थिति है, जिसे केवल किसी एक कारण या व्यक्ति से जोड़कर नहीं देखा जा सकता।उन्होंने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य पर सामाजिक, पारिवारिक, आर्थिक तथा व्यक्तिगत परिस्थितियों का गहरा प्रभाव पड़ता है। पारिवारिक तनाव, रिश्तों में कटुता, लगातार अपमान, सामाजिक दबाव, अकेलापन और नकारात्मक वातावरण व्यक्ति के मानसिक संतुलन को प्रभावित कर सकते हैं और अवसाद की स्थिति को बढ़ा सकते हैं।ज्ञानप्रकाश कुमार सिंह ने कहा कि डिप्रेशन को केवल एक घटना, व्यक्ति या रिश्ते का परिणाम मानना उचित नहीं होगा। लगातार तनाव, पारिवारिक कलह, आर्थिक समस्याएं, सामाजिक दबाव और संवादहीनता भी मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर असर डालती हैं। उन्होंने कहा कि समय रहते पहचान, उचित परामर्श और सहयोग से इस स्थिति से बाहर निकला जा सकता है।उन्होंने लोगों से अपील की कि मानसिक तनाव से गुजर रहे व्यक्तियों के प्रति परिवार और समाज संवेदनशील रवैया अपनाए। ऐसे लोगों को उपेक्षा, आलोचना या तिरस्कार की बजाय सहयोग, संवाद और भावनात्मक सहारा देने की आवश्यकता होती है।उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ती प्रतिस्पर्धा, बदलती जीवनशैली, टूटते रिश्ते और सामाजिक अलगाव भी मानसिक तनाव को बढ़ाने वाले प्रमुख कारण बन रहे हैं। ऐसे में परिवार, मित्र और समाज की भूमिका काफी महत्वपूर्ण हो जाती है।चिकित्सक सहायक ने लोगों से मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को गंभीरता से लेने तथा आवश्यकता पड़ने पर चिकित्सकीय परामर्श लेने की अपील की। उनका कहना है कि सहानुभूति, सकारात्मक वातावरण और खुला संवाद मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।


ज्ञानप्रकाश कुमार सिंह, सहायक चिकित्सक।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला अंतर्गत सभी प्रखंडों के चिन्हित कुल 15 स्थलों पर सहयोग शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन

**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** जिला प्रशासन, सहरसा द्वारा आमजन को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का त्वरित, पारदर्शी एवं सुगम लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मंगलवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिला अंतर्गत सभी प्रखंडों के चिन्हित कुल 15 स्थलों पर सहयोग शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। शिविरों में विभिन्न विभागों से संबंधित प्राप्त आवेदनों का निष्पादन कर पात्र लाभुकों को उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा आवेदन निष्पादन से संबंधित प्रमाण-पत्र एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज हस्तगत कराए गए। साथ ही, आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए उनके त्वरित समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। शिविर में उपस्थित नागरिकों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई तथा पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया।जिला प्रशासन की यह पहल प्रशासनिक सेवाओं को जन-जन तक पहुँचाने, समस्याओं के शीघ्र निष्पादन तथा शासन और आमजन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की दिशा में निरंतर प्रभावी सिद्ध हो रही है। सहयोग शिविरों के माध्यम से लोगों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे समय और संसाधनों की बचत भी सुनिश्चित हो रही है। अगले सहयोग शिविर का आयोजन दिनांक 07.07.2026 को प्रस्तावित है। जिला प्रशासन ने सभी पात्र नागरिकों से निर्धारित तिथि को अपने निकटतम सहयोग शिविर में उपस्थित होकर उपलब्ध सेवाओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की है।



### सहयोग शिविर में 91 आवेदन, प्रमाण पत्र से जुड़े मामलों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड के जमालनगर पंचायत भवन परिसर में मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विभिन्न प्रमाण पत्र संबंधी सेवाओं का लाभ आम लोगों तक सरल, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पहुंचाना था। साथ ही लोगों को अपनी समस्याएं सीधे अधिकारियों के समक्ष रखने का अवसर भी मिला। शिविर में जिला एवं प्रखंड स्तर के अधिकारियों की मौजूदगी में विभिन्न विभागों के काउंटर लगाए गए। यहां बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी समस्याओं और आवश्यक कार्यों के लिए आवेदन दिए। मुख्य रूप से आवासीय, आय, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित आवेदनों का निष्पादन किया गया। वहीं, भूमि संबंधी मामलों का कार्य स्थगित रहने के कारण ऐसे आवेदनों का निस्तारण नहीं हो सका। शिविर में कुल 91 आवेदन प्राप्त हुए। अधिकारियों ने सभी आवेदनों का नियमानुसार शीघ्र निष्पादन कराने का भरोसा दिलाया। मौके पर डीसीएलआर, प्रखंड विकास पदाधिकारी गुलशन कुमार झा, मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. पप्पू कुमार, कनीय अभियंता नंद किशोर कुमार, जदयू प्रखंड अध्यक्ष विजय सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष अनील यादव, आरओ शशिभूषण कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने लोगों की समस्याएं सुनकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।



### 171वें हुल दिवस पर संथाल समाज ने शहीदों को किया नमन, संस्कृति संरक्षण का लिया संकल्प।

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत बैठ मुसहरी पंचायत अंतर्गत हाथीकरण संथाल टोला (छपरा पट्टी) स्थित वीर शहीद प्रधान टुडू कीड़ा मैदान में सोमवार को 171वां हुल दिवस श्रद्धा, उत्साह और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। आदिवासी श्उमूल एकताश संगठन, कोसी क्षेत्र के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में वर्ष 1855 के संथाल हुल आंदोलन के अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समारोह में हजारों की संख्या में संथाल समाज के महिला-पुरुषों ने भाग लेकर अपने वीर शहीदों को नमन किया। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष विजेंद्र हांसदा ने की। उन्होंने कहा कि संथाल हुल के वीर शहीदों का बलिदान समाज के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। उनके संघर्ष और शहादत से नई पीढ़ी को प्रेरणा लेकर अपने अधिकारों, संस्कृति और अस्मिता की रक्षा के लिए सजग रहना चाहिए। उन्होंने समाज के लोगों से अपनी संस्कृति, परंपरा और इतिहास को संरक्षित रखते हुए आपसी एकता बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान समाज के लोगों ने हुल आंदोलन के नायकों को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने तथा सामाजिक एकजुटता को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर संगठन के कोषाध्यक्ष दिनेश टुडू, सचिव शिवनंदन टुडू, सुनील हेंब्रम, देवलाल मुर्मू, रूपेश हांसदा, रामश्री सोरेन, मदन मुर्मू, जागेश्वर सोरेन, बाबूलाल सोरेन, हेमंत मुर्मू, हीरालाल हेंब्रम, मनोज टुडू, लालजी मरांडी, जलाल मरांडी, रमेश हांसदा, अजय मुर्मू, बाबूलाल हांसदा, छोटेलाल हांसदा, दरबारी सोरेन, अनिल मरांडी, अशोक हेंब्रम, लोजपा एससी-एसटी प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष राजकुमार पासवान, अरविंद कुमार सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे।



### रेडक्रास द्वारा अग्निकांड पीड़ितों के छह परिवार के बीच किया राहत वितरण।

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** जिले के नवहट्टा प्रखंड स्थित मोहनपुर पंचायत के परसबन्ना गांव के वार्ड नंबर 8 में विगत दो जून को अचानक हुए भीषण अग्निकांड में दिन के 11,30 बजे आगजनी से कुल 06 परिवार अजुनास, शाहनाज, नासरिन बेगम, नाहिदा प्रवीण, रसीदा खातुन एवं यासमीन का घर जलकर राख हो गया। जिसकी सूचना पीड़िता द्वारा स्थानीय मुखिया एवं थाना से सत्यापित प्राप्त आवेदन के आधार पर मंगलवार को ग्राम-परसबन्ना, वार्ड नं0-08, पंचायत-मोहनपुर में इंडियन रेड क्रॉस सोसाईटी, सहरसा के चेयरमेन डा० अबुल कलाम के निदेशानुसार भाईस चेयरमेन प्रो संजीव सिंहश्नन्हेंश के नेतृत्व में प्रबंधन समिति सदस्य मो फिरोज आलम, जगन्नाथ चैधरी श्गोपालश एवं मो मकसूद आलम, कार्यालय प्रभारी रहमान आलाम, भोलेन्टियर मो मोतीउर्रहमान, स्थानीय ग्रामीण असगर अली एवं मो० शमी की उपस्थिति में राहत सामग्री उपरोक्त स्थल पर जाकर वितरण किया गया। राहत सामग्री चेयरमेन डा अबुल कलाम, उप-सभापति रेणू सिन्हा, भाईस चेयरमेन संजीव कुमार सिंह, प्रबंधन समिति सदस्य राधेश्याम अग्रवाल एवं मो फिरोज आलम के सहयोग द्वारा पतेला 06 पीस, गिलास 06 पीस, प्लेट 18 पीस, कटोरा 18 पीस, चाय कप 18 पीस, बाल्टी 06 पीस, साड़ी 06 पीस, लूगीं 06 पीस, लेडी सूट 06 पीस, चुड़ा 12 किलो एवं गुड़ 02 किलो वितरण किया गया। पदाधिकारियों ने पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए रेड क्रॉस की अग्रिणी सेवा को बताया एवं पीड़ित परिवारों को साहस धैर्य रखने का आग्रह किया। इस आपदा की घड़ी में राहत सामग्री पाकर आगजनी पिड़ीत परिवारों ने रेड क्रॉस परिवार को आभार व्यक्त किया।



# नगर विकास एवं आवास विभाग, पटना की एक उच्चस्तरीय जांच टीम नगर निगम कार्यालय पहुंच किया जांच

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** नगर विकास एवं आवास विभाग, पटना की एक उच्चस्तरीय जांच टीम मंगलवार को सहरसा नगर निगम कार्यालय पहुंची। विभागीय आदेश के आलोक में पहुंची टीम ने नगर निगम की विभिन्न संचिकाओं, अभिलेखों एवं प्रशासनिक दस्तावेजों का कई घंटों तक गहन अवलोकन किया। जांच टीम के नगर निगम पहुंचने से पूरे कार्यालय परिसर में हलचल का माहौल बना रहा और अधिकारियों व कर्मचारियों के बीच दिनभर जांच को लेकर चचाओं का दौर चलता रहा। जांच टीम ने नगर निगम कार्यालय में उपलब्ध विभिन्न शाखाओं से संबंधित संचिकाओं की जांच की तथा आवश्यक दस्तावेजों का अवलोकन किया।इस दौरान संबंधित अधिकारियों से भी आवश्यक जानकारी ली गई। जांच की प्रक्रिया कई घंटों तक चली, जिसमें विभागीय अभिलेखों का बारीकी से परीक्षण किया गया। पटना से आए जांच दल के सदस्यों ने बताया कि विभागीय आदेश के आलोक में सहरसा नगर निगम पहुंचकर संचिकाओं का अवलोकन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जांच की प्रक्रिया पूरी होने के बाद विभाग को विस्तृत रिपोर्ट सौंपी जाएगी। रिपोर्ट में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी के आधार पर विभाग आगे की कार्रवाई करेगा। हालांकि जांच टीम ने यह स्पष्ट नहीं किया कि जांच किस विशेष मामले अथवा शिकायत के संबंध में की जा रही है। उन्होंने कहा कि फिलहाल जांच प्रक्रिया जारी है और निर्धारित बिंदुओं पर सभी आवश्यक दस्तावेजों का परीक्षण किया जा रहा है। जांच पूरी होने के बाद ही विस्तृत जानकारी साझा की जा सकेगी। नगर निगम कार्यालय में जांच टीम के आगमन को लेकर दिन भर चचाएं होती रहीं। अधिकारियों ने जांच में पूरा सहयोग दिया तथा टीम को मांगे गए सभी अभिलेख उपलब्ध कराए। अब सभी की निगाहें जांच रिपोर्ट पर टिकी हैं, क्योंकि रिपोर्ट के आधार पर ही विभाग की ओर से आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।


जांच करते पटना की टीम।

## मानसी-सहरसा दोहरीकरण परियोजना के लिए 499 करोड़ की राशि मंजूर, आजादी का अमृत महोत्सव

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** भारतीय रेलवे ने बिहार में यात्री और माल ढुलाई की क्षमता बढ़ाने के लिए 499 करोड़ की मानसी-सहरसा दोहरीकरण परियोजना को मंजूरी दी है। 44 किलोमीटर से ज्यादा लंबी दोहरीकरण परियोजना से भीड़ कम होगी, लाइन की क्षमता बढ़ेगी और गेहूं, मक्का, सीमेंट, खाद और चीनी जैसी जरूरी चीजों की ढुलाई में मदद मिलेगी। 30 जून 2026 शाम 6रू00 बजे, च्ठ दिल्ली द्वारा बिहार में रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर को बड़ा बढ़ावा देते हुए, भारतीय रेलवे ने ईस्ट सेंट्रल रेलवे के 44.40 किलोमीटर लंबे मानसी-सहरसा सेक्शन के दोहरीकरण को ₹499 करोड़ की लागत से मंजूरी दी है। यह परियोजना लाइन की क्षमता बढ़ाएगी, ऑपरेशनल दक्षता में सुधार करेगी और इस महत्वपूर्ण रूट पर यात्री और माल ढुलाई की बढ़ती मांग को पूरा करेगी।ज्ञात हो कि मानसी-सहरसा सेक्शन अभी मानसी-सरायगढ़ रूट पर एक सिंगल-लाइन कॉरिडोर है, जहाँ यात्रियों और माल की भारी आवाजाही होती है। इस सेक्शन पर हर दिशा में 24 जोड़ी यात्री ट्रेनें चलती हैं और साथ ही गेहूं, मक्का, गिट्टी (बैलास्ट), उबले चावल, सीमेंट, खाद, चावल, नमक, रेत, पत्थर और चीनी जैसी जरूरी चीजों की ढुलाई भी होती है।मौजूदा लाइन क्षमता का इस्तेमाल पहले ही 108.11ः तक पहुँच चुका है और 2028-29 तक इसके 119.34ः तक बढ़ने का अनुमान है, जिससे अतिरिक्त रेल क्षमता की तत्काल जरूरत का पता चलता है।दोहरीकरण परियोजना से अतिरिक्त लाइन क्षमता बनेगी, जिससे यात्री और मालगाड़ियों की आवाजाही आसान होगी और ऑपरेशनल रुकावटें कम होंगी। बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर से समय की पाबंदी में सुधार होगा, ऑपरेशनल लचीलापन बढ़ेगा और पूरे क्षेत्र में रेल ट्रैफिक की भविष्य की वृद्धि में मदद मिलेगी।इस परियोजना से हर साल अतिरिक्त 1.764 मिलियन टन माल ढुलाई में मदद मिलने की उम्मीद है, जिससे कृषि, निर्माण और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था के अन्य प्रमुख क्षेत्रों के लिए लॉजिस्टिक्स मजबूत होगा।यह परियोजना भारतीय रेलवे के उन लगातार प्रयासों का हिस्सा है जिनका मकसद ज्यादा मांग वाले रूटों पर क्षमता बढ़ाना, सेवा की विश्वसनीयता में सुधार करना और देश भर में यात्रियों और माल के लिए तेज, सुरक्षित और ज्यादा कुशल परिवहन को बढ़ावा देना है।


दोहरीकरण परियोजना पर रेल।

## चोरी कर घर से सामान लेकर निकल रहे चोर और गृहस्वामी के पुत्र में हुई भिड़ंत

**चोरी का सामान और पिस्तौल छोड़ भागा चोर, 6 कारतूस भी हुआ बरामद, गृहस्वामी के पुत्र को लगा चोट**

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** मंगलवार की अहले सुबह 2,45 बजे जिला के सिमरी बख्तियारपुर थाना क्षेत्र स्थित कानू टोला, वार्ड 28 निवासी डॉ उमेश कुमार के घर से चोरी कर चोरी का सामान लेकर निकल रहे चोर और गृहस्वामी के पुत्र के बीच भिड़ंत हो गई। इस दौरान दोनों में जमकर उठा पटक हुई। जिसमें गृहस्वामी का पुत्र ओम भगत घायल हुए। चोर को भी चोट लगी। इस मारपीट में खुद को पिछड़ता देख चोर चोरी का सामान और साथ में लेकर आया एक देशी पिस्टल को छोड़ कर फरार हो गया। चोर और ओम भगत में हो रही मारपीट और हो हल्ला सुन आस पास के लोगों की नींद टूटी। जिसके बाद घायल ओम को सिमरी बख्तियारपुर स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। फिर घटना की सूचना सिमरी बख्तियारपुर थाना अध्यक्ष को दी गई। सूचना पर थाना अध्यक्ष दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। फिर सिमरी बख्तियारपुर एसडीपीओ मुकेश कुमार ठाकुर भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। सिमरी बख्तियारपुर एसडीपीओ मुकेश कुमार ठाकुर ने बताया कि मंगलवार की सुबह 2रू45 बजे कानू टोला, वार्ड 28 निवासी डॉ उमेश कुमार के घर से चोरी कर निकल रहे चोर पर उनके पुत्र ओम भगत की नजर पड़ी। वे शादी समारोह से वापस घर लौटे थे। घर के दरवाजे पर चोर को देखा। वे हल्ला करते चोर से भीड़ गए। दोनों के बीच उठा पटक हुई। जिसमें ओम भगत घायल हुए। उनके द्वारा किए गए हो हल्ला पर आसपास के लोगों की नींद टूटी। लोगों को निकलते देख चोर चोरी का सामान और साथ में लाया हुआ देशी पिस्टल छोड़कर फरार हो गया। पिस्टल के मैगजीन से 6 कारतूस बरामद हुए थे। जिसे जब्त कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि घटनास्थल की जांच की गई है।



## सर्वे की सड़क और वर्तमान रास्ते के विवाद में फंसे दर्जनों परिवार, डीएम से लगाई गुहार

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** काशनगर थाना क्षेत्र के वार्ड एक गोढ़ियारी गांव में सड़क को लेकर एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है, जिससे करीब 40 परिवारों के सामने बेघर होने का संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार वर्ष 1965 के सर्वे में भूलवश एक ऐसी जगह सड़क दर्ज हो गई, जहां पिछले लगभग सौ वर्षों से दर्जनों परिवार अपने घर बनाकर रह रहे हैं। वहीं, जिस रास्ते का वर्षों से ग्रामीण आवागमन के लिए उपयोग कर रहे हैं, उसे निजी भूमि बताया जा रहा है। ऐसे में यदि सर्वे में दर्ज सड़क पर निर्माण कराया जाता है तो वहां बसे लगभग 40 परिवारों के उजड़ने की आशंका है। मंगलवार को सर्वे में दर्ज सड़क की जमीन पर एक ग्रामीण अजय मंडल द्वारा घर का निर्माण कराया जा रहा था। इसकी जानकारी मिलने पर पंचायत के मुखिया प्रवेन्द्र कुमार सिंह कुमकुम तथा सरपंच मौके पर पहुंचे और सर्वे वाली सड़क की जमीन पर नया निर्माण कार्य रोक दिया। बताया जाता है कि इसके बाद अजय मंडल ने वर्तमान में उपयोग हो रही सड़क पर ही ईंट की दीवार खड़ी कर दी, जिससे विवाद और बढ़ गया। घटना के बाद गोढ़ियारी गांव के ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से जिलाधिकारी को आवेदन सौंपकर मांग की है कि वर्षों से उपयोग में आ रही पुरानी सड़क को ही सरकारी सड़क के रूप में विकसित किया जाए, ताकि एक ओर दर्जनों परिवारों का आशियाना सुरक्षित रहे और दूसरी ओर ग्रामीणों को पक्की सड़क की सुविधा भी मिल सके। इस संबंध में सोनवर्षा के राजस्व पदाधिकारी सैयद बादशाह ने कहा कि ष्सर्वे अभिलेखों के विरुद्ध जाना संभव नहीं है।ष ऐसे में मामले का समाधान प्रशासनिक स्तर पर ही संभव माना जा रहा है। अब ग्रामीणों की निगाहें जिला प्रशासन के निर्णय पर टिकी हैं कि इस जटिल विवाद का समाधान किस प्रकार किया जाता है।



## दहेज को लेकर सास एवं ननद द्वारा प्रताड़ित व मारपीट किये जाने का लगाया आरोप, महिला थाना में प्राथमिक दर्ज

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** शहर के डीबी रोड वार्ड 14 गुरुद्वारा रोड निवासी अन्तरा कुमारी पति जयंत चैहान ने महिला थाना में अपने सास एवं ननद के उपर दहेज की मांग को लेकर मारपीट कर जेवर छीनने एवं मानसिक प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए महिला थाना मे प्राथमिक दर्ज करते हुए न्याय की गुहार लगाई है।दिए आवेदन में अन्तरा कुमारी ने कहा कि मेरी शादी एक वर्ष पूर्व हिन्दू-रिति रिवाज के अनुसार शादी हुआ है। मुझे तीन माह की एक लड़की भी है। 15 जून को समय करीब 9-10 बजे मैं अपनी की बेटी को तेल लगा रही थी कि अचानक मेरी सास जया देवी पति स्व आशुतोष कुमार सिंह,ननद पूजा देवी पति नितिन कुमार सिंह वर्फ अभिषेक सिंह,ननद दीपा चैहान पति नीरज सिंह ये दोनो ननद वर्तमान में डी०बी० रोड स्थित आवास पर ही रहती है। वे लोग मुझे भद्दी भद्दी गाली गलोज करने लगी जब मेरे पति मुझे बचाने लगे कि क्या गलती है जो तुम सब इसे गाली-गलोज एवं मार पीट पर उत्तारू हो। इतना सुनते ही उक्त सभी मेरे नवजात बच्चे को मुझ से अलग कर फेक दिये तथा मुझे उठा कर पटक दिए तथा लात मुक्का से मारने लगे। मेरा सारा ससमान ब्रीफ केश को लेकर मझे तथा मेरे पति को भगा दिए। ब्रीफ केश में मेरा सोने का कान का बाली वजन करीब आठ आना, कान का झुमका वजन करीब एक भरी सोना का गाला का हार वजन करिब तीन भरी, सोने का चेन वजन करीब डेढ़ भरी, सोने का अंगूठी चार पीस वजन करीब एक भरी, मेरे पति का सोने का चेन वजन करीब डेढ़ भरी, सोने का अंगूठी दो पीस वजन करीब आठ आना, कुल सोना मिलाकर कुल जेवर नो भरी सभी का कीमत करीब सात लाख बीस हजार रु होता है के अलावा कीमती साड़ी साया ब्लॉज दस पीस कीमत करीब पचास हजार रु पति के पाँच पीस पेन्ट सर्ट कीमत करीब दस हजार रु होगा। जो मेरे नन्द एवं सास रख लिया तथा भगा दिया । सभी मिलकर बीस लाख रुपया दहेज के रुप में मांग कर रही है। बोलती है कि नहीं दोगे तो जान से तुम्हें एवं तुम्हारे पति एवं बच्चा को मार पैखाना के टंकी में गिरा देंगे। मेरे ससुर के नाम से जो डी० बी० रोड में दुकान है तथा विरोल चैक आशा सुपौल दरभंगा में दुकान सब है उसका पूरा का पूरा भाड़ा मेरी सास एवं नन्द ले रही है। मुझे तथा मेरे पति को खाने पीने भी सही से नहीं दे रही है। बोलते है कि पिता के घर जाओ। यहाँ तुम लोगों का कुछ नहीं है सामाजिक पंचायत होने के चलते आवेदन देने में विलंब हुआ है।पीड़ित ने उपरोक्त लोगों पर उचित कानूनी कार्यवाई कर न्याय की गुहार लगाई है।



11 आवेदन देती पीड़ित महिला।

## न्यायालय में लंबित मामलों के जल्द निपटारे को लेकर एसपी ने किया लोक अभियोजक के साथ बैठक

**त्वरित निष्पादन के लिए बनाई गई रणनीति, स्पीडी ट्रायल से अपराधियों को दिलाई जाएगी सजा: एसपी विक्रम सिहाग।**

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिला के नव पदस्थापित एसपी मंगलवार को पूरे फॉर्म में दिखे। उन्होंने व्यवहार न्यायालय सहित अन्य न्यायालय में लंबित मामलों के जल्द निपटारे को लेकर लोक अभियोजक के साथ बैठक आयोजित किया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय वेश्म में आयोजित बैठक में लोक अभियोजक के अलावे जिला अभियोजन पदाधिकारी और सभी अपर लोक अभियोजक के साथ सहायक लोक अभियोजक मौजूद थे।एसपी विक्रम सिहाग ने बताया कि न्यायालय में लंबित मामलों के जल्द निपटारा किए जाने और अभियुक्तों को सजा दिलाने के लिए पहल की गई थी। जिला लोक अभियोजक, अभियोजन पदाधिकारी और अपर लोक अभियोजन पदाधिकारी के साथ बैठक आयोजित हुई थी। बैठक में लंबित कांडों पर चचाएं हुई थी। साथ ही साथ अपराधियों को त्वरित गति से सजा दिलाने की रणनीति भी तैयार की गई थी।उन्होंने आगे बताया कि जिसमें अभियोजन पदाधिकारी से सहयोग मांगी गई थी। साथ ही पुलिस द्वारा हो रही देरी को भी जाना था। फिर उन्हें जल्द ही पुलिस पदाधिकारी से बैठक आयोजित करने और कार्रवाई की दिशा में पहल करने का सख्त निर्देश देंगे। पुलिस और अभियोजक पदाधिकारी के बीच समन्वय स्थापित कर कार्यवाई की जाएगी। जिससे अपराधियों को सजा दिलाई जा सके। घटना के पीड़ित को ससमय न्याय मिल सके।मौके पर सहायक अभियोजन पदाधिकारी, विशेष लोक अभियोजन पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।


बैठक में एसपी एवं लोक अभियोजक पदाधिकारी।

## शहनाई बजने से पहले पसरा सन्नाटा, तिलक के 10 दिन बाद युवक का हर्ट अटैक से मौत

**रेलवे में कार्यरत था युवक ड्यूटी जाने के दौरान हुआ हर्ट अटैक**

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत महुआ बाजार में एक दर्दनाक घटना से क्षेत्र में मातम छा गया है। वार्ड संख्या-07 निवासी सिकंदर मंडल के 28 वर्षीय पुत्र चंद्रशेखर कुमार का मंगलवार को सहरसा स्थित अपने किराए के कमरे पर अचानक तबीयत बिगड़ने से निधन हो गया। चंद्रशेखर भारतीय रेलवे में वर्कशॉप टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत थे। परिजनों के अनुसार, उनका तिलक समारोह बीते 19 जून को संपन्न हुआ था। तिलक के बाद वे छुट्टी पर अपने घर महुआ बाजार आए थे। मंगलवार दोपहर उन्हें सहरसा से ट्रेन पकड़कर अपनी ड्यूटी के लिए अहमदाबाद रवाना होना था। इसी दौरान सहरसा स्थित अपने कमरे पर उनकी अचानक तबीयत बिगड़ गई। आनन-फानन में इलाज की कोशिश की गई, लेकिन उनकी मौत हो गई। चंद्रशेखर की असामयिक मौत की खबर मिलते ही महुआ बाजार सहित पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। परिवार में शादी की तैयारियों के बीच मातम पसर गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना से पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है।



# सोयाबीन में था पिल्लू, खाने से दो दर्जन बच्चे बीमार

दैनिक नवसंदेश

## एमडीएम खाने के बाद स्कूली बच्चों को शुरू हुई उल्टी, कई बच्चों ने पेट दर्द की भी शिकायत की

**गोगरी।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पकरेल पंचायत के लेवा गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय सुखदेव सुमन साह में एमडीएम का भोजन खाने से दो दर्जन छात्र -छात्रा बीमार हो गये। स्कूली बच्चों के बीमार होने की सूचना पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और सभी बच्चों को अनुमंडलीय अस्पताल गोगरी लाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया जा रहा है।

इस मामले में उक्त विद्यालय के बीमार छात्र छात्राओं मे वर्ग प्रथम के मयंक राज, मीनाक्षी कुमारी, सोनी कुमारी, आदित्य कुमार, सुमन कुमार, नंदनी कुमारी, द्वितीय वर्ग के अविनाश कुमार, अभय कुमार, युवराज कुमार, निधि कुमारी, माही कुमारी, अविनाश कुमार, सनोज कुमार, ऋषव राज, तृतीय वर्ग की लूसी कुमारी, विशाल कुमार, रौनक कुमार, चतुर्थ वर्ग की सोनम कुमारी, सृष्टि कुमारी, सुजाता कुमारी, अमन कुमार, पंचम वर्ग के राजा कुमार, खुशबु कुमारी, रविश कुमार आदि शामिल हैं। छात्रों ने बताया कि एमडीएम में चावल एवं सोयाबीन की सब्जी बनी थी। सोयाबीन मे पिल्लू था। खाना खाने के बाद उल्टी और पेट दर्द होने लगा। इसकी शिकायत शिक्षकों से की गयी। जिसके बाद एक सौ बारह की टीम आई और सभी को अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल पहुंचते ही बच्चे के परिजन भी जुटने लगे और माहौल गरम हो गया, लेकिन सभी को शांत किया गया और प्रथमिक उपचार किया गया। प्राथमिक उपचार करते हुए डॉ. प्रदीप साहू ने कहा कि फूड प्वाजनिंग हुई है। इनमें से दो बच्चों की थोड़ी ज्यादा तबीयत खराब हुई है और बांकी सब ठीक है।

इधर मामले की जानकारी मिलने के बाद शिक्षा विभाग की अधिकारी आकांक्षा कुमारी ने अस्पताल का दौरा किया और बच्चों के संबंध में जानकारी हासिल की। उन्होने कहा कि बच्चों की तबीयत ठीक है। वही अनुमंडल पदाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी ने भी बच्चों से मिलकर उनका हालचाल जाना।





अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचकर बीमार बच्चों को हालचाल लेते अनुमंडल और प्रखंड के पदाधिकारी सहित शिक्षा विभाग की अधिकारी।

**एसडीएम, बीडीओ और शिक्षा विभाग की अधिकारी ने अस्पताल पहुंचकर जाना बीमार छात्रों का हाल**

**डॉ. प्रदीप साहू ने कहा - फूड प्वाजनिंग हुई है, दो बच्चों की तबीयत थोड़ी ज्यादा खराब हुई है, बाकी सब बच्चे ठीक हैं**

## परबत्ता पुलिस ने जब्त की 81.450 लीटर विदेशी शराब, तस्कर फरार

**परबत्ता (दैनिक नवसंदेश)।** थाना क्षेत्र के सलारपुर गांव स्थित कारगिल चौक के समीप मनिजरा के खेत में गुप्त सूचना के आधार पर परबत्ता पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की है। कार्रवाई के दौरान कुल 81.450 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त की गई, जबकि पुलिस की भनक लगते ही तस्कर मौके से फरार हो गया। उसकी पहचान कर गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

पुलिस को सूचना मिली थी कि कारगिल चौक के आसपास अवैध रूप से शराब की खेप छिपाकर तस्करी की तैयारी की जा रही है। सूचना मिलते ही परबत्ता थाना की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मनिजरा के खेत में छापेमारी की। पुलिस को देखते ही तस्कर अंधेरे और भीड़ का फायदा उठाकर फरार हो गया, लेकिन मौके से भारी मात्रा में शराब बरामद कर ली गई। बरामद शराब में मैजिक मोमेंट ब्रांड की 750 एमएल की 9 बोतल, रयल स्टेज ब्रांड की 750 एमएल की 12 बोतल तथा अफिसर च्वाइस के 180 एमएल के 375 फ्रूटी पैक शामिल हैं। जब्त शराब की कुल मात्रा 81.450 लीटर बताई गई है। शराब बरामी की सूचना फैलते ही इलाके में हड़कंप मच गया और पुलिस की कार्रवाई चर्चा का विषय बन गई।

**मनिजरा गांव के खेत में तस्करों ने बना रखा था अपना अड्डा**

थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बरामदगी की पुष्टि करते हुए बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि बिहार में शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है। मामले में अज्ञात तस्कर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की जा रही है तथा उसकी पहचान कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी तेज कर दी गई है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी कीमत पर शराब कारोबारियों को बख्शा नहीं जाएगा। छापेमारी के अभियान में अपर थानाध्यक्ष सुमंत चौधरी, दरोगा सतीश केवट सहित परबत्ता थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं जवान भी शामिल थे।

## शराब कारोबार के आरोप में महिला को किया गिरफ्तार

**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** थाना क्षेत्र में शराब निषेध कानून के तहत पुलिस ने कार्रवाई करते हुए महिला को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार महिला की पहचान रंगीली सहनी, पति आनंदी सहनी, निवासी काठमारा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, महिला के विरुद्ध चौथम थाना कांड संख्या 122/26 दर्ज है। उस पर बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत शराब के अवैध कारोबार में संलिप्त होने का आरोप है। मामले में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पुलिस ने उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, बिक्री और तस्करी के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत महिला को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि शराब के अवैध कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और ऐसे मामलों में पुलिस की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## बच्चों की सफलता में माता-पिता की सबसे बड़ी मेहनत




**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** नगर परिषद क्षेत्र के मध्य विद्यालय हाजीपुर आवासबोर्ड में मंगलवार को 'स्टूडेंट अफ द मंथ' सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापक मनोज कुमार के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में जून माह के चयनित छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह की खास बात यह रही कि विद्यालय ने विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावकों को भी मंच पर माल्यार्पण कर 'पेरेंट अफ द मंथ' के सम्मान से सम्मानित किया गया।प्रधानाध्यापक मनोज कुमार ने कहा कि बच्चे की सफलता में माता-पिता की मेहनत सबसे बड़ी होती है। अभिभावकों को सम्मानित कर हम घर और विद्यालय के रिश्ते को और मजबूत कर रहे हैं। कार्यक्रम में वर्ग शिक्षिकाएँ श्वेता साक्षी,अर्पिता,बबीता भारती,अंजू, रेणु कुशवाहा, अंशु, रानी, करुणा, मीना' सहित विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे। 'स्टूडेंट अफ द मंथ' का चयन उपस्थिति, अनुशासन, गृहकार्य, सह-पाठ्यक्रम गतिविधि एवं व्यवहार के आधार पर किया जाता है। विद्यालय की इस पहल से बच्चों और अभिभावकों दोनों में शिक्षा के प्रति उत्साह बढ़ा है।

## संक्षिप्त खबरें

### वर्षो से फरार अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** वर्षो से फरार चल रहे हत्या और लूट के नामजद को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार की पहचान बेलदौर थाना क्षेत्र के सकरोहर गांव निवासी बीनो ठाकुर उर्फ दिनेश्वर ठाकुर के पुत्र उमेश ठाकुर के रूप में हुई है। उमेश ठाकुर को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलदौर के परिसर से गिरफ्तार किया। उमेश ठाकुर का आपराधिक इतिहास पुराना है। उसने साल 2013 में एक दरोगा पर गोली चलाई थी, जिसके बाद से ही वह अपराध की दुनिया में सक्रिय हो गया था। गिरफ्तारी से बचने के लिए उमेश ठाकुर कई वर्षो से अपना गांव छोड़कर बाहर रह रहा था। हालांकि, करीब 10 दिन पहले पारिवारिक भूमि विवाद में मारपीट के दौरान वह घायल हो गया था। घायल होने के बाद वह इलाज कराने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलदौर पहुंचा था। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि एक वांछित अपराधी अस्पताल परिसर में घूम रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर उसे दबोच लिया।

### आशा कार्यकर्ता के निधन से शोक की लहर

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलदौर में कार्यरत आशा 50 वर्षीय निर्मला देवी की मौत लंबी बीमारी रहने के कारण इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत हो जाने पर आशा कार्यकर्ताओं में मायूसी छा गई है। जानकारी के मुताबिक बेलदौर प्रखंड क्षेत्र के धरक्का सिंह वासा निवासी दिनेश सिंह के 50 वर्षीय पत्नी निर्मला देवी 1 जुलाई 2009 में आशा कार्यकर्ता के पद पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलदौर में कार्यरत हुई। लंबी बीमारी रहने के कारण मौत हो गई। वहीं मौत की खबर सुनकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलदौर के चिकित्सा पदाधिकारी डक्टर मुकेश कुमार, बीएचएम अशोक यादव, बीसीएम दीपक कुमार, उमेश पंडित, एएनएम नीलम कुमारी, सोनी कुमारी, खुशबू कुमारी, शोभा कुमारी उनके पैतृक स्थान पर पहुंचकर 2 मिनट का मौन वत रखकर दुख के घड़ी में धैर्य से रहने का परिजनों को सलाह दिया।

### अभाविप कार्यकर्ताओं ने किया अश्विनी कुमार का स्वागत



**गोगरी (दैनिक नवसंदेश)।** 70वीं बीपीएससी परीक्षा में एसडीएम पद पर चयनित गोगरी प्रखंड के हरिनगर निवासी अश्वनी कुमार का अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने महेशखूंट स्थित दुर्गा स्थान में सम्मान समारोह आयोजित कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने उन्हें पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। नगर मंत्री लक्की सिंह ने कहा कि अश्वनी कुमार की सफलता गोगरी सहित पूरे क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि मेहनत, लगन और निरंतर प्रयास से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। अश्वनी कुमार की उपलब्धि युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करेगी। सम्मान समारोह में नगर अध्यक्ष अंबानी कुमार , नगर सह मंत्री अभिनव सिंह, यश सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि अश्वनी कुमार की उपलब्धि से क्षेत्र का गौरव बढ़ा है और यह साबित करता है कि ग्रामीण परिवेश से भी कठिन परिश्रम और ढ़ संकल्प के बल पर बड़ी सफलता हासिल की जा सकती है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने युवाओं को संदेश दिया कि अश्वनी कुमार की तरह लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करना ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता पाने के लिए अनुशासन, धैर्य और निरंतर अध्ययन आवश्यक है। अश्वनी कुमार ने सम्मान पाकर आभार व्यक्त किया और कहा कि यह उपलब्धि उनके माता-पिता, शिक्षकों और मित्रों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे सकारात्मक सोच और कड़ी मेहनत के साथ अपने सपनों को साकार करें।

### गोगरी पंचायत में धूमधाम से मनाया गया बहरजात्रा पर्व

**गोगरी (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड क्षेत्र के गोगरी पंचायत के ब्राह्मण टोला गोगरी के बड़ी काली मंदिर व छोटी काली मंदिर में बहरजात्रा पर्व धूमधाम पूर्वक मनाया गया।इस अवसर पर दोनों मंदिर में गांव वाले के सहयोग से मां काली की पूजा अर्चना की गई और दोनों मंदिर परिसर में ही 21-21 ब्राह्मणों को भोजन कराया गया।इस अवसर पर मां काली से पंचायत वासियों की सुख समृद्धि हेतु कामना की गई साथ ही किसी भी महामारी के न आने का विनती मां काली से की गई।बताते चलें कि प्राचीन काल से यह परंपरा रही है प्रत्येक वर्ष आषाढ़ माह के अद्रा नक्षत्र में दोनों काली मंदिर में धूमधाम से पूजा पाठ किया जाता है तथा ब्राह्मणों को खीर और आम खिलाकर दक्षिणा देकर विदा किया जाता है।इस अवसर पर सभी गांव वाले मिलकर चंदा इकठ्ठा करके पूजा अर्चना करते हैं।पंचायत वासी के अनुसार मां काली के पा से ही आज तक पंचायत में कोई महामारी से किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ है।दैविक पा बनी रहती है।मान्यता है कि इसी पूजा के बदौलत कोरोना जैसी महामारी में भी गांव वाले सुरक्षित रहे थे।इस अवसर पर मनोज मिश्रा,ड सुनील मिश्रा,रवि मिश्रा,पवन मिश्रा,हीरा मिश्रा,अमित मिश्रा,राजीव मिश्रा,राकू,राजन सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## सम्राट अशोक भवन के निर्माण का कांग्रेसी नेता कर रहे विरोध



**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** नगर पंचायत स्थित गांधी आश्रम की जमीन को लेकर एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष चंदन यादव ने आरोप लगाया है कि बेलदौर के अंचलाधिकारी अमित कुमार ने नगर पंचायत को एनओसी देकर गांधी आश्रम की ऐतिहासिक जमीन पर सम्राट अशोक भवन का निर्माण कार्य शुरू करवा दिया है। इस मामले को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष चंदन यादव ने गोगरी के एसडीओ संजय कुमार से मुलाकात की और निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने की मांग की।

इधर एसडीओ ने स्पष्ट किया कि जमीन से संबंधित वैध कागजात उपलब्ध कराए जाएं, जिसके बाद ही जांच कर कार्य रोका जाएगा। कांग्रेस नेताओं के अनुसार, सम्राट अशोक भवन का निर्माण करीब चार कट्ठा जमीन पर किया जा रहा है। कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष ललन यादव ने कहा की यह जमीन एक ऐतिहासिक धरोहर है। यहाँ कभी देश की आजादी के लिए स्वतंत्रता सेनानियों का जमावड़ा हुआ करता था। प्रशासन की सह पर अब यहाँ रात के अंधेरे में मिट्टी भराई का कार्य किया जा रहा है। जिलाध्यक्ष चंदन यादव ने आगे कहा कि वर्ष 18 सौ ईस्वी के आसपास से ही बेलदौर नगर पंचायत के जमैया टोला के समीप स्थित यह गांधी आश्रम स्वतंत्रता सेनानियों का प्रमुख केंद्र रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की यादों और उनकी इस धरोहर को मिटाने की कोशिश की जा रही है। अंचलाधिकारी ने गांधी आश्रम की जमीन नगर पंचायत को सौंपकर स्वतंत्रता सेनानियों के इतिहास को धूमिल करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुरजोर मांग की है कि गांधी आश्रम की पहचान को अक्षुण्ण रखा जाए और वहां चल रहे निर्माण कार्य पर तुरंत रोक लगाई जाए। इस पूरे मामले पर अपना पक्ष रखते हुए बेलदौर के अंचलाधिकारी अमित कुमार ने बताया कि यह सरकारी (आम) जमीन है, जो पिछले करीब दो दशकों से खाली पड़ी हुई थी। मौके पर मौजूद नेता एसडीओ से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष पवन सिंह, नगर पंचायत प्रतिनिधि रंजन कुमार राज, मुरारी सिंह, नवीन कुमार, प्रह्लाद स्वर्णकार और नवल साह समेत दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दिया कार्रवाई का भरोसा

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** थाना क्षेत्र के बेला नौवाद पंचायत अंतर्गत मुरासी गांव में पैतृक और खरीदी गई जमीन पर जबरन कब्जा कर घर का ढांचा खड़ा करने का मामला सामने आया है। पीड़ित बलराम मंडल ने 29 जून को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गोगरी को लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। मालूम हो कि मुरासी गांव निवासी स्व0 नारायण मंडल के पुत्र बलराम मंडल ने बेलदौर थाना अध्यक्ष को आवेदन में बताया कि उनकी जमीन जो उन्हें पूर्वजों से हिस्से में मिली है और कुछ जमीन खरीदी हुई है, उस पर गांव के ही 4 लोगों ने जबरन कब्जा शुरू कर दिया है। उन्होने कहा कि भूषण सिंह पिता पुलकित सिंह, शम्भू सिंह पिता स्व0 आशी सिंह, नीतीश कुमार पिता भूषण सिंह और छोटू कुमार पिता भूषण सिंह शामिल हैं। सभी मुरासी गांव के निवासी हैं। बलराम मंडल के अनुसार 29 जून 2026 को इन लोगों ने उनकी जमीन पर बलपूर्वक घर का ढांचा चढ़ाना शुरू कर दिया। जमीन का केवाला मेरे पास है। इससे पहले भी इसी जमीन पर विवाद हुआ था। तब अनुमंडल दंडाधिकारी के आदेश पर पुलिस प्रतिवेदन के आधार पर केस चला था, लेकिन अनुमंडल पदाधिकारी के तबादले के कारण केस की सुनवाई पूरी नहीं हो सकी और कार्य समाप्त हो गया।पीड़ित ने दोबारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के यहां सभी कागजात के साथ आवेदन दिया था। आवेदन के आधार पर पत्रांक 1003 के माध्यम से जांच के लिए बेलदौर थाना भेजा गया था। लेकिन बेलदौर थाना द्वारा किसी तरह का जांच प्रतिवेदन नहीं भेजा गया। बलराम मंडल ने एसडीपीओ गोगरी से कहा है कि जमीन पर हो रहे अवैध निर्माण को रोका जाए और दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की जाय। बेलदौर थाना अध्यक्ष ने कहा कि आवेदन प्राप्त हुआ है, जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

## हल्की बारिश से सड़क पर जमा हुआ कीचड़ और पानी, ग्रामीण परेशान

**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड क्षेत्र की मध्य बौरने पंचायत में विकास कार्यो की हकीकत एक बार फिर सामने आ गई है। भगवती स्थान से कैथी मलिक टोला होते हुए मुख्य सड़क तक जाने वाली सड़क की स्थिति बेहद जर्जर बनी हुई है। बीती रात हुई हल्की बारिश के बाद पूरी सड़क कीचड़ और जलजमाव से भर गई, जिससे लोगों का आवागमन मुश्किल हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क के दोनों ओर घनी आबादी बसी हुई है और इस रास्ते से प्रतिदिन सैकड़ों लोगों का आना-जाना होता है। सामान्य दिनों में भी सड़क की हालत खराब रहती है, लेकिन बारिश होते ही स्थिति और गंभीर हो जाती है। जगह-जगह कीचड़ और पानी जमा होने से बाइक चलाना तो दूर, पैदल चलना भी चुनौती बन गया है। स्थानीय ग्रामीण उमेश सिंह, हनुमान महतो, पप्पू महतो, सुनील महतो और भक्तों महतो सहित अन्य लोगों ने बताया कि लगभग चार दिन पहले सांसद के दौरे के दौरान सड़क की बदहाल स्थिति को छिपाने और पंचायत विकास कार्यो को बेहतर दिखाने के लिए प्रशासन या संबंधित विभाग की ओर से सड़क पर जल्दबाजी में दो-चार ट्रेलर राबिश (ईंट-पत्थर का मलबा) डलवा दिया गया था। लेकिन पहली ही हल्की बारिश में राबिश की परत कीचड़ में तब्दील हो गई और सड़क पहले से भी अधिक फिसलन भरी हो गई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सड़क की मरम्मत केवल औपचारिकता निभाने के लिए की गई थी। बारिश के बाद हालात ऐसे हो गए हैं कि छोटे-छोटे बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं घर से निकलने में भी परेशान हैं। कई स्थानों पर जलजमाव के कारण लोगों को कीचड़ से होकर गुजरना पड़ रहा है, जिससे दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और पंचायती राज विभाग से इस मामले में तत्काल संज्ञान लेकर सड़क की स्थायी मरम्मत कराने की मांग की है। उनका कहना है कि हर वर्ष बारिश के मौसम में उन्हें इसी समस्या का सामना करना पड़ता है, लेकिन अब तक इसका स्थायी समाधान नहीं किया गया है।

## 36 वर्षों की समर्पित सेवा के बाद एएनएम कुमकुम कुमारी सेवानिवृत्त




**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** सदर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत स्वास्थ्य उपकेंद्र कुतुबपुर में कार्यरत एएनएम कुमकुम कुमारी 36 वर्षो की सरकारी सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गईं। इस अवसर पर स्वास्थ्य उपकेंद्र परिसर में उनके सम्मान में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी, स्वास्थ्यकर्मी, आशा कार्यकर्ता, सहकर्मी, परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी वर्षा कुमारी तथा एएनएम रूबी कुमारी, मीनाक्षी धवन, आशा शहनाज हसन सहित अन्य सहकर्मियों ने कुमकुम कुमारी को अंगवस्त्र, पुष्पमाला एवं बुके भेंट कर भावभीनी विदाई दी। समारोह में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुशांत कुमार, हेल्थ एजुकेटर गौतम कुमार, बीएचएम विजय कुमार, बीसीएम प्रभाकर सिंह, डॉ. उदय, आशा नूतन कुमारी, शकीला खातून, रीना देवी, रूबी देवी एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने भी उन्हें सम्मानित करते हुए उनके उत्ष्ट कार्यो की सराहना की। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुशांत कुमार ने कहा कि कुमकुम कुमारी ने अपने पूरे सेवाकाल में ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा एवं सेवा-भाव का उत्ष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। उनका कार्य सभी स्वास्थ्यकर्मियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। हम उनके स्वस्थ, सुखद एवं सम्मानपूर्ण जीवन की कामना करते हैं। अपने संबोधन में कुमकुम कुमारी ने कहा कि आज का दिन मेरे जीवन का अत्यंत भावुक एवं अविस्मरणीय क्षण है। वर्ष 1990 से लेकर आज तक स्वास्थ्य विभाग मेरा परिवार रहा है। सभी अधिकारियों, सहकर्मियों एवं क्षेत्र की जनता से जो ह, सम्मान और सहयोग मिला, उसे मैं जीवनभर नहीं भूल पाऊँगी। आप सभी के प्रेम एवं आत्मीयता के लिए मैं हृदय से आभारी हूँ। उन्होने कहा कि 12 फरवरी 1990 को स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार में सेवा प्रारंभ की थी तथा 30 जून 2026 को सेवानिवृत्त हुईं। अपने 36 वर्षो के सेवाकाल में उन्होंने रेफरल अस्पताल कटोरिया (बांका), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बांका, स्वास्थ्य केंद्र इचरुआ (अलौली), प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र सठमा (बेलदौर), प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र भगवानचक तथा अंत में स्वास्थ्य उपकेंद्र कुतुबपुर में अपनी सेवाएं प्रदान कीं। उनके कार्यकाल को कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं जनसेवा के लिए सदैव याद किया जाएगा। इस अवसर पर उनके पुत्र मनीष कुमार राय ने कहा, मां ने अपने जीवन के 36 वर्ष पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ स्वास्थ्य विभाग एवं समाज की सेवा में समर्पित किए। हमें उन पर गर्व है। इस सम्मानपूर्ण विदाई के लिए स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, सहकर्मियों एवं उपस्थित सभी शुभचिंतकों के प्रति हमारा परिवार हृदय से आभार व्यक्त करता है। समारोह में परिवार के सदस्य अनिल राय, नीलम कुमारी, सोनिया कुमारी, प्रियंका कुमारी भारती, मनीषा कुमारी, अंशु कुमारी, शिवानी कुमारी, आर्यन कुमार, अनन्या कुमारी, आर्य कुमारी, तनु प्रिया कुमारी एवं खुशी कुमारी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### सदर बाजार समीप तीन संदिग्ध गिरफ्तार

**जमालपुर(मुंगेर)** - जमालपुर थाना क्षेत्र के सदर बाजार स्थित हरिजन स्कूल के समीप पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन संदिग्ध युवकों को हिरासत में लिया। कार्रवाई का नेतृत्व एएसआई सुजीत कुमार सिंह ने किया।गिरफ्तार संदिग्धों की पहचान बरियारपुर निवासी शान पिता विधुरंजन नया टोला दूसरा सफियासराय निवासी राजकमल राम पिता स्वर्गीय रतन राम तथा जमालपुर के मारवाड़ी पट्टी निवासी आशीष कुमार पिता रामचंद्र महतो के रूप में हुई है।पुलिस ने तीनों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। फिलहाल गिरफ्तारी के कारणों तथा उनके पास से किसी सामान की बरामी को लेकर आधिकारिक जानकारी जारी नहीं की गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### कूड़े के ढेर में मिला नवजात का शव, बाढ़ शहर में फैली सनसनी

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़ नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 20 और 21 की सीमा पर स्थित नाईं टोला (अनुमंडलीय अस्पताल) के पीछे कूड़े के ढेर में नवजात शिशु का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जुट गए।विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार वार्ड संख्या 20 स्थित काली मंदिर के समीप सफाई कार्य के दौरान सफाईकर्मियों की नजर कूड़े के ढेर में पड़े नवजात के शव पर पड़ी। इसके बाद उन्होंने आसपास के लोगों को सूचना दी। देखते ही देखते घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने घटना पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि अस्पताल परिसर के पीछे कूड़े के ढेर में नवजात का शव मिलना अत्यंत दुखद और चिंताजनक घटना है। घटना की सूचना मिलने के बाद संबंधित विभाग और स्थानीय प्रशासन को इसकी जानकारी दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि सभी पहलुओं की जांच की जा रही है तथा आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद पूरे इलाके में चर्चा का माहौल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मामले की शीघ्र जांच कर सच्चाई सामने लाने और जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

### फतुहा में गैस पाइपलाइन का गड्ढा 9 महीने से खुला

**फतुहा।** फतुहा के गैस पाइपलाइन बिछाने के नाम पर खोदा गया गड्ढा अब आम लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। गेल कंपनी द्वारा फतुहा के पाल टोला गांव के पास एसएच-106 पर खोदे गए इस गहरे गड्ढे को पिछले नौ महीने से बंद नहीं किया गया है। कंपनी की इस घोर लापरवाही से नाराज और परेशान ग्रामीणों ने मंगलवार को सड़क पर उतरकर कंपनी के खिलाफ जमकर विरोध-प्रदर्शन किया और सुस्ती का आरोप लगाया। प्रदर्शन कर रहे स्थानीय ग्रामीण मो सलीम और राजहंस ने आरोप लगाया कि कंपनी ने करीब नौ महीने पहले पटना-फतुहा-बख्तियारपुर मार्ग पर खुदाई शुरू की थी। पाल टोला गांव के पास सड़क किनारे गहरे गड्ढे खोदकर पाइप तो डाल दिए गए, लेकिन उसे मिट्टी से भरकर समतल करने की सुध किसी ने नहीं ली। ग्रामीणों का कहना है कि खुदाई के बाद कंपनी ने साइट को पूरी तरह लावारिस छोड़ दिया है। रात के समय यहां न तो कोई बैरिकेडिंग होती है और न ही कोई रिफ्लेक्टर, जिससे यह गड्ढा किसी मौत के कुएं जैसा नजर आता है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कई महीनों से सड़क पर बिखरी मिट्टी और इस गड्ढे के कारण दर्जनों बाइक और अटो दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। कई लोग गंभीर रूप से घायल होकर अस्पताल में इलाज करा चुके हैं, खासकर रात में हादसों का यह सिलसिला बदस्तूर जारी है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस जानलेवा लापरवाही को तुरंत बंद कराया जाए और सड़क को जल्द से जल्द दुरुस्त किया जाए। वहीं, इस संबंध में गेल कंपनी के इंजीनियर सुबोध कुमार ने बताया कि मुख्य सड़क की खुदाई का काम पूरा हो चुका है। पहले बैरिकेडिंग की गई थी, जिसे लोगों ने हटा दिया था। आज से ही मिट्टी हटाने और पुनः बैरिकेडिंग करने का काम शुरू कर दिया जाएगा ताकि भविष्य में कोई दुर्घटना न हो।

# छात्र हित से जुड़े मुद्दे को लेकर विद्यार्थी परिषद ने किया धरना-प्रदर्शन

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जमालपुर कलेज इकाई द्वारा आज छात्रहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर कलेज अध्यक्ष राज चौधरी के नेतृत्व में कलेज परिसर में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। धरना के उपरांत प्रतिनिधिमंडल ने प्राचार्य को विस्तृत ज्ञापन सौंपते हुए समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की।

राज चौधरी ने कहा कि लंबे समय से छात्र विभिन्न मूलभूत सुविधाओं के अभाव और शैक्षणिक समस्याओं से जूझ रहे हैं, लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन और कलेज प्रशासन द्वारा अपेक्षित पहल नहीं की जा रही है।ज्ञापन में प्रमुख रूप से पुनः ओएमआर आधारित परीक्षा आयोजित करने के निर्णय पर पुनर्विचार करते हुए पारंपरिक उत्तरपुस्तिका आधारित परीक्षा प्रणाली लागू करने, ओएमआर एवं पारंपरिक परीक्षा प्रणाली पर होने वाले खर्च का सार्वजनिक विवरण जारी करने,सीनेट एवं सिंडिकेट के कार्यवाही को अक्षरशः लागु करें, प्रत्येक सप्ताह छात्र-दरबार आयोजित करने, छात्रों को समय पर डिग्री,अंकपत्र एवं अन्य प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराने, परीक्षा विभाग से दलाल मुक्त करने, नियमित सत्र संचालन सुनिश्चित करने तथा पेमेंट गेटवे के लिए एसबीआई या अन्य बैंक के उपयोग करने की मांग की गई।इसके अलावा जमालपुर कलेज में छात्रों के लिए पुस्तकालय का सुढ़ीकरण, कमन रूम, नियमित कक्षाओं का संचालन, स्मार्ट क्लास, वाई-फाई सुविधा, स्वच्छ पेयजल एवं प्रसाधन की व्यवस्था, एनसीसी की शुरुआत, बी़एससी़ (विज्ञान) एवं पीजी की पढ़ाई प्रारंभ करने तथा जर्जर भवनों की मरम्मत एवं उपयोग सुनिश्चित करने की भी मांग की गई।विशेष आमंत्रित सदस्य विक्की आनंद ने कहा कि यदि कुलपति महोदय शीघ्र इन मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं करते है, तो एबीवीपी चरणबद्ध आंदोलन करते हुए विश्वविद्यालय घेराव करने को बाध्य होगा।धरना-प्रदर्शन में नगर मंत्री अनुराग, नगर सहमंत्री आदित्य कुमार, जिला छात्रा प्रमुख कोमल कुमारी, कलेज एसएफडी संयोजक नीतीश, विशेष आमंत्रित सदस्य विक्की आनंद, प्रशांत,पीयूष,दिवाकांत सिंह, अमन, सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



धरना प्रदर्शन करते विद्यार्थी परिषद।

## महाजाम में फंसे सैकड़ों वाहन, स्कूली बच्चे और रेलकर्मी रहे परेशान

**जमालपुर(मुंगेर)** - ईस्ट कलोनी थाना क्षेत्र के अल्बर्ट रोड से रेलवे बड़े पुल तक आए दिन लगने वाले जाम से आम लोगों की परेशानी बढ़ती जा रही है। मंगलवार को स्कूलों की छुट्टी के समय एक भारी वाहन के अल्बर्ट रोड में प्रवेश करते ही सड़क पर महाजाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। देखते ही देखते दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और करीब आधे घंटे से एक घंटे तक यातायात पूरी तरह प्रभावित रहा।जाम में स्कूली बच्चों, उनके अभिभावकों, रेलकर्मियों, अटो, ई-रिक्शा, दोपहिया और अन्य छोटे-बड़े वाहन फंस गए। सबसे अधिक परेशानी स्कूल से लौट रहे बच्चों को हुई। कई बच्चे जाम में फंसे अपने अभिभावकों से यह कहते सुने गए कि आखिर स्कूल की छुट्टी के समय ही जाम क्यों लगता है और इसे हटाने की व्यवस्था क्यों नहीं की जाती।स्थानीय लोगों का कहना है कि स्कूल की छुट्टी के समय भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक नहीं होने के कारण प्रतिदिन ऐसी स्थिति बन जाती है। इससे न केवल विद्यार्थियों और अभिभावकों को परेशानी होती है, बल्कि रेलकर्मियों और अन्य राहगीरों को भी अपने गंतव्य तक पहुंचने में काफी विलंब होता है।स्थानीय नागरिकों, अभिभावकों और रेलकर्मियों ने ईस्ट कलोनी थानाध्यक्ष से स्कूल अवधि एवं छुट्टी के समय भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने, नियमित ट्रैफिक व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा जाम की समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है।


महाजाम में फंसा स्कूली बच्चे।

## अंडर-14 फुटबल टूर्नामेंट का फुलका एकेडमी बनी चैंपियन

**जमालपुर (मुंगेर)।** जेएसए में अंडर-14 फुटबल टूर्नामेंट का सफलतापूर्वक संपन्न हो गया।प्रतियोगिता के अंतिम मुकाबले में रामपुर बयज एकेडमी ने रामपुर गर्ल्स एकेडमी को 3-0 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। हालांकि रामपुर गर्ल्स एकेडमी ने पूरे मैच में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए उपविजेता रही तो फुल्का अकैडमी नित टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन कर अपने नाम चौंपियनशिप का खिताब हासिल किया। इस प्रतियोगिता में बालक वर्ग के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार आशीष राज तथा बालिका वर्ग की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार वैष्णवी कुमारी को प्रदान किया गया।समापन समारोह के मुख्य अतिथि मुख्य कारखाना प्रबंधक बिनय प्रसाद बर्णवाल तथा विशिष्ट अतिथि इरिमी के वरिष्ठ प्रोफेसर राजीव कुमार उपस्थित थे।संबोधन में मुख्य अतिथि कहा कि खेल केवल जीत-हार का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता एवं व्यक्तित्व विकास का सशक्त आधार है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों के उत्ष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों में आत्मविश्वास, प्रतिस्पर्धात्मक भावना एवं खेल संस्ति को विकसित करती हैं। उन्होंने आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए भविष्य में भी इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के निरंतर आयोजन का आश्वासन दिया।विशिष्ट अतिथि, इरिवो अध्यक्षा अनीता बरनवाल एवं उनकी टीम, क्रीड़ा अधिकारी तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को सहभागिता प्रमाण-पत्र एवं पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट के उद्घोषक की भूमिका पूर्व फुटबल खिलाड़ी अजय कुमार श्अजितश् ने निभाई। मैच संचालन एवं निर्णायक की जिम्मेदारी भूतपूर्व राष्ट्रीय फुटबलर प्रवीण कुमार एवं ष्णानंद श्रामाश् ने संभाली, जबकि रेफरी के रूप में शंकर सिंह, मनीष कुमार एवं प्रकाश कुमार ने अपनी सेवाएं दीं।मौके पर क्रीड़ा अधिकारी प्रीतम कुमार, सहायक क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार अधिकारी अभिनय कुमार,अभ्युदय,सौरभ कुमार,अभिषेक कुमार, रवि राजपूत,बीपीके मिंज,जय दीपेन्दु खां करिश्मा प्रकाश,आकांक्षा सिंह, शालिनी मिश्रा, शालू कुमारी, प्रीति राजपूत साहित्य कई खेल प्रेमी मौजूद थे।



विजेता उपविजेता टीम के साथ खड़ी विशिष्ट अतिथि।

## बीपीएससी में डीएसपी बने अमित कुमार का कृष्णा एकेडमी में सम्मान

**जमालपुर (मुंगेर)** - 70वीं बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) परीक्षा में उत्ष्ट प्रदर्शन करते हुए डीएसपी पद पर चयनित हुए अमित कुमार का मंगलवार को जमालपुर स्थित ष्णा एकेडमी, गोल्फ ग्राउंड परिसर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में एकेडमी परिवार एवं शहर के गणमान्य लोगों ने उन्हें माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने उनकी सफलता को क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया।कार्यक्रम में ष्णा एकेडमी के संचालक अजय कुमार ने कहा कि अमित कुमार की सफलता यह साबित करती है कि ढ़ संकल्प,नियमित अध्ययन और कठिन परिश्रम के बल पर कोई भी छात्र अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और छोटे शहरों के युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, जरूरत केवल सही मार्गदर्शन और निरंतर प्रयास की होती है।सम्मान समारोह के दौरान डीएसपी चयनित अमित कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों को धैर्य, अनुशासन और आत्मविश्वास बनाए रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि सफलता एक दिन में नहीं मिलती, बल्कि लगातार मेहनत, सही रणनीति और समय के सदुपयोग से लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने छात्रों से असफलता से निराश न होकर उससे सीख लेने और लगातार प्रयास करते रहने का आह्वान किया।कार्यक्रम का माहौल उत्साहपूर्ण रहा। उपस्थित छात्रों ने अमित कुमार से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, अध्ययन पद्धति और सफलता के अनुभवों के बारे में जानकारी प्राप्त की। छात्रों ने इसे अपने लिए प्रेरणादायक और मार्गदर्शक अवसर बताया।समारोह में अजय कुमार, अजीत, ट्विंकल, मोहन कुमार, ष्ण धावक, गुलशन कुमार, विष्णु कुमार, संजू कुमारी, वैष्णवी कुमारी, आनंद कुमार, प्रमोद कुमार सहित एकेडमी के शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। सभी ने अमित कुमार को उनकी उपलब्धि पर शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## रेल कारखाना से 14 अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानपूर्वक दी गई विदाई

**जमालपुर (मुंगेर)** - रेल इंजन कारखाना जमालपुर में मंगलवार को सेवा निवृत्त होने वाले 14 अधिकारी एवं कर्मचारियों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। मुख्य कारखाना प्रबंधक (सीडब्ल्यूएम) विनय प्रसाद वर्णवाल की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में सेवानिवृत्त कर्मियों के लंबे एवं समर्पित सेवाकाल की सराहना की गई।इस अवसर पर सीडब्ल्यूएम विनय प्रसाद वर्णवाल ने कहा कि एशिया का गौरव कहलाने वाला जमालपुर रेल कारखाना अपने कर्मियों के समर्पण और मेहनत से ही नई उंचाइयों तक पहुंचा है। उन्होंने कहा कि वर्षो तक संस्थान की सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त हो रहे सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों के स्वस्थ, सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की कारखाना प्रशासन कामना करता है। उन्होंने कहा कि एक रेलकर्मी जीवनभर रेलवे परिवार का हिस्सा रहता है। यदि भविष्य में किसी प्रकार की समस्या आती है तो वे बेझिझक रेल प्रशासन से सहयोग प्राप्त कर सकते हैं।समारोह का संचालन डिप्टी सीपीओ बीक़े राय ने किया। इस दौरान अकाउंट्स अफिसर अमर कुमार, एपीओ अश्वनी कुमार, संजय कुमार सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।सेवानिवृत्त होने वालों में संजीव कुमार, गोपाल चौधरी, विनोद मंडल, सुबोध कुमार मंडल, अनुग्रह टोपो सहित कुल 14 अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल थे। सभी को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं स्मृति-चि भेंट कर सम्मानित किया गया और उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त किया गया।



रेल कर्मी को सम्मान पूर्वक विदाई देते सीडब्ल्यूएम।

## चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार

**जमालपुर(मुंगेर)।** पुलिस ने रामपुर भलार रोड पर वाहन जांच के दौरान चोरी की एक बाइक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। कार्रवाई एएसआई रमेश कुमार के नेतृत्व में की गई।गिरफ्तार युवक की पहचान गौरीपुर, थाना सफियासराय निवासी रोशन कुमार पिता स्वर्गीय सुरेश प्रसाद मंडल के रूप में हुई है। उसके कब्जे से काले रंग की एक ग्लैमर मोटरसाइकिल बरामद की गई है, जिसे पुलिस प्रारंभिक जांच में चोरी की बाइक बता रही है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर बरामद बाइक को जब्त कर लिया है। मोटरसाइकिल के स्वामित्व एवं चोरी से जुड़े मामले की जांच की जा रही है। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायिक कार्रवाई के लिए भेजा जाएगा।

# दिव्य ज्योति कलश रथ यात्रा है देवसंस्कृति की विजय का उद्घोष

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** उपजोनल केंद्र गायत्री शक्तिपीठ जमालपुर के अंतर्गत शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में दिव्य ज्योति कलश रथ संग्रामपुर,टेटिया बंबर,,असरगंज के बाद तारापुर पहुंचा।तारापुर में त्रिदिवसीय रथ परिभ्रमण के क्रम में उल्टा महादेव,लौना और खुदिया ग्राम में दीप यज्ञ का कार्यक्रम संपन्न हुआ।दीप यज्ञ के माध्यम से उपजोन प्रतिनिधि मनोज मिश्र ने बताया कि ज्योति कलश रथ यात्रा के माध्यम से देव संस्ति दिग्विजय अभियान का उद्घोष किया जा रहा है। देव संस्ति की माता गायत्री और पिता यज्ञ होते हैं। देव संस्ति की स्थापना से व्यष्टि और समष्टि के स्तर पर प्रेम, शांति, सद्भाव,सदाचार, विवेक, सहयोग, उदारता, सृजन, सुख,प्रगति, संपन्नता और कलात्मकता की अभिव्यक्ति और अनुभूति होगी। इस अवसर पर महिला प्रतिनिधि के रूप में नीलम भगत ने कहा कि गायत्री की उपासना से जीवन में दिव्यता का जागरण होता है। प्रतिभा,आरोग्य, आत्म बल, रचनात्मक क्षमता, सकारात्मकता प्रदान करने वाली गायत्री की उपासना और पर्यावरण को संतुलित करने वाली और सामाजिक चेतना को उन्नत करने वाली यज्ञ की परंपरा के साथ ही ऋषियों की संस्कार परंपरा से श्रेष्ठ व्यक्तित्व का निर्माण करने वाली पद्धति सभ्य समाज और समर्थ राष्ट्र का निर्माण करेगी।वासुदेव शर्मा और सुषमा सिन्हा ने प्रेरक युग गायन प्रस्तुत किये।जिला प्रतिनिधि ड अरुण पंडित ने बताया कि ज्योति कलश, तारापुर के बाद हवेली खड़गपुर के विभिन्न स्थानों पर परिभ्रमण कर रहा है।रथ क्रमशः बरियारपुर ,मुंगेर,धरहरा होते हुए 14 जुलाई को जमालपुर पहुंचकर 20 जुलाई तक नगर परिभ्रमण और सांसतिक नवजागरण का संदेश देगा। दिव्य ज्योति कलश यात्रा के सांसतिक अभियान में बबी देवी, रूबी देवी, पंकज मंडल, शांति देवी,अवधेश कुमार गुप्ता, शंकर सुमन, गोपाल यादव, शोभा सिंह और सुजीत कुमार की सराहनीय भूमिका है।


दिव्य ज्योति कलश रथ के समक्ष खड़े गायत्री परिवार।

## संक्षिप्त खबरें

### राजकीय डिग्री महाविद्यालय दनियावां में प्राचार्य ने दिया योगदान

**दनियावां।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय अंतर्गत प्राचार्य प्रो़ खालिद अहमद ने नवसृजित डिग्री महाविद्यालय सिंगरियावां में विगत 11मई 2026 को योगदान दिया।2 उच्च विद्यालय सिंगरियावां के प्रांगण में संचालित होने वाले राजकीय डिग्री महाविद्यालय के लिए आठ कमरा आवंटित किया गया है। भवन पक्का और दो मंजिला है।महाविद्यालय परिसर तक पक्की सड़क की सुविधा उपलब्ध है।आधारभूत सुविधाएं जैसे छात्रों के लिए बाथरूम,खेल का मैदान,शिक्षक कक्ष और लाइब्रेरी के लिए कमरा भी उपलब्ध है। वहीं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो खालिद अहमद ने बताया कि उपस्कर फर्नीचर के लिए जिलाधिकारी स्तर पर बैठक हुई है।जिसमें बताया गया है कि एक जुलाई के पूर्व सभी व्यवस्था हो जाएगी।कक्षा का प्रारंभ पहली जुलाई से होगी।एक शिक्षक पंकज कुमार ने दो दिन पूर्व योगदान दिया है।जबकि कई के स्थानांतरण पदस्थापन की सूचना जारी हो गई है।

### जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने सबलपुर में गंगा तट पर चल रहे कटाव निरोधी कार्य का किया निरीक्षण

**सोनपुर (एनएसबी)** जिलाधिकारी सारण श्री वैभव श्रीवास्तव एवं वरीय पुलिस अधीक्षक सारण श्री विनीत कुमार ने आज सोनपुर प्रखंड के सबलपुर स्थित गंगा नदी के तट पर चल रहे कटाव निरोधी (एंटी फ्लड) कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया तथा कार्य की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि कुल 190 किलोमीटर लंबाई में प्रस्तावित कटाव निरोधी कार्य के विरुद्ध लगभग 140 किलोमीटर क्षेत्र में कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने कार्य की गति बढ़ाते हुए शेष सभी स्थलों पर भी तत्काल कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया। कार्य एजेंसी द्वारा बताया गया कि अतिरिक्तमशीनें अन्य स्थानों से लाई जा रही हैं तथा वे मार्ग में हैं। इस पर जिलाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल को मशीनों की उपलब्धता एवं आगमन का सत्यापन कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने संवेदक को स्पष्ट निर्देश दिया कि कार्य योजना के अनुरूप एक सप्ताह के भीतर कुल 40 मशीनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही कार्यस्थल पर 500 मजदूरों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करते हुए बोल्डरों की आपूर्ति में कई गुना वृद्धि की जाए, ताकि कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर तेजी से पूरा किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि गंगा नदी के जलस्तर में संभावित वृद्धि को देखते हुए कटाव निरोधी कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी कार्य निर्धारित मानकों एवं समय सीमा के अनुरूप पूर्ण किए जाएं। अंचलाधिकारी, सोनपुर को निर्देश दिया गया कि वे कार्य की नियमित निगरानी करें तथा स्थानीय लोगों से प्राप्त फीडबैक के आधार पर प्रतिदिन कार्य प्रगति की जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि आवश्यकतानुसार त्वरित निर्णय लिए जा सकें। निरीक्षण के दौरान कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, अनुमंडल पदाधिकारी, सोनपुर, प्रखंड विकास पदाधिकारी, सोनपुर, अंचलाधिकारी, सोनपुर सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### श्रावणी मेला 2026 : कांवरियों की सुरक्षा और सुगमता की तैयारियों को लेकर सारण के जिलाधिकारी और एसएसपी ने किया पहलेजा घाट व हरिहरनाथ मंदिर मार्ग का निरीक्षण

**सोनपुर (एनएसबी)** आगामी पवित्र श्रावणी मेला 2026 के सफल आयोजन तथा कांवड़िया श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और सुगमता को सुनिश्चित करने के लिए आज सारण के जिलाधिकारी श्री वैभव श्रीवास्तव एवं वरीय पुलिस अधीक्षक श्री विनीत कुमार ने सोनपुर स्थित ऐतिहासिक पहलेजा घाट से लेकर बाबा हरिहरनाथ मंदिर तक के संपूर्ण मेला मार्ग का सघन निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने महत्वपूर्ण पड़ावों पर रुककर स्थानीय अधिकारियों को मुस्तैदी से काम करने और समय सीमा के भीतर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। घाटों पर साफ-सफाई और बुनियादी सुविधाएं स्वच्छता एवं प्रकाश व्यवस्थारू पूरे सावन महीने में पहलेजा घाट पर चौबीसों घंटे साफ-सफाई, पर्याप्त रोशनी (लाइटिंग), चेंजिंग रूम, शौचालय और शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।अस्थायी शौचालयरू पीएचईडी को घाट क्षेत्र में अलग-अलग उपयुक्त स्थानों पर 100 अस्थायी लेकिन उच्च गुणवत्ता वाले शौचालय और घाट की ओर जाने वाले मार्गों पर 50 शौचालय बनाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही इनकी नियमित सफाई के लिए पर्याप्त सफाईकर्मियों की तैनाती की जाएगी। चेंजिंग रूमरू महिला श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए घाट परिसर के अलग-अलग सुरक्षित स्थानों पर पर्याप्त संख्या में चेंजिंग रूम (कपड़े बदलने के कमरे) बनाए जाएंगे। सुरक्षा, बैरिकेडिंग, सुरक्षित घाट व ढलानरू सुरक्षा मानकों के तहत घाटों की उचित स्लोपिंग (ढलान) कराने तथा आवश्यकतानुसार मजबूत बैरिकेडिंग करने के निर्देश दिए गए हैं। पीपा पुलरू सुरक्षा प्रोटोकल का पालन करते हुए नदी में बने पीपा पुल को समय से हटाने का निर्देश दिया गया है। सुरक्षा निगरानीरू पूरे मेला क्षेत्र पर पैनी नजर रखने के लिए वच टवर बनाए जाएंगे और सभी संवेदनशील व उपयुक्त स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे इंस्टल किए जाएंगे। एसडीआरएफ की तैनातीरू किसी भी आपात स्थिति या जलस्तर में उतार-चढ़ाव से निपटने के लिए पहलेजा घाट पर एसडीआरएफ की टीम मुस्तैद रहेगी। यातायात, मार्ग सुढ़ीकरण एवं नियंत्रण कक्ष एकतरफा मार्ग रू श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आने और जाने वाले कांवड़ियों के लिए अलग-अलग रास्ते (पृथक पाथवे) तैयार किए जाएंगे। सड़क मरम्मत और लाइटिंगरू कांवड़ियों के जाने वाले मार्ग के सभी गड्ढों को तुरंत ठीक कर, उन्हें रोलर से समतल किया जाएगा। पूरे मार्ग में लाइटिंग की चाक-चौबंद व्यवस्था होगी। पार्किंग और ड्रप गेटरू वाहनों की सुचारू आवाजाही के लिए पर्याप्त पार्किंग स्थलों को चिन्हित कर वहां स्पष्ट संकेतक लगाए जाएंगे। साथ ही मुख्य बिंदुओं पर ड्रप गेट की व्यवस्था होगी। कंट्रोल रूम व हैंगररू मेला प्रबंधन के लिए एक सुसज्जित केंद्रीय नियंत्रण कक्ष स्थापित होगा। पर्यटन विभाग द्वारा कांवड़ियों की सुविधा के लिए समय रहते विशाल हैंगर (टेंट हाउस) का निर्माण कराया जाएगा। स्वास्थ्य सुविधाएं एवं विशेष काउंटर मेडिकल कैंपरू मेला क्षेत्र में कुल 8 मेडिकल कैंप लगाए जाएंगे, जिनमें से 4 मेडिकल कैंप पहलेजा घाट के अलग-अलग सुलभ स्थानों पर चौबीसों घंटे क्रियाशील रहेंगे। श्डाक बमश् के लिए विशेष व्यवस्थारू लगातार बिना रुके यात्रा करने वाले श्डाक बमश् श्रद्धालुओं के लिए सभी चिन्हित और उपयुक्त स्थानों पर विशेष काउंटर बनाए जाएंगे ताकि उन्हें बिना किसी बाधा के जल संकल्प और आगे बढ़ने की सुविधा मिल सके। जिलाधिकारी का संदेशरू ष्श्रावणी मेले में आने वाले हर एक श्रद्धालु की सुरक्षा और सेवा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। व्यवस्था में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।ष इस महत्वपूर्ण दौरे में जिलाधिकारी और एसएसपी के साथ अनुमंडल पदाधिकारी सोनपुर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सोनपुर, डीसीएलआर सोनपुर, कार्यपालक दंडाधिकारी , प्रखंड विकास पदाधिकारी सोनपुर, अंचलाधिकारी सोनपुर तथा पहलेजा थाना के थानाध्यक्ष समेत अन्य संबंधित विभागों के स्थानीय अधिकारी एवं अभियंता उपस्थित थे।

### सोनपुर मंडल में सेवानिवृत्त कर्मचारियों का समापक भुगतान सह सम्मान समारोह आयोजित

**सोनपुर (एनएसबी)** पूर्व मध्य रेल के सोनपुर मंडल में दिनांक 30 जून 2026 को जून माह में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के लिए मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभा कक्ष में समापक भुगतान सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सामान्य सेवानिवृत्ति प्राप्त कुल 10 कर्मचारियों तथा मृत रेल कर्मचारियों के 02 आश्रितों को मंडल रेल प्रबंधक श्री अमित सरन द्वारा शल एवं पेंशन भुगतान आदेश प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों के दीर्घकालीन योगदान की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ, सुखद एवं सम्मानपूर्ण भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके समापक भुगतान से संबंधित औपचारिकताएँ भी पूर्ण कराई गईं, जिससे उन्हें समयबद्ध एवं सुगम तरीके से सभी देय लाभ उपलब्ध कराए जा सकें। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, वरिष्ठ मंडल लेखा अधिकारी, सहायक कार्मिक अधिकारी, विभिन्न मान्यता प्राप्त यूनियनों के प्रतिनिधि, एससीध्एसटी एसोसिएशन एवं ओबीसी एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सचिव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ग्रामीण विद्यार्थियों को भी मिले महानगरों के समान गुणवत्तापूर्ण आधुनिक शिक्षा : मनोज



**आरा (दैनिक नवसंदा)।** आईआरएफसी की सीएसआर पहल से भोजपुर के दो विद्यालय बनेंगे आधुनिक मडॉल स्कूल। भोजपुर के जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में भारत सरकार के उपक्रम इंडियन रेलवे फाइनेंस कॉर्पोरेशन की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व योजना के अंतर्गत उच्च माध्यमिक विद्यालय, इजरी एवं मध्य विद्यालय, सलेमपुर को अत्याधुनिक मॉडल विद्यालय के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। आईआरएफसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक मनोज कुमार दुबे, एनबीसीसी सर्विसेज लिमिटेड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी, अपर समाहर्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी, एनबीसीसी के आर्किटेक्ट्स एवं तकनीकी विशेषज्ञों की टीम सहित शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने दोनों विद्यालयों के परिसर का विस्तृत सर्वेक्षण किया तथा प्रस्तावित शैक्षणिक भवन, स्मार्ट कक्षाएँ, विज्ञान एवं कंप्यूटर प्रयोगालाएँ, पुस्तकालय, खेल परिसर, स्वच्छ पेयजल, हरित परिसर तथा अन्य आधुनिक आधारभूत सुविधाओं के निर्माण हेतु आवयक तकनीकी बिंदुओं का अवलोकन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आईआरएफसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक मनोज कुमार दूबे ने कहा कि 'ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को भी महानगरों के समान गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक शैक्षणिक सुविधाएँ उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। आईआरएफसी की यह पहल केवल भवन निर्माण नहीं, बल्कि ग्रामीण शिक्षा के भविष्य में महत्वपूर्ण निवेश है। हमें विवास है कि यह मॉडल विद्यालय पूरे बिहार के लिए प्रेरणास्रोत बनेंगे। एनबीसीसी के सुनील पांडेय ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

**आईआरएफसी की पहल से दो विद्यालय बनेंगे आधुनिक मॉडल स्कूल**

# बाइक सवार दंपति को टेलर ने रौंदा, दोनों की गयी जान

दैनिक नवसंदेश

**आरा/गड़हनी (दैनिक नवसंदेश)।** चरपोखरी थाना क्षेत्र के बालबांध सूर्य मंदिर के समीप मंगलवार की सुबह टेलर ने दवा लाने जा रहे बाइक सवार दंपति को रौंद दिया। हादसे में दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद भाग रहे चालक को स्थानीय ग्रामीणों ने दौड़कर दबोच लिया। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों का आक्रो भड़क उठा। आक्रोति ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर बालबांध सूर्य मंदिर के समीप दोनों व को सड़क के बीच रख जाम कर दिया। टेलर का शीशा क्षतिग्रस्त कर दिया। करीब साढ़े पांच घंटे तक जाम रहने के कारण सड़क के दोनों तरफ वाहनों लंबी लाइन लगी रही एवं आवागमन पूरी तरह ठप्प रहा। पुलिस ने लोगों को समझा-बूझाकर जाम हटवाया तब परिचालन रू हो सका। पुलिस ने दोनों वों का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर टेलर को जब्त कर लिया। मृतकों में चरपोखरी थाना क्षेत्र के बहरी गांव निवासी 30 वर्षीय अर्जुन पाल एवं उनकी 25 वर्षीया पत्नी रानी देवी ामिल है। परिजनों ने बताया कि मंगलवार की सुबह वह अपनी पत्नी रानी देवी के साथ दवा के लिए बाइक द्वारा आरा जा रहा था। उसी दौरान बालबांध गांव स्थित सूर्य मंदिर के समीप बेलगाम टेलर ने उन्हें रौंद दिया। जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। उनकी शादी वर्ष 2018 में हुई थी। कोई संतान नहीं थी।

**दवा लाने जा रहे थे निःसंतान दंपति, ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर जाम की सड़क, टेलर का शीश तोड़ा**



# ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण सुरक्षा मानकों के कड़ाई से पालन के दिया निर्देश



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** माधव कुमार सिंह, अपर सचिव-सह अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार, पटना द्वारा ब्लक रोड, आरा स्थित ईवीएमध्वीवीपीएटी वेयरहाउस का त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर सचिव -सह अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारीद्वारा ईवीएम/वीवीपीएटी वेयरहाउस की सुरक्षा में तैनात पुलिस पदाधिकारियों एवं सुरक्षा बलों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सुरक्षा मानकों का अक्षराः अनुपालन सुनिचित करने हेतु आवयक दिाा-निर्दे दिए गए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि ईवीएम/वीवीपीएटी की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं होगी। निरीक्षण के क्रम में ईवीएम वेयरहाउस में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की कार्यीलता, रिकर्डिग व्यवस्था एवं निगरानी प्रणाली की भी जांच की गई तथा इसे निरंतर सुचारु रखने का निर्दे दिया गया। साथ ही भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ईवीएम/वीवीपीएटी मैनुअल के अनुरूप ईवीएम वीवीपीएटी के भंडारण, रख-रखाव एवं सुरक्षा से संबंधित सभी निर्दों का पूर्ण एवं कड़ाई से अनुपालन सुनिचित करने हेतु प्रभारी पदाधिकारी, ईवीएम/वीवीपीएटी वेयरहाउस एवं प्रभारी पुलिस पदाधिकारी को निर्देित किया। विदित हो कि ईवीएम वेयर हाउस में ईसीआईएल द्वारा निर्मित कुल 3276 सीयू, 3659 बीयू एवं 3417 वीवीपीएटी उपलब्ध है। निरीक्षण के अवसर पर धीरज कुमार, नोडल पदाधिकारी ईवीएम, निर्वाचन विभाग, बिहार पटना, उप विकास आयुक्त, सहायक समाहर्ता भोजपुर, पुलिस उपाधीक्षक, उप निर्वाचन पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल आरा, कार्यपालक अभियंता विद्युत, आरा, प्रभारी पदाधिकारी अग्निशमन, अवर निर्वाचन पदाधिकारी आरा सदर, प्रभारी पदाधिकारी ईवीएम, वीवीपैट वेयर हाउस, मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के जिला अध्यक्ष, सचिव, प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### मामूली विवाद में युवक को मारा चाकू

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** नवादा थाना क्षेत्र के जवाहर टोला मोहल्ले में सोमवार की देर रात मामूली विवाद में एक युवक को चाकू मार दी गई। जख्मी को दाहिने साइड सीने पर चाकू लगा है। जख्मी नवादा थाना क्षेत्र के जवाहर टोला मोहल्ला निवासी स्व् दिनो प्रसाद का 30 वर्षीय पुत्र मुन्ना कुमार है।

### नहर में डूब कर से एक बालक की मौत

**गड़हनी (दैनिक नवसंदेश)।** नहर में डूबने से लासाढी गांव में एक बालक का मौत हो गया। बालक लसाडी गांव निवासी संजय र्मा के पुत्र बीगन र्मा बताया जा रहा है। बालक नहर के समीप खेलने चला गया था और डूबने से मौत हो गई।

### घर से भागे प्रेमी-युगल चेन्नई से बरामद

**पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** हसनबाजार थाना के एक गांव से एक सप्ताह पूर्व भागे प्रेमी-युगल को पुलिस ने चेन्नई से बरामद किया है। हसनबाजार थानाध्यक्ष ने बताया कि सहेजनी गांव निवासी राहुल कुमार अपने पडोस की एक नाबालिग किशोरी को शादी का झांसा देकर अपने साथ ले भागा था। इस मामले में किोरी के परिवार वालों द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी के आधार पर पुलिस प्रेमी-युगल की खोजबीन कर रही थी। सोमवार को उनदोनों के चेन्नई में होने की जानकारी मिलने पर पुलिस की एक टीम ने चेन्नई पहुंचकर प्रेमी युगल को बरामद कर लिया है। पुलिस दोनों को अपने साथ लेकर चेन्नई से वापस ला रही है।

### लूट कांड में फरार सात आरोपित गिरफ्तार

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** नवादा थाना पुलिस द्वारा लूटकांड में फरार चल रहे सात आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। उनकी गिरफ्तारी नवादा थाना एवं नगर थाना क्षेत्र इलाके से की गयी। उनके पास विभिन्न कंपनी का छह मोबाइल बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपितों में नवादा थाना क्षेत्र के केजी रोड मुहल्ला निवासी विनोद प्रसाद का पुत्र पुष्कर कुमार, चुन्नू लाल का पुत्र रौन कुमार उर्फ चकलेट, स्व् सुनील सिंह का पुत्र नितिन कुमार, उसी थाना क्षेत्र के अनाइठ कुावाहा धर्माला निवासी जयप्रकाा गुप्ता का पुत्र ंकर कुमार, टाउन थाना क्षेत्र के धरहरा निवासी राहुल पासवान का पुत्र अताि कुमार, इब्राहिम नगर निवासी अरविंद सिंह का पुत्र गोलू महतो उर्फ राहुल कुमार एवं बक्सर जिले के नवानगर थाना क्षेत्र के नवानगर (वर्तमान नवादा थाना क्षेत्र के महाराजा हाता गली नंबर-2) निवासी मनोज पांडेय का पुत्र अंकित पांडेय उर्फ जाली ामिल है। सभी अप्राथमिकी अभियुक्त बताए जा रहे है। बता दें कि बीते 12 मई की ााम जब टाउन थाना क्षेत्र के मारुति नगर मोहल्ला निवासी स्व् तुलसी साव के पुत्र ष्णा प्रसाद पटना से वापस घर लौट रहे थे। इसी क्रम में वे आरा स्टेन पर उतरकर अटो में बैठे। तभी उसी अटो में पहले से बैठे दो अज्ञात बदमाों ने उनके साथ मारपीट ुरु कर दिया। उन्हें अटो से उतार कर पिस्टल के बल पर थाना क्षेत्र के महाराजा कलेज के पीछे मैदान में ले गए। वहां पर ले जाकर के उक्त बदमाों ने उनके रीर के सभी कपड़े व चप्पल खुलवा दिया। कुछ नही मिलने पर उनके गले में रहे सोने का चैन, अंगूठी एवं लकेट लूट लिया थी। थानाध्यक्ष बिपिन बिहारी ने बताया कि इनमें ंकर कुमार, अंकित कुमार पांडेय उर्फ जाली एवं फरार आरोपित विष्णुनंद कुमार उर्फ सुमन का पूर्व में आपराधिक इतिहास रहा है। सभी लूट मामले में आरोपित रहे हैं और जेल भी जा चुके हैं।

### मोबाइल फोन बेचने के नाम पर जालसाजी का मामला उजागर

**पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** हसनबाजार थाना की पुलिस ने मोबाइल फोन बेचने के नाम पर जालसाजी कर रूपये की ठगी करने वाले एक अपराधी गिरोह का पर्दाफाा करते हुए इसके छह सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। ठग गिरोह के सदस्यों ने आनलाइन मोबाइल बेचने का एक मैसेज डालकर पटना के बाकरगंज निवासी पियूष राज को अपनी जाल में फंसाया। पियूष राज ने आनलाइन दिए गए संपर्क नम्बर पर उक्त गिरोह के सदस्यों से बातचीत की तो एक बड़ी कंपनी के मोबाइल के लिए 46 हजार रूपये में सौदा तय हुआ। बाद में मोबाइल देने के लिए गिरोह के सदस्यों ने पियूष राज को पीरो बुलाया फिर वहां से उसे हसनबाजार ले गए। इसके बाद मोबाइल का कागजात देने के बहाने जालसाजों ने पियूष राज को अपनी मोटरसाइकिल पर बैठाकर मोहनी गांव ले गए। वहां छह की संख्या में जालसाजों ने पियूष राज से 46 हजार रुपये ले लिये और उसके साथ मारपीट कर रूपये और मोबाइल लेकर भाग खड़े हुए। भुक्तभोगी पियूष राज ने पहले पीरो मामले की जानकारी बिक्रमगंज पुलिस को दी। चूकि मामला हसनबाजार थाना से संबंधित था इसलिए बिक्रमगंज पुलिस ने जीरो प्राथमिकी दर्ज कर मामले को हसनबाजार थाने में भेज दिया। हसनबाजार पुलिस ने उक्त मोबाइल के इएमई नम्बर व बातचीत के दौरान प्रयुक्त मोबाइल के नम्बर के आधार पर जालसाजों में से पहले एक को मोबाइल के धर दबोचा। बाद में उसके स्वीकारोक्ति ब्यान व निाानदेही पर पीरो निवासी आयुष कुमार व अंाु कुमार उर्फ बुलेट तथा जैसीडीह गांव निवासी विाल कुमार सहित तीन अन्य नाबालिग सदस्यों को गिरफ्तार कर गिरोह का पर्दाफाा कर दिया।

### बाल विकास परियोजना की करेगें जांच की मांग : चंदन कुमार

**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड क्षेत्र में संचालित बाल विकास परियोजना (आईसीडीएस) एक बार फिर गंभीर आरोपों को लेकर चर्चा में है। यह परियोजना केंद्र एवं राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में शामिल है, जिसका उद्देश्य गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं तथा छह वर्ष तक के बच्चों को पोषण, स्वास्थ्य एवं देखभाल संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराना है। लेकिन क्षेत्र में लंबे समय से इस योजना के संचालन में अनियमितता और भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहे हैं। स्थानीय लोगों और आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच यह चर्चा है कि परियोजना में विभिन्न मदों में वित्तीय अनियमितताएं हो रही हैं। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और इनकी सत्यता जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। तथा किसी के सेविका के द्वारा कोई शिकायत भी नहीं की गई है। इतना ही नहीं, बच्चों को मिलने वाले पोषाहार (एफआरएस) की गुणवत्ता और वितरण को लेकर भी लगातार सवाल उठते रहे हैं। कई बार दूध वितरण में गड़बड़ी की शिकायतें भी सामने आई हैं। स्थानीय लोगों का दावा है कि पूर्व में दूध के पैकेट कार्यालय के आसपास गड्ढों और जंगलों में फेंके जाने के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। बावजूद इसके विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाया जाता रहा है। विभागीय स्तर पर केवल स्पष्टीकरण तक ही कार्रवाई सीमित रहने की बात कही जाती है। सूत्रों की माने तो आंगनबाड़ी सेविकाओं परियोजना में हो रही कथित अनियमितताओं के खिलाफ आवाज उठाती है, तो उसे केंद्र से हटाने या कार्रवाई की धमकी दी जाती है। इसी कारण अधिकांश सेविकाएं खुलकर सामने आने से बचती हैं। इसी बीच प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि एवं समाजसेवी चंदन कुमार ने बाल विकास परियोजना पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

# पुलिस को धमकी देने वालों पर प्राथमिकी डिजिटल साक्ष्यों का किया जा रहा परीक्षण

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** चर्चित भरत भूषण तिवारी मुठभेड़ मामले में पुलिस को खुली धमकी और एनकाउंटर की चुनौती देने वाले यूपी निवासी दीपक दीक्षित उर्फ दीपक पंडित पर िकंजा कसने की कवायद तेज कर दी गयी है। आरा साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। उसके द्वारा पुलिस प्राासन के खिलाफ दिये गये धमकीपूर्ण बयान, मीडिया में प्रसारित बाइट डिजिटल सामग्री की तकनीकी एवं विधिक परीक्षण किया जा रहा है। दीपक दीक्षित यूपी के रायबरेली जिले के ाविगढ़ थाना क्षेत्र के डेहली गांव का रहने वाला है। उस पर विभिन्न सोल मीडिया हैंडल के जरिए भोजपुर जिले के पुलिस अधिकारियों के प्रति हिंसा एवं घृणा पैदा के लिए लोगों को उकसाने, भय का माहौल पैदा करने, निर्धारित समय के अंदर पुलिस पदाधिकारियों जान से मारने की धमकी देने, लोक व्यवस्था भंग करने और साजिा के तहत पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों के खिलाफ सुनियोजित तरीके से अभियान चलाने का आरोप लगाया गया है। पुलिस अधीक्षक राज की ओर से प्रेस बयान जारी कर यह जानकारी दी गयी है। दीक्षित द्वारा बिना किसी सत्यापित या विवनीय आधार के पुलिस मुठभेड़ के संबंध में गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं। पुलिस अधिकारियों की छवि धुमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। मीडिया में जारी बयान के जरिए पुलिस अधिकारियों को गोली मारने की खुली धमकी दी जा रही है। दीक्षित के खिलाफ मध्य प्रदे के सीधी थाने में दुष्कर्म और छेड़खानी जैसे दो मामले दर्ज हैं।

**बिलौटी एनकाउंटरः पुलिस को दी गयी थी खुली धमकी**

**यूपी निवासी पर चुनौती देने और हिंसा भड़काने का आरोप**

# अज्ञात युवती की हुई पहचान, आरा के युवक के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** चरपोखरी थाना क्षेत्र के पड़रिया गांव स्थित आहर से मिले अज्ञात युवती के शव की दूसरे दिन पहचान हुई। उसकी पहचान झारखंड के गोड्डा जिले के हनवाड़ा थानाक्षेत्र के विवास रवानी गांव निवासी गुलाबी मंडल की 19 वर्षीया पुत्री अंजू कुमारी के रूप में हुई है।

चरपोखरी थाना क्षेत्र के पड़रिया गांव स्थित आहर से पुलिस ने अज्ञात युवती का शव बरामद किया था। उसका चेहरा एवं शरीर पूरा सड़ा-गला हु था। जिसके बाद चरपोखरी थाना पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया था। लेकिन शव अधिक सड़-गल जाने के कारण उसे पोस्टमार्टम के लिए पटना रेफर कर दिया गया। मृत युवती के पिता गुलाबी मंडल ने बताया कि 26 जून की सुबह करीब नौ बजे वह अपने घर झारखंड से बिना कुछ कहे निकली थी। दो माह पूर्व उनकी बेटी का आरा के सीटू यादव से इंस्टाग्राम के द्वारा संपर्क हुआ था और उनके बीच प्रेम-प्रसंग चल रहा था। उसी से मिलने को लेकर वह अपने घर से आरा आई थी। गोंडा थाना पुलिस द्वारा उन्हें सूचना मिली कि आपकी पुत्री की आरा में हत्या कर दी गई है और उसका शव सदर अस्पताल में है। मंडल द्वारा स्थानीय थाना में सीटू यादव के खिलाफ हत्या का आरोप लगाते हुए नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है।

# भरत तिवारी के ब्रह्मभोज सह श्रद्धांजलि सभा में जुटी भारी भीड़



**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** बिलौटी गांव में मंगलवार को आयोजित भरत तिवारी की श्रद्धांजलि सभा सह ब्रह्मभोज में भारी भीड़ जुटी। बिहार के विभिन्न जिलों के अलावा उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा और झारखंड से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश के किसान संगठनों से जुड़े सैकड़ों लोग निजी वाहनों से कार्यक्रम में शामिल हुए।

कार्यक्रम में कांग्रेस नेता एवं पूर्व विधायक संजय तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी, उद्योगपति अजय सिंह, भाजपा नेता सूर्यभान सिंह, राजेंद्र तिवारी, दुर्गावती चतुर्वेदी, डॉ. राजेश कुमार, जन सुराज नेत्री पद्मा ओझा, मध्य प्रदेश के अधिवक्ता अनिल मिश्रा, हरियाणा कांग्रेस के अतुल वत्स, समाजवादी पार्टी के नेता तथा जिले के कई जनप्रतिनिधियों ने भरत तिवारी को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके अलावा करणी सेना, ब्राह्मण महासभा, पराुराम महासभा सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी श्रद्धांजलि दी। आयोजकों द्वारा भोजन की व्यापक व्यवस्था की गई थी। लोगों को टेबल-कुर्सियों के साथ-साथ फर्श पर बैठाकर भी भोजन कराया गया। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की भी बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। दिन ढलने के साथ आसपास के गांवों और दूर-दराज से आने वाले लोगों की संख्या लगातार बढ़ती गई और शाम तक करीब आठ हजार लोगों ने भोजन ग्रहण किया। हालांकि कुछ लोग भोजन से परहेज करते भी नजर आए।

पूरे दिन बिलौटी गांव और आसपास का इलाका लोगों की आवा-जाही जारी रही। आरा-बक्सर फोरलेन पर सैकड़ों बाइक, कार और अन्य छोटे-बड़े वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। सुबह से शुरू हुआ लोगों के आने का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा। कार्यक्रम में भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। सुरक्षा व्यवस्था के लिए करीब 300 से अधिक महिला एवं पुरुष पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। आसपास के कई थानों की पुलिस बल को भी लगाया गया। इसके अलावा सादे कपड़ों में पुलिसकर्मी पूरे कार्यक्रम के दौरान गतिविधियों पर नजर रखते हुए आवयक सूचनाएं जुटाते रहे।

**सुरक्षा में तैनात रहे 300 से अधिक पुलिसकर्मी**

# कटाव पीड़ित परिवारों के बीच बांटे गए वस्त्र

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** भरत तिवारी के ब्रह्मभोज के अवसर पर उनके माता-पिता ने सामाजिक सरोकार का परिचय देते हुए जवइनियां गांव के कटाव पीड़ित परिवारों के बीच वस्त्रों का वितरण किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कटाव प्रभावित महिला एवं पुरुषों को साड़ी और धोती दी गई। भरत तिवारी की माता आशा देवी व पिता काशीनाथ तिवारी ने कहा कि उनका पुत्र जवइनियां गांव के कटाव पीड़ित परिवारों की समस्याओं और उनके पुनर्वास की लड़ाई लगातार लड़ता रहा। इसी संघर्ष के दौरान उसने अपनी जान की बाजी लगा दी। ऐसे में उसे वापस तो नहीं लाया जा सकता। लेकिन उसके आदर्शों और समाज सेवा की भावना को आगे बढ़ाने का यह एक छोटा-सा प्रयास है। उन्होंने कहा कि यह वस्त्र वितरण उनके पुत्र भरत तिवारी को सच्ची श्रद्धांजलि है। वस्त्र पाकर लाभुकों ने भरत तिवारी के माता-पिता के इस मानवीय पहल की सराहना की तथा दिवंगत भरत तिवारी को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने कहा कि जरूरतमंद परिवारों की सहायता करना दिवंगत की स्मृति को सम्मान देने का सार्थक प्रयास है।



# दूसरी बार प्रमुख बने भाकपा माले के मदन सिंह चन्द्रवंशी

**सहार (दैनिक नवसंदेश)।** सहार प्रखंड प्रमुख दूसरी बार भाकपा माले के मदन सिंह चन्द्रवंशी चुने गये। इसके पहले श्री चन्द्रवंशी 2016 में ढाई साल के लिए प्रखंड प्रमुख बनाये गये थे। पूर्व से निर्धारित समय अनुसार आज एसडीओ कार्यालय आरा में हुए मतदान में 17 समिति सदस्यों में से मदन सिंह को 8 मत और 7 मत विपक्षी उम्मीदवार सिंकु देवी को प्राप्त हुआ। दो मत रद्द हुए जिसमें एक मत सादा और एक मत दोनों उम्मीदवार को दिये गये थे। इस प्रकार दो मत रद्द किया गया। बतातें चलें कि 17 अप्रैल को प्रखंड प्रमुख प्रिय रंजन सिंह उर्फ गुड्डू सिंह के विरूद्ध अविवास प्रस्ताव परित कर प्रखंड प्रमुख के पद से हटा दिया गया। इसके बाद से प्रखंड प्रमुख सहार की कुर्सी खाली थी। आज हुए मतदान में भाकपा माले के प्रखंड प्रमुख मदन सिंह चन्द्रवंशी दूसरी बार चुने गये। बधाई देने वालों में माले सचिव दिलीप कुमार, इमरान अली, राम दत्त राम, पृथ्वी नाथ राम, मोबीन, गणेश ठाकुर सहित अन्य लोग शामिल हैं।



# पेरहाप यज्ञ के जलयात्रा में शामिल हुए सैकड़ों श्रद्धालु

**सहार (दैनिक नवसंदेश)।** पेरहाप स्थित दिव्य देश तोताद्रि मठ में चल रहे श्री लक्ष्मी वेंकटेश प्रतिष्ठात्मक महायज्ञ के तहत मंगलवार को भव्य जलभरी यात्रा निकाली गई। काफी संख्या में श्रद्धालु मठ परिसर में जुटे और गाजे-बाजे, वैदिक मंत्रोच्चार तथा जयघोष के साथ यात्रा खैरा स्थित सोन नदी के लिए रवाना हुए। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान के साथ सोन नदी से पवित्र जल भरकर कला यात्रा के रूप में पुनः मठ परिसर में प्रवेश किया। जलभरी यात्रा की मनमोहक और दिव्य छटा ने सभी श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता रही कि श्री वैष्णव संप्रदाय के विश्वविख्यात एवं परम पूज्य 31वें पीठाधिपति, श्री मधुरकवि वानमामलै रामानुज जीयर स्वामी महाराज, श्री तोताद्रि मठ, नांगुनेरी (तमिलनाडु) स्वयं इस जलभरी यात्रा में शामिल हुए। उनकी उपस्थिति से पूरा आयोजन और भी भव्य, दिव्य एवं अलौकिक बन गया। श्रद्धालुओं ने उनके दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त कर स्वयं को धन्य महसूस किया। उपस्थित श्रद्धालुओं का कहना है कि यह महायज्ञ और इसमें परम पूज्य श्री मधुरकवि वानमामलै रामानुज जीयर स्वामी महाराज की उपस्थिति केवल भोजपुर ही नहीं, बल्कि पूरे बिहार के लिए गर्व, सौभाग्य और आध्यात्मिक गौरव का विषय है। उनका मानना है कि इस ऐतिहासिक आयोजन से भोजपुर की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान को नई उंचाई मिली है। वहीं, दिव्य देश तोताद्रि मठ, पेरहाप के मठाधीश विष्णुचित्ताचार्य जी महाराज से विशेष बातचीत में उन्होंने बताया कि श्री लक्ष्मी वेंकटेश प्रतिष्ठात्मक महायज्ञ का उद्देय वैदिक परंपराओं का संरक्षण, सनातन संस्कृति का प्रचार-प्रसार तथा समाज में आध्यात्मिक चेतना का जागरण करना है।



# सांप्रदायिकता और जातिवाद-वर्णवाद का विरोध करती हैं कहानियां : जितेंद्र कुमार

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** विजेंद्र अनिल की कहानियाँ सामाजिक-राजनीतिक ष्टि संपन्न कहानियाँ हैं। नागरी प्रचारिणी पुस्तकालय के सभागार में जन संस्कृति मंच द्वारा आयोजित कहानीकार के तीसरे कहानी संग्रह 'फर्ज' के लोकार्पण और उस पर बातचीत के कार्यक्रम में कवि-आलोचक जितेंद्र कुमार ने ये विचार व्यक्त किये।

'फर्ज' कहानी संग्रह विजेंद्र अनिल के निधन के उन्नीस वर्ष बाद उनके पुत्र सुनील श्रीवास्तव के प्रयास से प्रकाशित हुआ है। श्रीवास्तव ने पुस्तक प्रकाशन से संबंधित अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि उनकी कहानियों, कविताओं, आलोचनात्मक लेखों और डायरियों का प्रकाशन होना अभी शेष है। अध्यक्षता प्रलेस के राज्य अध्यक्ष प्रो. रवींद्रनाथ राय, जसम के राज्य अध्यक्ष जितेंद्र कुमार, जलेस के प्रो. निलांबुज सरोज और वरिष्ठ कवि जनार्दन मिश्र ने संयुक्त रूप से की। संचालन जसम के जिला सचिव कवि सुमन कुमार सिंह ने किया। सुधीर सुमन ने कहा कि ग्रामीण पृष्ठभूमि की इन कहानियों में समाज के जनवादीकरण का जो संघर्ष है अब वह पूरे देश में लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई से जुड़ गया है।

प्रो. रवींद्रनाथ राय ने कहा कि इन कहानियों के केंद्र में मजदूर और किसान हैं। इनमें निम्न जातियाँ वर्गीय आधार पर एकताबद्ध हैं। रामया अविकल ने कहा कि दलित-पिछड़ों का गांवों में जो दमन हो रहा था, उसके प्रतिरोध में उभरे संघर्ष की चेतना से विजेंद्र अनिल की कहानियाँ रची गयी थीं। प्रो निलांबुज सरोज ने कहा कि इनकी कहानियों को पढ़ते हुए उन्हें लगा कि वे नक्सलवादी आंदोलन के इतिहास की कोई किताब पढ रहे हैं। सच तो यह है कि पहले दलितों की झोपड़ी जल रही थी, आज बुलडोजर चल रहा है। वरिष्ठ कवि जनार्दन मिश्र ने कहा कि विजेंद्र अनिल का संपूर्ण जीवन संघर्षमय रहा। उनकी कहानियों में एक स्वार्थी वर्ग है, जो बेहद क्रूर है, जिसके खिलाफ गरीब-मजदूर जनता वर्गीय संघर्ष करती है। कवि संतोष श्रेयाा ने कहा कि विजेंद्र अनिल की कहानियों में सामंती प्रवृत्ति के खिलाफ प्रतिरोध मिलता है। इतेयाक अहमद ने विजेंद्र से जुड़े संस्मरण सुनाए। संचालक सुमन कुमार सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन सूर्यप्रकाश ने किया।



**विजेंद्र अनिल ने किसान-मजदूरों के बीच रहकर लिखी हैं : प्रो. राय**

**विजेंद्र अनिल के तीसरे कहानी संग्रह 'फर्ज' का लोकार्पण हुआ**

## संक्षिप्त खबरें

### कुर्था नपं में सशक्त स्थाई समिति की बैठक को वार्ड पार्षदों ने किया बहिष्कार

**कुर्था(एनएसबी)।** स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के कुर्था नगर पंचायत में मंगलवार को आहुत सशक्त स्थाई समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें उपमुख्य पार्षद रविंद्र कुमार प्रसाद ने मुख्य पार्षद के मनमानी तरीके से एजेंडा तय करते हुए सिर्फ सशक्त सदस्य से हस्ताक्षर लेकर लूट खसोट का आरोप लगाते हुए। बैठक को बहिष्कार किया। उक्त बातों की जानकारी देते हुए कुर्था नगर पंचायत के उपमुख्य पार्षद रविंद्र कुमार प्रसाद ने प्रेस बयान जारी कर बताया कि वार्ड पार्षद नगीना चंद्रवंशी, शैलेश कुमार व सीमा देवी ने बैठक का बहिष्कार किया है। उन्होंने कहा कि हमलोग सफाई एजेंसी के बारे में कार्यपालक पदाधिकारी से पत्र के माध्यम से जानना चाह रहा था कि सफाई कर्मी रविवार को सफाई क्यों नहीं कर पाते हैं। इस मामले को जांच करते हुए सफाई एजेंसी पर दोषी पाए जाने पर उसे हटाया जाए लेकिन कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा सफाई एजेंसी को पैसे का भी भुगतान भी कर दिया गया जो सरासर गलत है। उन्होंने कहा कि उक्त मामले की निष्पक्ष जांच को लेकर हमलोग अरवल जिलाधिकारी एवं बिहार के मुख्यमंत्री को भी पत्र के माध्यम से इसकी जानकारी देंगे।


बहिष्कार करते वार्ड पार्षद।


### आम उत्पादकों ने राष्ट्रीय मंच पर बढ़ाया जिले का मान, पांच किसान सम्मानित

**मेहंदिया (एनएसबी)।** बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर में 27 एवं 28 जून 2026 को आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय आम समागम-सह-कार्यशाला अरवल जिले के किसानों के लिए गौरवपूर्ण साबित हुई। कृषि विज्ञान केंद्र अरवल के मार्गदर्शन में जिले के 20 प्रगतिशील किसानों ने इस राष्ट्रीय आयोजन में भाग लेकर अपनी मेहनत, नवाचार और उत्कृष्ट आम उत्पादन का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गों में जिले के पांच किसानों को सम्मानित किया गया, जिससे पूरे जिले का मान बढ़ा।कार्यक्रम में अरवल के किसानों ने मल्लिका, कृष्णभोग, रानीपसंद, स्वर्णरेखा, सीपिया सहित कई उन्नत एवं पारंपरिक किस्मों के आमों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई। किसानों द्वारा प्रदर्शित फलों की गुणवत्ता, आकार, रंग, स्वाद और उत्पादन तकनीक की विशेषज्ञों ने जमकर सराहना की। प्रदर्शनी में अरवल के किसानों की भागीदारी अन्य जिलों के किसानों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनी।राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित सम्मान समारोह में केयाल निवासी प्रगतिशील किसान महेंद्र कुमार को बिहार राज्य के जोन-3बी से प्रगतिशील आम उत्पादक सम्मान प्रदान किया गया। वहीं प्रतियोगिता की विभिन्न श्रेणियों में राज खरसा (कलेर) के विश्राम शर्मा, नरही (कुर्था) के अनिल कुमार, शिवम कुमार तथा पैनाठी (कुर्था) के मो. शाहिद अफजल को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। सभी विजेताओं को प्रमाण-पत्र के साथ प्रोत्साहन राशि का चेक भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र, अरवल के विशेषज्ञ डॉ. बिनोद कुमार सिंह किसानों के साथ मौजूद रहे और पूरे कार्यक्रम के दौरान उन्हें तकनीकी मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान किया।कृषि विज्ञान केंद्र, अरवल की वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ. अनीता कुमारी ने सभी सम्मानित किसानों को बधाई देते हुए कहा कि बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर द्वारा आयोजित राष्ट्रीय आम समागम किसानों को नई तकनीकों, उन्नत किस्मों और आधुनिक बागवानी प्रबंधन से जोड़ने का प्रभावी मंच है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से किसानों को आम की उन्नत खेती, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और बेहतर विपणन की जानकारी मिलती है, जिससे उनकी आय में वृद्धि की नई संभावनाएं बनती हैं।उन्होंने बताया कि बिहार के आम को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने की दिशा में यह आयोजन बेहद महत्वपूर्ण है। इससे न केवल आम उत्पादकों को प्रोत्साहन मिलता है, बल्कि कृषि आधारित उद्यमिता, बागवानी विकास और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई मजबूती मिलती है।राष्ट्रीय आम समागम में अरवल के किसानों की उल्लेखनीय उपलब्धि से जिले के अन्य किसान भी आधुनिक तकनीक अपनाकर गुणवत्तापूर्ण आम उत्पादन की ओर प्रेरित होंगे। किसानों का कहना है कि ऐसे आयोजनों से उन्हें सीखने, अपने उत्पाद को राष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित करने और विशेषज्ञों से सीधे संवाद का अवसर मिलता है, जो खेती को अधिक लाभकारी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।


सम्मानित होते किसान।

### जिला अभियोजन समिति की बैठक में लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन पर जोर

**जहानाबाद (एनएसबी)।** जिला अभियोजन समिति की बैठक मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिड़ वाई भूटिया एवं पुलिस अधीक्षक कोटा किरण कुमार के संयुक्त नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक में लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन, अभियोजन कार्यों में गति लाने तथा



न्यायिक प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में अभियोजन कार्यों की प्रगति, न्यायालयों में समय पर अभिलेख एवं गवाहों की उपलब्धता, समन प्रक्रिया तथा विभिन्न मामलों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने सभी सहायक लोक अभियोजकों एवं अभियोजकों को निर्देश दिया कि प्रत्येक माह अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करें तथा लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निपटाया जाए। जिन अधिकारियों का कार्य निष्पादन संतोषजनक नहीं पाया गया, उन्हें कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। बैठक में त्वरित एवं सामान्य विचारण से जुड़े मामलों की नियमित मॉनिटरिंग, न्यायालयों में समय पर गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने तथा अभियोजन से संबंधित प्रतिवेदन एवं पोर्टल एंट्री को नियमित रूप से अद्यतन रखने पर भी विशेष बल दिया गया। पुलिस अधीक्षक कोटा किरण कुमार ने कहा कि अभियोजन कार्यों में बेहतर समन्वय और सतत अनुश्रवण से मामलों के निष्पादन में तेजी आएगी तथा न्यायिक प्रक्रिया और अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बन सकेगी। बैठक में प्रभारी पदाधिकारी, जिला विधि शाखा, सभी सहायक लोक अभियोजक, अभियोजक एवं संबंधित विभागों के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**डीएम और एसपी ने अभियोजन कार्यों में समन्वय बढ़ाने व गवाहों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के दिए निर्देश**

# करपी प्रखंड मुख्यालय पर भाकपा माले-खेग्रामस ने दिया एक दिवसीय धरना

**अरवल (एनएसबी)।** भाकपा माले जनसंगठन अखिल भारतीय ग्रामीण व खेत मजदूर सभा (खेग्रामस) के संयुक्त नेतृत्व में रामापुर, रामकिशुन बिगहा एवं खजुरी के सैकड़ों गरीबों, भूमिहीनों, खेत मजदूरों एवं महिलाओं ने जुलूस निकालते हुए करपी प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। धरना के माध्यम से गरीबों की जमीन, आवास, बासगीत पर्चा, मनरेगा, राशन, पेंशन सहित स्थानीय समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। धरना की अध्यक्षता कॉ. चंद्रशेखर जी ने की। सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले के करपी प्रखंड सचिव कॉ. मिथलेश कुमार यादव, जिला कमेटी सदस्य कॉ. मधेश्वर प्रसाद, कॉ. सुएब आलम एवं कॉ. नीतीश कुमार ने कहा कि सरकार और प्रशासन गरीबों के संवैधानिक अधिकारों की अनदेखी कर रहे हैं। उन्होंने मांग की कि वर्षों से बसे गरीब परिवारों को तत्काल बासगीत पर्चा दिया जाए, गरीबों के घरों पर बुलडोजर चलाना बंद किया जाए, राशन कार्ड से नाम काटने पर रोक लगे, लंबित वृद्धा पेंशन का भुगतान किया जाए तथा मनरेगा में 200 दिनों का रोजगार एवं ₹1000 प्रतिदिन मजदूरी की गारंटी सुनिश्चित की जाए। वक्ताओं ने खजुरी, रामकिशुन बिगहा एवं रामापुर के गरीबों की समस्याओं को उठाते हुए मांग की कि भूमाफिया मनोज सिंह एवं उन्हें संरक्षण देने वाले संजय सिंह के विरुद्ध आपराधिक मुकदमा दर्ज किया जाए। अपराधीझ्रपुलिस गठजोड़ पर रोक लगाई जाए, सभी पात्र गरीब परिवारों को बासगीत पर्चा दिया जाए तथा गरीब-भूमिहीनों को जमीन से बेदखल करने की कार्रवाई तत्काल बंद की जाए। सभा में कॉ. रामाशीष पासवान, कॉ. राम परीक्षण राम सुदामा जी महेंद्र गुप्ता रामविनेश पासवान सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, खेग्रामस के साथी, महिलाएं एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। धरना के उपरांत एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रखंड प्रशासन को मांगपत्र सौंपा। वक्ताओं ने कहा कि यदि सरकार गरीबों का मांग नहीं लागू की तो भाकपा माले एवं खेग्रामस के नेतृत्व में आंदोलन को और तेज किया जाएगा।


धरना प्रदर्शन में शामिल लोग।

## राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस को लेकर जिला आयोजन समिति की बैठक, सभी प्रखंडों में होगा शिक्षकों का प्रशिक्षण



**जहानाबाद।** राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेसझ्र2026 के सफल आयोजन एवं जिले में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मंगलवार को सर्किट हाउस, जहानाबाद में जिला आयोजन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के उपाध्यक्ष उदय शंकर मिश्रा ने की।

बैठक में जिला समन्वयक श्रीकांत शर्मा, जिला शैक्षिक समन्वयक डॉ. प्रवीण दीपक तथा समिति के सदस्य पवन कुमार एवं देवांशु उपस्थित रहे। इस दौरान जिले के अधिकाधिक विद्यार्थियों को राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस से जोड़ने तथा विज्ञान शिक्षा को जन-आंदोलन का स्वरूप देने पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि 4 एवं 5 जुलाई को डायट, सासाराम में आयोजित क्षेत्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला आयोजन समिति के प्रतिनिधि भाग लेंगे। प्रशिक्षण के बाद जिले में राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के प्रभावी संचालन के लिए विस्तृत कार्ययोजना लागू की जाएगी। समिति ने सभी प्रखंडों में चरणबद्ध तरीके से विज्ञान शिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित करने का निर्णय लिया। प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षकों को विज्ञान परियोजना निर्माण, शोध पद्धति तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण से संबंधित आवश्यक जानकारी दी जाएगी, ताकि वे विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों का बेहतर मार्गदर्शन कर सकें। इसके अतिरिक्त जिला स्तर पर भी शिक्षकों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## एनएच-22 पर जाम से मिलेगी राहत, साइनेज, अतिक्रमण हटाने और जलनिकासी के दिए निर्देश



**जहानाबाद (एनएसबी)।** राष्ट्रीय राजमार्ग-22 पर लगातार लगने वाले जाम और यातायात संबंधी समस्याओं के समाधान को लेकर जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिड़ वाई भूटिया ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में साइनेज की व्यवस्था, अवैध अतिक्रमण हटाने तथा रेलवे अंडरपास में जलजमाव की समस्या पर विस्तार से चर्चा की गई।

जिला पदाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता, एनएच-22 को निर्देश दिया कि पूरे राजमार्ग पर आवश्यक स्थानों पर स्पष्ट एवं मानक साइनेज लगाए जाएं। विशेष रूप से विश्व धरोहर स्थल बराबर गुफाओं की ओर जाने वाले मार्गों पर दिशा-सूचक बोर्ड लगाने के निर्देश दिए गए, ताकि पर्यटकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में एनएच-22 किनारे हुए अवैध निमार्णों को चिन्हित कर सूची उपलब्ध कराने का निर्देश भी दिया गया। इसके बाद अनुमंडल प्रशासन, अंचल अधिकारी एवं पुलिस के समन्वय से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। रेलवे अंडरपास में जलजमाव से उत्पन्न जाम की समस्या पर जिला पदाधिकारी ने नगर परिषद को नियमित जलनिकासी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि समय पर जलनिकासी होने से यातायात सुचारु रहेगा और आम लोगों को जाम से राहत मिलेगी।

## डीएचएस समीक्षा बैठक में मातृ-शिशु स्वास्थ्य व टीबी उन्मूलन पर विशेष जोर

**जहानाबाद (एनएसबी)।** जिला स्वास्थ्य समिति (डीएचएस) की मासिक समीक्षा बैठक सोमवार को जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिड़ वाई भूटिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में 100 प्रतिशत प्रथम तिमाही एएनसी पंजीकरण, सभी गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच, उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं (एचआरपी) की सतत निगरानी तथा शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। आशा एवं एएनएम के कार्यों की नियमित समीक्षा तथा खराब प्रदर्शन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए। जिला पदाधिकारी ने निजी अस्पतालों में बढ़ रहे सी-सेक्शन प्रसव का ऑडिट कराने, अनावश्यक रेफरल रोकने तथा रेफरल अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही एचएमआईएस एवं भव्या पोर्टल पर शत-प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में टीबी उन्मूलन अभियान, उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह की स्क्रीनिंग, पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) की बेड ऑक्यूपेंसी बढ़ाने, डेंगू एवं मौसमी रोगों की रोकथाम, एम्बुलेंस सेवा, गुणवत्ता सुधार तथा एनक्यूएएस मानकों के अनुपालन की भी समीक्षा की गई।



## जनसंघ की विचारधारा के समर्पित प्रहरी थे स्व. अंशुमान शर्मा, सातवीं पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

**शहरतेलपा (एनएसबी)।** जनसंघ के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व राज्यपाल स्व. कैलाशपति मिश्र के निकट सहयोगी, लोकनायक जयप्रकाश नारायण के आंदोलन के सक्रिय सेनानी तथा सामाजिक जीवन में अपनी सादगी, संगठन क्षमता और राष्ट्रनिष्ठा के लिए पहचान रखने वाले स्व. अंशुमान शर्मा की सातवीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। शहर के आनंद विहार होटल में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में राजनीतिक, सामाजिक एवं प्रबुद्ध लोगों ने भाग लेकर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए और उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया। कार्यक्रम के अध्यक्षता भाजपा नेता कुशवाहा चंदन एवं संचालन भास्कर कुमार ने किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुर्था के विधायक पप्पू वर्मा लॉर्ड बुद्धा एजुकेशन पब्लिक स्कूल औरंगाबाद के मैनेजिंग डायरेक्टर शिक्षाविद डॉक्टर धनंजय शर्मा जनता दल यूनाइटेड के जिला अध्यक्ष अनंत वर्मा आकाश तेजस्वी पैक्स अध्यक्ष दिलीप कुमार भाजपा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष दीपक शर्मा भाजपा नेता रवि शर्मा विद्यार्थी परिषद के अमर कृति समेत कई लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। सभी लोगों ने कहा कि स्व. अंशुमान शर्मा उन विरले व्यक्तित्वों में शामिल थे, जिन्होंने राजनीति को केवल सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की सेवा का सशक्त माध्यम माना। जनसंघ के शुरूआती दौर में उन्होंने संगठन को मजबूत करने के लिए गांव-गांव तक संपर्क अभियान चलाया और निष्ठावान कार्यकताओं की एक मजबूत टोली तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संगठन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और कार्यशैली के कारण वे स्व. कैलाशपति मिश्र के अत्यंत विश्वसनीय सहयोगियों में गिने जाते थे। वक्ताओं ने कहा कि स्व. शर्मा का पूरा जीवन सादगी, अनुशासन और राष्ट्रहित के प्रति समर्पण का उदाहरण रहा। उन्होंने हमेशा विचार आधारित राजनीति को प्राथमिकता दी और कार्यकताओं को पद से अधिक संगठन के लिए काम करने की प्रेरणा दी। उनका मानना था कि मजबूत संगठन ही लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत होता है। यही कारण है कि उन्होंने अपना अधिकांश समय कार्यकताओं के बीच रहकर संगठन विस्तार और वैचारिक मजबूती में लगाया। श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में चले आंदोलन में उनकी सक्रिय भूमिका का भी उल्लेख किया। कहा गया कि लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए उन्होंने संघर्ष का रास्ता चुना और विपरीत परिस्थितियों में भी अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया। उनका जीवन नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। राष्ट्रहित, सामाजिक समरसता और जनसेवा के प्रति उनकी सोच आज भी प्रासंगिक है।वक्ताओं ने कहा कि स्व. अंशुमान शर्मा का व्यक्तित्व एक विशाल वटवृक्ष के समान था। उनके सान्निध्य में अनेक युवाओं ने सार्वजनिक जीवन की शुरूआत की और संगठन में कार्य करने की प्रेरणा प्राप्त की। उन्होंने कभी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा को प्राथमिकता नहीं दी, बल्कि संगठन और समाज के हित को सर्वोपरि रखा। यही कारण है कि उनके निधन के वर्षों बाद भी लोग उन्हें पूरे सम्मान और आत्मीयता के साथ याद करते हैं।


श्रद्धांजलि सभा में भाग लेते लोग।

## बालू लदे ट्रैक्टर ने बाइक सवार को रौंदा, कपड़ा व्यवसायी की मौत घायल को बचाने पहुंचे युवक की भी हालत गंभीर

**मेहंदिया (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के पहाड़पुर मोड़ स्थित एनएच-139 पर मंगलवार की सुबह तेज रफ्तार बालू लदे ट्रैक्टर की टक्कर से एक कपड़ा व्यवसायी की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद घायलों को अस्पताल पहुंचाने में जुटे एक युवक की भी अचानक तबीयत बिगड़ गई और वह बेहोश होकर गिर पड़ा। दोनों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार, अरई गांव निवासी छोटू साव एवं सुधीर कुमार प्रतिदिन की तरह मंगलवार की सुबह कलेर स्थित अपनी कपडा की दुकान खोलने जा रहे थे। छोटू साव की कलेर बाजार में "अनु वस्त्रालय" नाम से कपड़े की दुकान है, जिसे वह रोजाना गांव से आकर संचालित करते थे। जैसे ही दोनों पहाड़पुर मोड़ स्थित एनएच-139 के पास पहुंचे, पीछे से आ रहे तेज रफ्तार बालू लदे ट्रैक्टर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि चालक ट्रैक्टर लेकर मौके से हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों और पुलिस के सहयोग से दोनों घायलों को तत्काल कलेर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद छोटू साव को मृत घोषित कर दिया, जबकि सुधीर कुमार की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

इसी दौरान ग्राम बरई निवासी अरुण चंद्रवंशी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराने और उनकी मदद में जुटे हुए थे। लगातार भागदौड़ और घटनास्थल की स्थिति देखकर उनकी अचानक तबीयत बिगड़ गई और वे बेहोश होकर गिर पड़े। चिकित्सकों ने उनकी हालत भी गंभीर देखते हुए उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। स्पष्ट है कि अरुण चंद्रवंशी सड़क दुर्घटना में घायल नहीं हुए थे, बल्कि घायलों को अस्पताल पहुंचाने के दौरान उनकी तबीयत खराब हुई। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन लेकर फरार हो गया है। पुलिस ट्रैक्टर और उसके चालक की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों ने एनएच-139 पर बालू लदे ट्रैक्टरों की तेज रफ्तार और लापरवाही पर रोक लगाने की मांग की है।



घटनास्थल पर लगी लोगों की भीड़।

## कुपोषण मुक्त जहानाबाद अभियान में तेजी लाने के निर्देश, डीएम ने जताई नाराजगी

**जहानाबाद (एनएसबी)।** जिले में कुपोषण की रोकथाम एवं पोषण सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिड़ वाई भूटिया की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में आईसीडीएस की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पोषण संबंधी गतिविधियों, अति गंभीर कुपोषित एवं मध्यम कुपोषित बच्चों की स्थिति तथा पोषण पुनर्वास केंद्र के कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि जून 2026 में जिले से केवल एक बच्चे को ही घोषी स्थित पोषण पुनर्वास केंद्र भेजा गया। इस पर जिला पदाधिकारी ने गहरी नाराजगी जताते हुए जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, आईसीडीएस, सभी सीडीपीओ एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं को निर्देश दिया कि स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर पात्र बच्चों की शीघ्र पहचान कर उन्हें एनआरसी भेजना सुनिश्चित करें। जिला पदाधिकारी ने सभी एसएएम एवं एमएएम बच्चों का शत-प्रतिशत सत्यापन, पोषण ट्रैकर पर अद्यतन डेटा, नियमित स्वास्थ्य जांच, वजन एवं लंबाई मापन तथा पोषण परामर्श सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। चिकित्सकीय जटिलता वाले बच्चों को तत्काल एनआरसी में भर्ती कराने तथा एमएएम बच्चों को गृह आधारित पोषण एवं स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ देने पर भी बल दिया गया। बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि जिले की सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं को 10 जुलाई 2026 तक पोषण ट्रैकर के संचालन एवं उपयोग का अनिवार्य प्रशिक्षण दिया जाए, ताकि बच्चों का डेटा समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से अपडेट हो सके। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि कुपोषण उन्मूलन में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।